# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 30 मई 2025 शुक्रवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 13 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1968 : दारा सिंह ने पहलवानी में विश्व चैंपियनशिप अपने नाम की।
1970 : सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1987 : भारत के पांचवें प्रधानमंत्री एवं किसानों के प्रखर नेता चौधरी चरण सिंह का निधन।
2007 : जापान की रियो मोरी मिस यूनिवर्स बनीं।
1999 : नाइजीरिया में नागरिक सत्ता की स्थापना हुई।
1999 : 'डिस्कवरी' अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र से जुड़ा। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला अंतरिक्ष यान था।

# पीएम मोदी के रोड शो में ऑपरेशन सिंदूर की गूंज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। यहां आने के बाद पीएम मोदी ने पटना में रोड शो किया और फिर पार्टी ऑफिस में भाजपा नेताओं से मिले। इसके पूर्व एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक लगभग साढ़े पांच किलोमीटर के रोड शो में 'ऑपरेशन सिंदूर' की चर्चा हर तरफ है। सड़कों पर महिलाओं और युवाओं की भारी भीड़ दिखाई दे गयी। लोगों ने डमरू और ढोल बजाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। पीएम मोदी की गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में लोगों का गजब का उत्साह देखने को मिला। पीएम मोदी जिस-जिस रास्ते से होकर गुजरे, वहां दोनों तरफ लोगों की लंबी कतार लगी रही। वे 'पीएम मोदी जिंदाबाद' और 'मोदी-मोदी' के नारे

## पीएम ने किया पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उदघाटन व बिहटा के नये एयरपोर्ट का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के दो दिवसीय दौरे पर गुरूवार को शाम करीब 4 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं सम्राट चौधरी समेत बिहार के कई मंत्रियों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद शाम 5 बजे पीएम मोदी ने पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही बिहटा में बन रहे एयरपोर्ट में यात्री टर्मिनल भवन का भी शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री का यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला बिहार दौरा है। बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण कुल



116 एकड़ में होना है जिसकी लागत लगभग 1400 करोड़ के आसपास बताई जा रही है। इसमें टर्मिनल, रनवे और कई अन्य भवनों का निर्माण शामिल है। इसका निर्माण कार्य रूस की कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक रोड शो के लिए निकले।

# बाराती गाड़ी पलटने से चार बच्चों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के तरहसी-पदमा मुख्य पथ पर बसदेवा तिरवा गांव में बुधवार देर रात पिकअप बाराती वाहन व पिकअप डीजे वाहन में सीधी टक्कर हो गयी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गयी। सभी मृतक नाबालिग हैं, जबकि 11 लोग घायल हैं। सभी घायलों को तरहसी स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर किया गया। घटना के समय पिकअप वाहन में 15 लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार मनातू से पसिया चुनका गांव के शिवनाथ सिंह चेरो के बेटे की बारात लेस्लीगंज बोहिता गांव जा रही थी। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहा डीजे लदा पिकअप सवारी वाहन ने बारातियों से भरी गाड़ी को टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाराती पिकअप गाड़ी पलट गया। मौके पर ही दो बच्चों ने दम तोड़ दिया। जबकि दो बच्चों की मौत इलाज के दौरान मेदिनीनगर एमएमसीएच में हो गयी। फिलहाल




एमएमसीएच में ही सभी घायलों का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि घटना डीजे लदा वाहन से आ रही तेज लाइट आंख पर पड़ने के कारण घटी। वहीं दुर्घटना के बाद डीजे लदा वाहन तरहसी से पदमा की ओर फरार हो गया। मृतकों में चेरो नवा गांव मनातू का रहने वाला 15 वर्षीय बच्चू कुमार और 14 वर्षीय चंदन कुमार यादव पसिया के अलावा दो नाबालिग शामिल हैं। वहीं घायलों में 12 वर्षीय शक्ति भुईयां, 15 वर्षीय पवन कुमार, 14 वर्षीय बिट्टू सिंह, 36 वर्षीय संजय कुमार, 32 वर्षीय मनोज कुमार, 24 वर्षीय बिक्रम कुमार, 19 वर्षीय कंचन कुमार, 26 वर्षीय सुधीर कुमार, 17 वर्षीय राजेश सिंह, 16 वर्षीय मनदीप और 15

- **शादी के घर में पसरा मातम**
- **घटना में 11 लोग घायल**
- **दो बच्चों की मौत घटनास्थल पर ही, जबकि दो कि मौत इलाज के दौरान हुई**

वर्षीय सकेंद्र कुमार के नाम शामिल हैं। घटना के वक्त सभी पिकअप वाहन के ऊपर बैठे थे। वहीं, टक्कर के बाद वाहन पलटने से उस पर बैठे लोग वाहन के नीचे आ गये। हादसे में दूल्हे के चचेरे भाई सहित 4 नाबालिगों की मौत हो गयी। इनमें से दो बच्चों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। सूचना मिलने के बाद तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# पत्नी संग तीर्थयात्रा पर निकले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन संग तीर्थ यात्रा पर जा रहें है। सीएम उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम जायेंगे। तीर्थ यात्रा के लिए मुख्यमंत्री गुरुवार को पत्नी संग रांची से निकलें हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा कर 1 जून को वापस रांची लौटेंगे। जानकारी के अनुसार सीएम रांची से दिल्ली गये है, वहां से वे उत्तराखंड के लिए रवाना होंगे। सीएम की अनुपस्थिति में कल 30 मई को 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। हालांकि इस बैठक के लिए सीएम ने कल बुधवार को ही वित्त मंत्री समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें 16वें वित्त आयोग के समक्ष की जाने वाली सिफारिशों को लेकर विचार-विमर्श किया गया था। साथ ही कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिये गये थे।

# 2047 तक दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनेगा भारत : संजय सेठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा है कि 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प है। यह संकल्प भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने का है। इसी कड़ी में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया है। श्री सेठ गुरुवार को मोरहाबादी स्थिति दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र व आत्मा के संयुक्त तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। श्री सेठ ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान देश के 731 कृषि विज्ञान केंद्र, 113 आइसीएआर संस्थान एवं 2170 वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के बीच सीधा संवाद कर कृषि के उन्नत तकनीक की जानकारी दी जायेगा। इससे पहले श्री सेठ ने अभियान में प्रयुक्त वाहन को हरी झंडी दिखायी। यह कार्यक्रम कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आइसीएआर अटारी, पटना, जोन- चार के दिशा निर्देश में किया गया। सिल्ली विधायक अमित कुमार ने रांची जिले में कृषि विज्ञान केंद्र



के द्वारा उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। जिला कृषि पदाधिकारी रमाशंकर प्रसाद ने विकसित कृषि संकल्प अभियान में सरकार की विभिन्न योजनाओं, मिट्टी स्वास्थ कार्ड बना कर किसानों को उचित खाद का उपयोग किये जाने की जानकारी दी। रामकृष्ण मिशन सचिव स्वामी भवेशानंद ने स्वामीजी के सपनों को पूरा करने में किसानों की अहम भूमिका होने तथा प्राकृतिक खेती के द्वारा कृषि में लागत कम करने, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में आइसीएआर के वैज्ञानिकों द्वारा धान, लाह एवं सब्जियों की खेती की तकनीकी जानकारी दी गयी। इफ्को के चंदन कुमार ने धान एवं अन्य फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग कर 10-15 प्रतिशत उपज में वृद्धि होने की जानकारी दी। इस अवसर पर किसानों के बीच इफ्को द्वारा किट का वितरण किया गया। वरीय वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिंह ने आगंतुकों का स्वागत किया। संचालन प्रफुल्ल व धन्यवाद ज्ञापन ओपी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ राघव ठाकुर, डॉ सुरेश कुमार, डॉ सुदर्शन विश्वास सहित रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 350 किसान उपस्थित थे।

# नदी में नहाने गई तीन बच्चियां डूबीं, मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा में गुरुवार की शाम नदी में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। घटना गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत औराही एकपरहा पंचायत के बेलही गांव की है। मृत बच्चियों की पहचान बेलही वार्ड संख्या 13 निवासी मुकेश कुमार (फौजी) की बेटी रिचा कुमारी (9) शिवनारायण यादव की बेटी प्रेमलता कुमारी (11) और मुकेश कुमार की बेटी अंशु कुमारी (9) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब पांच बजे तीनों बच्चियां अपने कुछ साथियों के साथ घर के पास स्थित बेलही पुल के किनारे खेल रही थी। खेल-खेल में वे सभी नदी में नहाने चली गई। नदी में पानी अधिक गहरा होने के कारण तीनों बच्चियां डूबने लगीं। साथ में नहा रही एक अन्य बच्ची ने जब उन्हें डूबते देखा तो शोर मचाकर परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चियों को खोजने का प्रयास शुरू



किया। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने सभी बच्चियों को नहर से बाहर निकाला गया और तत्काल गम्हरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही गम्हरिया थानाध्यक्ष अकमल हुसैन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा भेज दिया है। घटना के बाद प्रखंड प्रमुख शशि कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रूपेश कुमार सिंह तथा समाजसेवी रवींद्र यादव ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# बिहार अल्पसंख्यक आयोग का गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पटना और रोहतास में उनका कार्यक्रम है। पीएम के पटना आगमन से ठीक पहले पहले नीतीश सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर दिया है। जदयू के गुलाम रसूल बलियावी को अध्यक्ष बनाया गया है जबकि लखविंदर सिंह और मौलाना उमर नूरानी को उपाध्यक्ष के साथ आठ सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। बिहार अल्पसंख्यक आयोग के सदस्यों में मुकेश कुमार जैन, अफरोजा खातून, अशरफ अली अंसारी, मोहम्मद शमशाद आलम, तूफ़ेल अहमद खान कादरी, शिशिर कुमार दास, राजेश कुमार जैन और अजफर शमशी को जगह दी गई है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के रूप में मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल प्रभार ग्रहण की तिथि से अगले 3 वर्षों के लिए होगा। जो जानकारी मिल रही है, उसके मुताबिक सवर्ण आयोग का भी गठन सरकार की ओर से किया गया है। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पद पर गुलाम रसूल बलियावी का नाम चौंकाने वाला है, क्योंकि वक्फ संशोधन विधायक के बाद बलियावी नाराज चल रहे थे और उन्हें खुश करने की कोशिश नीतीश कुमार की तरफ से की गई है।

# हर्ष फायरिंग में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चतरा।** जिले में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग की गई। इस दौरान एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई। यह घटना प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बरवा कोचवा गांव में हुई। गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र से एक बारात आई थी। बारातियों द्वारा डांस करने के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में एक युवक के गर्दन में गोली लग गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना ने न केवल परिवार को सदमे में डाल दिया, बल्कि पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। जानकारी के अनुसार शादी समारोह में बारातियों का उत्साह चरम पर था। नाच-गाने और उत्सव के माहौल के बीच कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक युवक को गोली लग गई। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बारात में मौजूद लोग स्तब्ध रह गए और परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही प्रतापपुर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि फायरिंग किसने और किन परिस्थितियों में की। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि हथियार लाइसेंसी था या अवैध। इस घटना ने एक बार फिर हर्ष फायरिंग के खतरों को उजागर किया है। सामाजिक समारोहों में बंदूक चलाने की प्रथा अक्सर जानलेवा साबित होती है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसी गतिविधियों से बचें और सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

# चुनावी प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए शुरू कीं कई पहलें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने पिछले 100 दिनों में मतदाता अनुभव को बेहतर बनाने और चुनाव प्रबंधन को अधिक सुगम व प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से 21 अहम पहलें शुरू की हैं। ये पहलें प्रक्रियात्मक सुधार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय जुड़ाव को समाहित करती हैं। ये प्रगति उस दिशा में एक मजबूत कदम है जिसकी रूपरेखा 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के साथ तैयार की गई थी। मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में आयोग की नई दृष्टि



प्रस्तुत की। मतदान केंद्रों पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या को 1500 से घटाकर 1200 किया गया है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों जैसे हाईराइज़ बिल्डिंग्स और कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाए जाएंगे ताकि कोई भी मतदाता 2 किमी से अधिक दूरी तय न करे। मतदाता सूचना पर्चियों को अब और स्पष्ट बनाया गया है। मतदान केंद्रों पर मोबाइल जमा सुविधा की व्यवस्था की जा रही है। उम्मीदवारों द्वारा लगाए जाने वाले बूथ अब मतदान केंद्र परिसर से 100 मीटर की दूरी पर स्थापित किए जा सकेंगे, जो पहले 200 मीटर थी। आयोग ने इसीनेट नामक एक एकीकृत डैशबोर्ड विकसित किया है जो 40 से अधिक मौजूदा ऐप्स और वेबसाइट्स को एक स्थान पर समाहित करता है। इसका उपयोग आगामी उपचुनावों में आरंभ होगा और बिहार विधानसभा चुनाव तक पूर्ण रूप से लागू हो जाएगा। मृत मतदाताओं के नाम हटाने के लिए रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से प्राप्त मृत्यु पंजीकरण डेटा को सीधे एकीकृत किया जाएगा, जिसे क्षेत्रीय सत्यापन के पश्चात अपडेट किया जाएगा।

# देवघर पहुंची वित्त आयोग की टीम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर।** झारखंड दौरे पर पहुंची वित्त आयोग की टीम गुरुवार को देवघर पहुंची। देवघर पहुंचने से पहले बुधवार को रांची में अधिकारियों के साथ बैठक हुई और फिर देवघर दौरे पर आए। इसके लिए जिला प्रशासन की टीम ने एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। इस अवसर पर वित्त आयोग की टीम के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया का स्थानीय कलाकारों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। वित्त आयोग की टीम को रिसीव करने के लिए देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, एसडीओ रवि कुमार, एसडीपीओ अशोक सिंह, सदर डीएसपी वेंकटेश प्रसाद, सी.सी.आर डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद सहित तमाम पुलिस अधिकारी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। एयरपोर्ट से निकलने के बाद आयोग के अध्यक्ष और उनकी पूरी टीम देवघर



सर्किट हाउस पहुंची। वहां से थोड़ी देर बाद बाबा धाम मंदिर पहुंचे। यहां कड़ी सुरक्षा के बीच अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने अपने परिवार के साथ पूजा की और पूरे देश के बेहतर भविष्य की कामना की। इसके बाद आयोग की टीम देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ के ग्रामीण जनप्रतिनिधि के साथ बैठक करेगी, जिसमें संथाल क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास पर चर्चा होगी। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिले से संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। देवघर पहुंचने के बाद टीम ने मीडिया से फिलहाल कोई बात नहीं की। हालांकि उनके साथ मौजूद अधिकारियों ने इतना जरूर कहा कि बैठक के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## इंजीनियर की मिली लाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गढ़वा।** गढ़वा में गुरुवार की सुबह बारात में आए यूपी के एक इंजीनियर की लाश कुएं से मिली है। वह अपने दोस्तों के साथ ओबरा (यूपी) से सीधे गढ़वा आए थे। घटना बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के सिंहपुर स्थित मर्चवार गांव की है। मृतक की पहचान सोनभद्र जिले के ओबरा में बिजली विभाग में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत विकास विश्वकर्मा (32) के रूप में की गई। वे अंबिकापुर, गांधीनगर निवासी रामाशीष विश्वकर्मा के बेटे थे। विकास अपने भाई के दोस्त की बारात आए थे। वो डंडई प्रखंड के महूडंड गांव के कैलाश ठाकुर के पुत्र राकेश कुमार ठाकुर के सिंहपुर मर्चवार गांव में प्रमोद ठाकुर के यहां हो रही शादी में गए थे। ग्रामीणों के अनुसार, विकास विश्वकर्मा अपने दोस्तों के साथ बारात में डांस कर रहे थे। इसी क्रम में वह मध्य रात्रि में अचानक गायब हो गए।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in


C M Y K

संक्षिप्त समाचार

## बिहार के इन 20 जिलों में सड़क और पुल बनाने की मोदी सरकार ने दे दी मंजूरी

■ 300 करोड़ से ज्यादा होगा खर्च



**पटना, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने चंपारण, बांका, पटना सहित बिहार के 20 जिलों में सड़क-पुल के निर्माण से जुड़ी 367.94 करोड़ की योजनाओं की मंजूरी दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इन योजना की डीपीआर भी मंजूर हो गई है। इन योजनाओं से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बुधवार को उपमुख्यमंत्री ने बिहार के गांवों का कायाकल्प करने वाली निर्माण योजनाओं को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। सम्राट चौधरी ने बताया कि 367.94 करोड़ की योजना में बिहार सरकार 153.94 करोड़ खर्च करेगी। पश्चिम चंपारण के रामनगर प्रखंड में नारा नदी पुल से खतौनी रोड तक 268.32 मीटर लंबे आरसीसी पुल के निर्माण को 23.6079 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-ढ्ढढ्ढ अन्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बिहार के अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, भोजपुर, सारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, पटना, समस्तीपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली और पश्चिम चम्पारण में कुल 5 ग्रामीण सड़क (33.65 किमी) और 103 पुलों (3891.71 मीटर) के निर्माण की स्वीकृत मिली है। डबल इंजन सरकार की यह पहल गांवों को शहरों से जोड़ने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि सुविधाओं तक ग्रामीणों की पहुंच बहुत आसान हो जाएगी।

## भारतीय संस्कृति में दिनोदिन हो रही गिरावट : हीरामणि

**भागलपुर, एजेंसी।** आज भारतीय संस्कृति में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके पीछे पश्चिमी सभ्यता हावी हो गई है। आज हमारे घरों में टीवी और मोबाइल लैपटॉप अपने धर्म पर अपना आधिपत्य जमाना प्रारंभ कर दिया है। इससे बचने की आवश्यकता है। ये बातें हरि नाम संकीर्तन समिति द्वारा आयोजित 41 वें वार्षिक आध्यात्मिक समारोह के अवसर पर आयोजित गंगुली पार्क में रामकथा एवं सुंदरकांड पारायण महायज्ञ में बनारस से पधारीं मानस कोकिला हीरामणि मानस भारती ने कही। भगवान शंकर और माता पार्वती के विवाह प्रसंग पर अपना प्रवचन करते हुए कहा कि आज सफल दाम्पत्य का आधार पारस्परिक निश्छल प्रेम है। कार्यक्रम में हिमांशु मोहन मिश्रा दीपक, द्वारा गाये भजन पर दर्शक देर रात्रि तक झुमते रहे। आयोजन के संयोजक कौशल कुमार मिश्रा ने संचालन किया।

## महिला बोगी में सफर करने वाले पुरुषों को जुर्माना

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर से खुलने वाली आधा दर्जन मेमू ट्रेनों में बुधवार को आरपीएफ ने महिला बोगियों में छापेमारी की। इस दौरान उसमें सवार पुरुषों में अफरातफरी मच गयी। वे लोग बोगी से कूदकर भागने लगे। लेकिन, आरपीएफ ने 11 पुरुषों को दबोच लिया गया। उनके खिलाफ रेल एक्ट के तहत केस दर्ज कर जुर्माना वसूला गया और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरपीएफ इंस्पेक्टर मनीष कुमार ने बताया कि इस प्रकार की जांच और छापेमारी लगातार की जा रही है। कभी सेक्शन तो कभी स्टेशन पर के प्लेटफॉर्मों पर जांच की जाती है।

## उपयोगिता नहीं देने पर शोकॉज

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** डीईओ अजय कुमार सिंह ने उच्च विद्यालय धरफरी के प्रधानाध्यापक को योजना लेखा के विभिन्न मदों में उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं देने पर शोकाज किया है। डीईओ ने प्रधानाध्यापक को भेजे पत्र में कहा है कि बिहार दर्शन योजना के तहत वर्ष 2016-17, 2017-18 का उपयोगिता प्रमाणपत्र कई रिमाइंडर के बाद भी जमा नहीं किया गया है। यह विभागीय निर्देश की अवहेलना है। प्रधानाध्यापक को तीन दिन में उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा करने का निर्देश दिया है।

## ई-रिक्सा से बैटरी चोरी करते एक धराया

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर थाना इलाके के मझौलिया में मंगलवार की रात स्थानीय लोगो ने ई-रिक्शा से बैटरी चोरी करते रंगेहाथों एक चोर को धर दबोचा। उसकी पहचान मोहम्मद तैयब के रूप में हुई है। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस उसे पकड़कर कर ले गई। बताया जा रहा है कि तैयब रात में घरों में लगे गाड़ियों से बैटरी चोरी करता था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने केंद्र-राज्य सरकार को लिखा पत्र

# गंगा नदी पर बने पुल का नाम दिनकर सेतु करने की मांग

**बोले- यह इस क्षेत्र की जनभावना है**

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय के सिमरिया में गंगा नदी पर नवनिर्मित सिक्स लेन सड़क पुल एवं निर्माणाधीन डबल लाइन रेल पुल का नाम दिनकर सेतु रखने की मांग तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन को इस संबंध में एक पत्र भेजा है। गिरिराज सिंह ने कहा, बेगूसराय और पटना को जोड़ने वाला सिमरिया-औंटा नया पुल बनकर तैयार है।

यह पुल सिर्फ दो जिलों को नहीं, बल्कि गति, समृद्धि और गौरवशाली परंपरा को जोड़ता है। इस ऐतिहासिक पुल के निर्माण के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का दृढ़ संकल्प है। इसके लिए हृदय से आभार। हमने केंद्र और राज्य सरकार से इस पुल का नामकरण राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर किए जाने का निवेदन किया है। यह पुल दिनकर जी की जन्मभूमि बेगूसराय को राजधानी पटना से जोड़ता है। ऐसे में यह रामधारी सिंह दिनकर सेतु कहलाए, यही इस क्षेत्र की जनभावना है। आगे की कार्रवाई के लिए बेगूसराय के डीएम से भी चर्चा की गई है। गिरिराज सिंह ने कहा, बिहार के बेगूसराय और पटना जिलों को जोड़ने वाले सिमरिया-औंटा नवनिर्मित पुल क्षेत्रीय विकास और राष्ट्रीय अवसंरचना के इतिहास में एक मील का पत्थर है।



### यह पुल क्षेत्रीय समृद्धि का आधार बनेगा

यह पुल क्षेत्रीय समृद्धि का आधार बनेगा और लोगों के जीवन में न केवल भौगोलिक दूरी, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक असमानताओं को भी पाटने का काम करेगा।यह पुल इस क्षेत्र के लिए महज एक परियोजना नहीं है। बल्कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्मभूमि को राजधानी पटना से जोड़ने के कारण इसका सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व भी है। इसलिए पुल का नामकरण राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर सेतु के रूप में किया जाए। राष्ट्रकवि को समर्पित नामकरण दिनकर जी के प्रति हमारी सामूहिक श्रद्धांजलि होगी। इसके साथ ही यह नाम उनकी महान कृतियों और विचारों को आने वाली पीढ़ियों तक ले जाने का माध्यम बनेगा। उनके साहित्य ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता में अमूल्य योगदान दिया है। यह निर्णय न केवल इस क्षेत्र के लोगों की भावनाओं का सम्मान होगा। बल्कि साहित्य और संस्कृति के प्रति आपकी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक भी बनेगा।

# दो भाइयों की लड़ाई में फायरिंग निर्दोष महिला की मौत

**भाई के श्राद्ध में शामिल होने पटना से नालंदा आई थी, दरवाजे पर बैठी थी, अचानक गोलीबारी शुरू हो गई**



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के हिलसा थाना क्षेत्र में दो भाइयों के बीच संपत्ति बंटवारे के विवाद में हुई गोलीबारी में एक महिला की मौत हो गई। मृतका सरोजा देवी(60) पटना जिले के सरथुआ गांव की रहने वाली थी। अपने भाई के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए मायके तिरुखिया गांव आई थी।

**बहन दरवाजे पर बैठी थी, कुछ समझ ही नहीं सकी :** मृतका के भाई नागेंद्र कुमार ने बताया कि 22 मई को बड़े भैया नरेश राम का निधन हो गया था। बहन श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मायके आई थी। मंगलवार की शाम गांव के विनोद महतो और मदन महतो के बीच संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद हो रहा था।

बात इतनी बढ़ गई कि एक भाई ने गोली चला दी। फायरिंग के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। मेरी बहन दरवाजे पर बैठी थी। कुछ समझ पाती उससे पहले गोली सीने में लग गई। बुलेट सीने के आरपार हो गई। आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टर ने पीएमसीएच रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई।

**कई महीनों से चल रहा था विवाद :** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, संपत्ति बंटवारे को लेकर विनोद महतो और मदन महतो के बीच कई महीनों से विवाद चल रहा था। मंगलवार को दोपहर से ही दोनों के बीच झगड़ा हो रहा है। दोनों पक्ष ने अपने-अपने समर्थकों को बुलाया था। रात 8 बजे अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। काफी संख्या में लोग तमाशबीन बनकर देख रहे थे। गोली चलते लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान निर्दोष सरोजा देवी को गोली गोली का शिकार बन गई।

### जांच में जुटी पुलिस

हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मृतका के बेटे ने स्न्ढ्ढक्र दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को शव सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पूरे गांव में गम का माहौल

नरेश राम के निधन के बाद पूरा परिवार शोक में डूबा था। अब बहन की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में गम का माहौल है। दुखद घटना के बाद ग्रामीण पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाने में जुटे हैं।

## क्लासरूम में टीचर ने की छात्र की बेरहमी से पिटाई

**बिहारशरीफ, एजेंसी।** बिहार के नालंदा जिले में कोचिंग में छात्र की पिटाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में शिक्षक एक छात्र को बेरहमी से पीटते हुए दिखे रहे हैं। वीडियो बिहार थाना क्षेत्र के धनेश्वरघाट मोहल्ले की एक कोचिंग का बताया जाता है। हालांकि, लाइव हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। जख्मी छात्र सोहसराय निवासी मोती चौधरी के पुत्र सन्नी कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने बताया कि सीट पर बैठने को लेकर दूसरे छात्र से विवाद हुआ था। 35 सेकंड के इस वीडियो में शिक्षक एक छात्र पर डंडे बरसाते दिख रहे हैं। छात्र का बाल पकड़कर बेरहमी से पीट रहे हैं। छात्र बार-बार हाथ जोड़कर छोड़ देने की गुहार लगाता है और गलती के लिए सॉरी कहता है। शिक्षक उसकी बातों को अनसुना कर उसे पीटने में लगे हैं।





मारपीट के इस काम में एक अन्य युवक भी शिक्षक का साथ देता दिख रहा है। वह कोचिंग का कर्मी बताया जा रहा है। एक छात्र पिट रहे छात्र को बचाने का प्रयास करता है पर शिक्षक उसे वापस भेज देते हैं। छात्र सन्नी ने बताया कि वह क्लास में बैठा था। इसी दौरान एक छात्र जबरदस्ती आकर उसके पास बैठ गया। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद शिक्षक ने उसे पकड़ लिया और जमकर पीटा। इधर, संचालक का कहना है कि दोनों छात्रों को समझाया गया था और हल्की पिटाई की गई थी। दोनों को अभिभावक के साथ आने के लिए कहा गया था। एक छात्र अभिभावक के साथ आया है। दूसरा कोचिंग नहीं आया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## भोजपुर में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, रोड क्रॉस करते समय पिकअप ने रौंदा

**आरा, भोजपुर, एजेंसी।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार पिकअप ने बुजुर्ग को रौंद दिया। मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पार करते समय हादसा हुआ है। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। इस दौरान दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। करीब 3 घंटे बाद जाम खुला।मृतक की पहचान अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के कोथुआ गांव वार्ड नंबर-8 निवासी शिव मुनि चौधरी(56) के तौर पर हुई। गांव में खेती-बाड़ी का काम करते थे। घटना पीरो थाना क्षेत्र के संभल टोला मोड़ की है। मृतक के रिश्तेदार पंचायत समिति सदस्य मुन्ना चौहान ने बताया कि मंगलवार को श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए अपने ससुराल गए थे। घर लौटते समय संभल टोला मोड़ के समीप तेज रफ्तार गाड़ी ने रौंद दिया। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी दी। मृतक चार भाई-बहन में तीसरे स्थान पर था। परिवार में पत्नी गंगोत्री देवी, तीन पुत्री हेवनता देवी, देवंता देवी, बेबी कुमारी और तीन पुत्र बली चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, दीपू चौधरी है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मत्स्य पालकों को 2 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी

## नालंदा में व्यवसाय को मिलेगी नई दिशा




**नालंदा, एजेंसी।** बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत नालंदा के मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर खुला है। जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने सूचना जारी की है। स्वयं सहायता समूह, छोटे उद्यमी, सहकारी समितियां और मत्स्य किसान संगठन को अनुदान को फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत अनुदान ले सकते हैं। लाभार्थी अपने निवेश का 35 प्रतिशत या अधिकतम 2 करोड़ रुपए तक का प्रदर्शन अनुदान ले सकते हैं। यह अनुदान राशि मत्स्य उत्पादन, प्रोसेसिंग और गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दी रही है, जिससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

**प्रोत्साहन के रूप में 100 रुपए की मिलेगी राशि :** राष्ट्रीय मत्स्य विकास पोर्टल (एनएफडीपी) पर स्वयं पंजीकरण करने वाले लाभार्थियों को प्रोत्साहन के रूप में 100 रुपए की राशि दी जा रही है। यह पहल डिजिटल इंडिया मिशन के तहत मत्स्य क्षेत्र के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया आसान है। इसके लिए सिर्फ तीन मुख्य दस्तावेजों की आवश्यकता है। ये आधार नंबर, आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर और बैंक खाता विवरण है। यह सुविधा मत्स्य पालकों को घर बैठे ही पंजीकरण करने की सुविधा देती है। योजना का फायदा पारंपरिक मछुआरों को मिलेगा। इसके साथ ही मत्स्य पालक किसान, मछली विक्रेता, सूक्ष्म और लघु स्तर पर चलने वाले मत्स्य उद्यम, मत्स्य सहकारी समितियां, और मत्स्य पालन से जुड़ी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां भी इसका फायदा उठा सकती हैं। एनएफडीपी के जरिए मछली पालकों और उनकी सहकारी समितियों को प्रशिक्षण, वित्तीय जानकारी और योजना निर्माण में भी मदद देती है। पोर्टल पर पंजीकरण के बाद मछुआरे अपनी डिजिटल पहचान ले सकते हैं, जो विभिन्न सरकारी योजनाओं का फायदा उठाने के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत एनएफडीपी के माध्यम से मछुआरों, मत्स्य पालकों और सहायक श्रमिकों का स्व-पंजीकरण होता है। इसके जरिए असंगठित क्षेत्र को व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह पहल मत्स्य क्षेत्र में कार्यरत लाखों लोगों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जगदीशपुर में पानी के लिए महिलाओं ने किया सड़क जाम

**भागलपुर, एजेंसी।** जगदीशपुर बाजार के अस्पताल चौक पर स्थित पानी टंकी का मोटर खराब होने से पिछले करीब दस दिनों से सप्लाई नहीं देने से बुधवार को महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। महिलाओं ने सुबह 10 बजे भागलपुर-दुमका मुख्य सड़क को जाम कर दिया। महिलाएं इतनी उग्र थीं कि पानी टंकी के कमरे का ताला तोड़ दिया और उसके अंदर रखे पाइप को निकालकर सड़क पर रख दिया। करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। जिससे दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। सूचना पाकर जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद बीडीओ ने पीएचडी विभाग से बात कर पानी सप्लाई शुरू करवाने का आश्वासन दिया तब जाकर उग्र महिलाएं शांत हुई और जाम को हटाया। विरोध कर रही महिलाओं का कहना था कि अस्पताल चौक पर स्थित पानी टंकी से पूरे बाजार और गांव में पानी सप्लाई होती है लेकिन पिछले दस दिनों से हमलोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जब पंप संचालक और जेई से बात करते है तो कभी मोटर खराब होने तो कभी कोई दूसरा बहाना बना दिया जाता है। जिससे पिछले दस दिनों से हमलोगों को पानी की घोर किल्लत सहनी पर रही है। एक तो भीषण गर्मी और ऊपर से पानी का अभाव के कारण किसी तरह काम चला रहे हैं। साथ ही आरोप लगाया कि इस टंकी के संचालक और जेई हमेशा मनमानी करते हैं। कभी भी ठीक से पानी लोगों को नहीं दिया जाता है। जब भी शिकायत करते हैं तो कोई असर नहीं होता है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि इस टंकी का ऐसा हालात रहा तो हमलोग अब विरोध-प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हटेंगे। वहीं पीएचईडी विभाग के जेई फिरदौस आलम ने बताया कि मोटर लगाने का काम किया जा रहा है। जल्द ही पानी सप्लाई शुरू कर दिया जाएगा।

# पटना में मिले दो और कोरोना मरीजएक्टिव मरीजों की संख्या 11 पहुंची

## सिविल सर्जन बोले- 92 निजी हॉस्पिटल में होगा कोविड मरीजों का इलाज



**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना में रोजाना कोरोना के मरीज मिल रहे हैं। बुधवार को भी दो मरीज मिले। ये मरीज कंकड़बाग और आलमगंज की बजरंगपुरी के हैं। इसके साथ ही जिले में कोरोना मरीजों की संख्या 11 पर पहुंच गई है। सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि 4 मरीज हॉस्पिटल में भर्ती हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बाकी मरीज घर में हैं, जिनकी निगरानी की जा रही है। इस बीच, बिना अनुमति कोरोना का इलाज करने वाले अस्पतालों पर शिकंजा कसने की तैयारी है। पटना जिले में 92 निजी हॉस्पिटल को ही कोरोना के इलाज की अनुमति दी गई है। इनके अलावा कोई भी अस्पताल मरीज को भर्ती करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इसको लेकर जल्द ही आदेश जारी होगा। सिविल सर्जन ने आगे कहा कि कोविड के पहले और दूसरे फेज के दौरान में कई निजी हॉस्पिटल कोरोना पॉजिटिव मरीजों को भर्ती कर मोटी रकम वसूली थी। मरीजों के साथ ठगी नहीं हो, इसको ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। चिह्नित अस्पतालों के अलावा किसी अन्य निजी अस्पताल में कोरोना मरीजों का इलाज करना प्रतिबंधित है।

### प्राइवेट लैब में हुई जांच

बुधवार को मिले दोनों मरीजों की जांच शहर की एक प्राइवेट लैब में की गई थी। लैब ने अपनी रिपोर्ट सिविल सर्जन कार्यालय को भेजी है। वहीं, एनएमसीएच में बुधवार को 16 मरीजों के सैंपल की जांच की गई। माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि 16 मरीजों के सैंपल जांच के लिए आए थे। इसमें किसी की रिपोर्ट में कोरोना की पुष्टि नहीं हुई है। अस्पताल में जांच का दायरा बढ़े, इसके लिए तैयारी की जा रही है। खासतौर से ऑपरेशन कराने वाले रोगियों की जांच हो, इसके लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से योजना बनाई जा रही है। मेडिसिन विभाग में बने प्री-फैब्रिकेटेड अस्पताल में 100 बेड का अलग वार्ड बनाया गया है। इसमें कोविड के मरीज आने पर भर्ती किया जाएगा। फिलहाल एक भी कोरोना मरीज भर्ती नहीं है।

### अस्पताल में आरटी पीसीआर की सुविधा

एनएमसीएच में आरटी पीसीआर जांच की सुविधा उपलब्ध है। अधीक्षक डॉ. रश्मि प्रसाद ने बताया कि मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिन्हा को नोडल अफसर और आरटी पीसीआर की रिपोर्टिंग के लिए माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार को नोडल अफसर बनाया गया है। कोरोना के केस बढ़ने पर सभी विभागों के डॉक्टर्स और कर्मचारियों का रोस्टर बनेगा। इसके लिए शिशु रोग विभाग के डॉ. अखिलेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। जरूरी होने पर ही नर्सिंग स्टाफ को छुट्टी मिलेगी। लंबी छुट्टी की अनुमति नहीं मिलेगी।

# हम पार्टी के नेता की अपहरण कर हत्या

## हथियारबंद अपराधियों ने किया था अपहरण

### बालू में दबी मिली क्षत-विक्षत लाश, लोगों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के संदलपुर वार्ड चार निवासी इंद्रदेव साह के पुत्र 32 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार उर्फ विकास की सशस्त्र अपराधियों ने अगवा कर हत्या कर दी। वे हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष और नवगठित 20 सूत्री सदस्य भी थे।

अपहरण के 108 घंटे बाद गुरुवार की सुबह उनका क्षत-विक्षत शव मुंगेर जिला की सीमा में गंगा नदी के मध्य सीता चरण मंदिर के समीप बालू में दबे अवस्था में बरामद किया गया।

स्वजनों द्वारा पहचान किए जाने के बाद मुंगेर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया। अपहरण व हत्या मामले में अब तक अपहर्ताओं की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

बताते चलें कि शनिवार की देर शाम लगभग साढ़े सात बजे संदलपुर पंचायत के वार्ड संख्या चार निवासी इंद्रदेव साह के पुत्र हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य राकेश कुमार उर्फ विकास का हथियार बंद बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। घर से मात्र सौ मीटर की दूरी स्थित एक दुकान के समीप एक दर्जन सशस्त्र अपराधियों ने मारपीट करते हुए उन्हें ज्ञानटोल गांव होते हुए दियारा ले गए थे। इस मामले में 11 लोगों को नामजद किया गया है।

मुख्य आरोपित ज्ञानटोल निवासी सरपंच सीता देवी का पति डब्ल्यू यादव फरार है। सरपंच समेत एक अन्य आरोपित महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं, पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपित के घर बुलडोजर भी चलाया है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## ट्रक से टकरायी कार, छह जख्मी

**आरा।** भोजपुर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पीरो-बिहटा हाइवे पर सिकरौल पेट्रोल पंप के समीप सुबह शादी से लौट रही एक कार ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

इसमें कार पर सवार दूल्हा और दुल्हन समेत छह लोग घायल हो गए। हादसे का कारण अनियंत्रित परिचालन बताया जाता है।

घायलों में दूल्हा और दुल्हन समेत एक बच्ची को पटना रेफर कर दिया गया है। दुल्हन की हालत गंभीर बताई जाती है।

जानकारी के अनुसार, सिकरहटा थाना क्षेत्र के रजमलडीह गांव निवासी ओम प्रकाश के पुत्र मोनू कुमार की बरात मंगलवार की रात हसनबजार थाना क्षेत्र के इनरपतपुर गांव गई थी।

बुधवार की सुबह बरात विदाई के बाद दूल्हा और दुल्हन कार से वापस लौट रहे थे। इस दौरान पीरो-बिहटा हाइवे पर सिकरौल पेट्रोल पंप के समीप कार विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद वहां भीड़ जमा हो गई।

# तापमान बढ़ने के साथ ही चढ़ा चमकी बुखार का भी तेवर

### तैयारी की खुली पोल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** तापमान में लगातार बढ़ोतरी के साथ एक बार फिर से चमकी बुखार के मामले सामने आने लगे हैं। बीते तीन दिनों में के तीन नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे जिले में कुल मामलों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इनमें से 22 केस मुजफ्फरपुर जिले के हैं, जबकि तीन अन्य मामले गोपालगंज, सीतामढ़ी और शिवहर से जुड़े हैं।

हालांकि राहत की बात यह है कि अब तक भर्ती सभी बच्चे इलाज के बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। ताजा मामला मुजफ्फरपुर के कटरा प्रखंड से सामने आया है, जहां एक बच्चा मेडिकल कॉलेज के वार्ड में एक सप्ताह पहले भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की देखरेख में इलाज के बाद उसमें पुष्टि हुई है।

गर्मी और उमस में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। संभावित खतरों को भांपते हुए प्रभावित क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है।



स्वास्थ्य कर्मियों की टीम घर-घर जाकर लोगों को चमकी बुखार से बचाव के उपाय समझा रही है। साथ ही बच्चों को तेज धूप से बचाने और समय पर पोषणयुक्त आहार देने की सलाह दी जा रही है।

मेडिकल कॉलेज की अधीक्षक डॉ. कुमारी विभा ने बताया कि अएर को लेकर अस्पताल पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा हमारी प्राथमिकता जीरो डेथ की है। अब तक आए सभी मरीजों का में विशेष देखभाल के साथ इलाज किया गया है और सभी स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। नए केस की पुष्टि के साथ जिले में कुल संख्या 25 हो गई है। हमारे यहां 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती की गई है ताकि किसी भी बच्चे को तत्काल इलाज मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि अएर से बचाव के लिए अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सुविधा, विशेष निगरानी, और तत्काल उपचार की व्यवस्था की गई है। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे लक्षण दिखने पर बच्चों को तुरंत अस्पताल लेकर आएं।

# अतिक्रमणकारियों पर नहीं हो रहा प्रशासन की चेतावनी का असर

### धावा दल की मदद से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** शहरी क्षेत्र स्थित नालों का अतिक्रमण करने वालों पर नगर निगम की चेतावनी का असर नहीं हो रहा है। नगर निगम की बार-बार चेतावनी के बाद भी अतिक्रमणकारी नालों के ऊपर बनाए गए अवैध निर्माण या दुकान को नहीं हटा रहे हैं। इससे नाला की उड़ाही नहीं हो पा रही है।

चेतावनी का असर यही है कि रोज नालों पर दुकानों की संख्या बढ़ ही जा रही है। कई मुख्य सड़कों पर तो अब जगह नहीं बची। मानसून पूर्व बारिश हो जाए तो शहर के अधिकांश हिस्सों में भारी जलजमाव से स्थिति गंभीर हो सकती है।

विदित हो कि बरसात पूर्व शहर के सभी नालों की उड़ाही को लेकर हुए समीक्षा बैठक में वार्ड एवं अंचल निरीक्षकों ने नगर आयुक्त विक्रम विरकर को शिकायत की थी कि अतिक्रमण के कारण नाला की उड़ाही में बाधा आ रही है।

इसके बाद नगर आयुक्त ने अतिक्रमणकारियों को नाला के ऊपर से अवैध निर्माण एवं दुकान को हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया था। मंगलवार को तय समय सीमा समाप्त होने के बाद भी किसी नाला के ऊपर से अतिक्रमण नहीं हटा। अब नगर निगम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

धावा दल को जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया है। विरोध करने वालों पर कानूनी कार्रवाई होगी। अंचल निरीक्षकों एवं वार्ड जमादारों ने अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर ली है।

नगर प्रबंधक विष्णु प्रभाकर लाल ने कहा है कि नाला की उड़ाही में बाधक बने अतिक्रमणकारियों को स्वयं अवैध दुकान एवं निर्माण को हटाने का जो समय दिया गया था वह समाप्त हो चुका है। उनके खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। धावा दल को इसका निर्देश दे दिया गया है।

शहर के उत्तर पूर्वी हिस्से में स्थित नौ वार्डों का पानी निकालने के लिए सालों पूर्व बना बालूघाट-कमरा मोहल्ला मुख्य नाला अतिक्रमण के कारण संकीर्ण हो चुका है। पहले इस नाला की चौराई दस फीट थी जो अब सिमटकर डेढ़ फीट तक रह गई। पहले नाला के अगल-बगल जगह था जिससे सफाइ वाहन पहुंचकर नाला की उड़ाही करते थे लेकिन अब नाला तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं।

संकीर्ण हो जाने के कारण लोगों के घरों से निकलने वाला पानी तो किसी तरह कमरा मोहल्ला स्लूस गेट से होकर बाहर निकल जाता है, लेकिन बारिश का पानी नहीं निकल पाता है। ऐसे में इस बरसात भी वार्ड 16, 17, 18, 19, 21, 22, 40, 43 एवं 44 के गली-मोहल्लों का पानी नहीं निकल पाएगा और पचास हजार की आबादी को जल जमाव की पीड़ा झेलनी होगी।

पिछले एक दशक से नाला को अतिक्रमित किया जा रहा है। इससे नाला संकीर्ण होता चला गया। पांच साल पहले तत्कालीन वार्ड जमादार राम शंकर झा लगातार निगम अधिकारियों को पत्र लिखकर नाला पर हो रहे अतिक्रमण की जानकारी देते रहे। वर्ष 2008 में भी तत्कालीन वार्ड जमादार ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर सचेत किया था।

नाला बंद होने के गंभीर परिणाम से भी अवगत कराते हुए कार्रवाई का अनुरोध किया था। बावजूद निगम निगम प्रशासन की आंख नहीं खुली। वहीं, वार्ड 21 के पार्षद केपी पप्पू लगातार नाला के अवरुद्ध होने की जानकारी निगम प्रशासन को देते रहे है।

## आरोपित धराया

**हाजीपुर।** बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने समस्तीपुर में बैंक ऑफ महाराष्ट्र में लूट एवं बिदुपुर थाना क्षेत्र में हत्या के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किया गया वांछित बदमाश बिदुपुर थाना क्षेत्र के मथुरा पानी टंकी निवासी पप्पू कुमार सिंह के पुत्र विश्वजीत कुमार बताया गया।

गिरफ्तार किया गया बदमाश बिदुपुर थाना क्षेत्र के प्रेम प्रकाश की हत्या एवं बीते 7 मई को समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हुई लूट की घटना में संलिप्त था। बदमाश के विरुद्ध वैशाली एवं पटना जिला के विभिन्न थाना में हत्या एवं लूट समेत अन्य कांड दर्ज है।

गौरतलब है कि बीते 7 मई को समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत काशीपुर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में आठ की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया।

घटना को दिनदहाड़े अंजाम दिया गया। वारदात के समय बैंक के भीतर ग्राहक भी मौजूद रहे। सभी को बदमाशों ने गन प्वाइंट पर ले लिया। बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया।

# कबाड़ दुकान में लगी आग, बगल की इमारत हुई राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मानपुर (गयाजी)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 52 स्थित गुलाब बाग मोहल्ले में देर रात भीषण आग लग गई। आग कबाड़ की दुकान से शुरू हुई, लेकिन नुकसान उसके बगल में स्थित दुबे पैथोलैब के मालिक ललन दुबे के चार मंजिला मकान को हुआ। घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। मकान मालिक ने 50 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का दावा किया है।

दुबे के मुताबिक, रात करीब 12 बजे कबाड़ की दुकान में आग लगी। इसका एहसास तब हुआ जब एक बजे उनके घर का एसी जोरदार धमाके के साथ फट गया। आवाज सुनकर उनकी नींद खुली तो देखा कि आग कबाड़ दुकान से फैलकर उनके घर को अपनी चपेट में ले चुकी थी। आनन-फानन में परिवार के सभी सदस्यों को बाहर निकाला गया। गैस सिलेंडर भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन तब तक आग पूरे घर को लील चुकी थी।

मकान मालिक दुबे ने बताया कि चार एसी, सोना-चांदी के गहने, महंगे कपड़े, फर्नीचर, पानी की टंकी, खिड़कियां, बेड, पंखे, वायरिंग, कूलर, दरवाजे सब कुछ जलकर राख हो गया। आग इतनी भयावह थी कि कुछ भी नहीं बचा। फायर ब्रिगेड को सूचना एक बजे मिली। लेकिन टीम दो बजे मौके पर पहुंची।

अधिकारी संजय सिंह के मुताबिक चार दमकल की गाड़ियों और 24 फायरकर्मियों की मदद से आग पर तीन बजे तक काबू पाया गया था। लेकिन कुछ देर बाद फिर से आग भड़क गई। इसके बाद टीम को दोबारा मौके पर भेजा गया और आग बुझाने का काम अब भी जारी है।

इधर, मानपुर अंचल अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि आग कबाड़ की दुकान में लगी। लेकिन नुकसान बगल वाले मकान को हुआ है। शुरूआती तौर पर नुकसान बहुत बड़ा लग रहा है। उन्होंने कहा कि आवासीय इलाके में कबाड़ की दुकान का संचालन जांच का विषय है। जिस मकान में दुकान है। वह सत्येन्द्र सिंह का बताया जा रहा है। कबाड़ मालिक को बुलाया जा रहा है। आगे कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे मुहल्ले के लोगों को भी कबाड़ की दुकान की सूचना देनी चाहिए थी। वहीं फायर अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि कबाड़ की दुकान का लाइसेंस नहीं लिया गया था। गली के अंदर होने की वजह से कबाड़ की दुकान की जानकारी हमें नहीं मिल सकी। यह गलत है। मकान मालिक को भी पहल कर सूचना देनी चाहिए थी।

# व्यवसायी ने रची फर्जी लूट की साजिश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कोढ़ा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक मक्का व्यवसायी ने खुद पर लूट की फर्जी वारदात का नाटक रच पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। इस सनसनीखेज खुलासे ने पुलिस और आमजन को हैरान कर दिया है। आरोपी व्यवसायी धर्मेन्द्र कुमार दास ने शुरूआत में पुलिस को बताया था कि दो बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने उससे दिनदहाड़े 6 लाख रुपये लूट लिए। मामला सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने तत्काल एक विशेष जांच टीम का गठन किया और मामले की गहराई से जांच के आदेश दिए।

पुलिस ने सबसे पहले घटनास्थल की बारीकी से जांच की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई और धर्मेन्द्र से कई चरणों में पूछताछ की गई। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी, धर्मेन्द्र के बयान में कई विरोधाभास सामने आने लगे। घटनास्थल पर कोई भी लूट का प्रमाण नहीं मिला। पुलिस की सख्ती और बारीक पड़ताल के आगे धर्मेन्द्र आखिरकार टूट गया और उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह भारी कर्ज में डूबा हुआ था और किसानों को भुगतान करने से बचना चाहता था। इसी दबाव में आकर उसने लूट की झूठी कहानी रची, ताकि वह पैसे न लौटाने के बहाने बना सके।

पुलिस ने धर्मेन्द्र की निशानदेही पर उसके पास से 6 लाख 10 हजार रुपये, एक बैंक चेकबुक और एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। मामले में अब कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कटिहार पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह घटना दशार्ती है कि आर्थिक संकट में फंसे लोग किस हद तक जा सकते हैं।

# छपरा में बनेगा विश्वस्तरीय बस स्टैण्ड

### पांच एकड़ क्षेत्र में होंगी उपलब्ध सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा।** शहरवासियों को जल्द ही एक अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय बस स्टैंड की सौगात मिलने जा रही है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था, और अब इसके लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।

जिला पदाधिकारी अमन समीर द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद 19.72 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य हेतु निविदा जारी कर दी गई है। अब शीघ्र ही शिलान्यास की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य की शुरूआत की जाएगी। यह अत्याधुनिक बस टर्मिनल छपरा सदर प्रखंड के करिंगा पंचायत अंतर्गत रतनपुरा मौजा में स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए पांच एकड़ भूमि चिह्नित की गई है।

इस परियोजना का क्रियान्वयन जिला परिषद द्वारा किया जाएगा। प्रस्तावित बस स्टैंड से न केवल अंतरजिला, बल्कि अंतरराज्यीय बसों का भी संचालन किया जाएगा, जिससे छपरा एक क्षेत्रीय ट्रांजिट हब के रूप में उभर कर सामने आएगा।

इस बस स्टैंड में यात्रियों के लिए अत्याधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, टिकट काउंटर, पार्किंग स्थल, डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड, सीसीटीवी कैमरा से युक्त सुरक्षा प्रणाली, फूड कोर्ट, एटीएम एवं ई-रिक्शा स्टाप जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन सुविधाओं के माध्यम से यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।



इस परियोजना से न केवल छपरा शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। निर्माण कार्य में स्थानीय श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

जिला पदाधिकारी अमन समीर स्वयं इस परियोजना की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि निर्माण कार्य को समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न किया जाए। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि पूरी प्रक्रिया नियमों एवं पारदर्शिता के तहत हो।

इस परियोजना का मूर्त रूप लेने से छपरा शहर को आधुनिक परिवहन की दिशा में एक नई पहचान मिलेगी और यह पूरे सारण प्रमंडल के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित होगा।

# सीओ से उलझी अतिक्रमणकारी महिलाएं

### दांतों से काटकर किया जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**योगापट्टी ।** प्रखंड के दरवलिया पंचायत में पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए चिन्हित भूमि पर अतिक्रमण हटाने के बाद फिर से अतिक्रमणकारियों के द्वारा झोपड़ी बनाने की सूचना पर पहुंची सीओ तबस्सुम बेगम से गुरुवार की दोपहर में अतिक्रमणकारी महिलाएं उलझ गई। सीओ ने काफी समझाया, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थी। सीओ के साथ अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम पर पथराव करने लगीं।

महिलाओं को पत्थबाजी करने से रोकने गई चार महिला सिपाहियों को हमलावर महिलाओं ने दांत से काटकर जख्मी कर दिया। हालांकि, बाद में पुलिस ने आधा दर्जन हमलावर महिलाओं को हिरासत में लिया। मामला इतने पर भी शांत नही हुआ।

कुछ अतिक्रमणकारी महिलाओं ने अतिक्रमित भूमि पर बनाई झोपड़ी में आग लगा दी और पुलिस पर झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगी। अग्निशामन टीम के सहयोग से आग बुझाया गया। साथ हीं पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य को शुरू करा दिया गया। सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ दिवाकर कुमार ने जख्मी महिला सिपाहियों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।


मामले में सीओ तबस्सुम बेगम ने बताया कि दरवलिया पंचायत सरकार भवन के लिए चिन्हित भूमि गैरमजरूआ खाता 75 खेसरा 382 रकबा आठ कट्ठा दस धुर है। जमीन पर दरवलिया गांव के चिनगी यादव, जितन यादव, कंड़इ यादव, मोटर यादव, बिनोद यादव, राजेश यादव, रम्भा देवी पति पंड़इ यादव, डोमा यादव सहित दर्जनों लोगों ने अतिक्रमण किया था।

# कोविड-19 को ले स्वास्थ्य विभाग चौकस, एडवाइजरी जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** कोविड-19 संक्रमण काल के ढाई वर्षों बाद देश में एक बार फिर से कोरोना के नए मामले सामने आने लगे हैं। स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है।

विभाग ने अपनी व्यवस्थाओं की जांच की और फिर कई एडवायजरी भी जारी की है। नवादा में जिला स्वास्थ्य समिति और सिविल सर्जन कार्यालय तैयारियों में जुट गया है। इन तैयारियों की पड़ताल करती रिपोर्ट।



देश के कई राज्यों में मिले कोविड-19 संक्रमण मामलों की जांच में अबतक कोरोना वायरस के नए वैरिएंट सामने आए हैं। इनमें अपने प्रदेश में दो नए सबवैरिएंट एनबी.18.1 और एलएफ.7 की पहचान की गई है।

जिलों में कोरोना के नए मामलों से निबटने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, जांच एवं उपचार की व्यवस्था के साथ-साथ दवा, मास्क और आक्सीजन की उपलब्धता पर खासा जोर है।

भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से परहेज करना है। किसी भी आशंका पर सेनेटाईजर से हाथों को साफ रखना है।जिले के सदर अस्पताल में एंटीजेन किट से जांच लगातार जारी थी। निबंधन काउंटर के पास पुराने भवन में दो स्वास्थ्यकर्मी नियमित तौर पर चुनिंदा लोगों की स्वाब सैम्पल लेकर जांच करती रही हैं। लेकिन नए आदेश आने के बाद जांच का दायरा बढ़ेगा।

सदर अस्पताल में संचालित आरटीपीसीआर सेंटर में जांच शुरू की जाएगी। साथ ही कुछ सैम्पल को उच्च चिकित्सा संस्थानों में जांच के लिए भेजा जाएगा।

जिले के सरकारी अस्पतालों में लगे दो आक्सीजन प्लांट भी ठप पड़े हैं। आपरेटर की अनुपस्थिति में महीनों से प्लांट ने काम नहीं किया। नवादा सदर अस्पताल में साल 2021 के दिसंबर महीने में इसकी शुरूआत हुई थी। लेकिन एक-दो बार ट्रायल के बाद अधिकतर समय यह बंद रहा।

शुरूआती दौर में 16 बेड पर आक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था थी। वर्तमान में पूरी व्यवस्था ठप है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन दावा करता है कि इसकी कमी को दूर करने को आक्सीजन कंसंट्रेटर और सिलिंडर पर्याप्त संख्या में हैं।

# नाबालिग छात्र के साथ फरार शिक्षिका धरायी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** 23 साल की शिक्षिका के द्वारा 12 साल के सातवीं क्लास के एक छात्र को अगवा करने का मामला जनवरी माह में सामने आया था। मंगलवार को पुलिस ने मध्य प्रदेश से दोनों को बरामद कर लिया है। छात्र के स्वजन ने सदर थाने में प्राथमिकी कराई थी, जिसमें झारखंड के सिमडेगा की रहने वाली शिक्षिका को आरोपित किया था।

महिला पर छात्र को अपने प्रेम जाल में फंसाने व प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने के लिए अगवा करने का आरोप लगा था। आरोपित महिला अरवल जिला मुख्यालय के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में शिक्षिका थी। बच्चा भी उसी स्कूल का छात्र था।

अपहरण की घटना से पूर्व शिक्षिका व छात्र की मौखिक शिकायत मिलने पर विद्यालय के निदेशक ने दोनों को स्कूल से निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद महिला मेहंदिया बाजार के एक निजी स्कूल में शैक्षणिक कार्य कर रही थी। इसी दौरान महिला ने छात्र को बहला फुसला कर अगवा कर लिया।

चार माह तक छानबीन के बाद सफलता

केस दर्ज होने के बाद एसपी डा. इनामुल हक मेंगनू के निर्देश पर पुलिस अधिकारी सेराज आलम के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। चार माह तक चली लंबी छानबीन के बाद पुलिस टीम ने मंगलवार को मध्य प्रदेश पुलिस की मदद से पीदमपुर इलाके से छात्र को बरामद कर लिया।

मामले को लेकर बिहार पुलिस ने बताया कि आरोपित महिला मध्य प्रदेश में निजी नौकरी कर रही थी। महिला के साथ ही छात्र भी रह रहा था। यह मामला जनवरी में सामने आया था। दोनों को पुलिस ने मध्य प्रदेश से बरामद कर लिया गया है। शिक्षिका से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# 23 वर्षों बाद 11 लाख रुपये हर्जाना भरेंगे चिकित्सक

### आपरेशन में लापरवाही बरतने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** दिसंबर 2002 में साइनस की सर्जरी के बाद खगौल की महिला को होश ही नहीं आया। आपरेशन करने वाले ईएनटी विशेषज्ञ डा. अवधेश प्रसाद गुप्ता ने अगले दिन उन्हें न्यूरो सर्जन डा. प्रदीप कुमार के पास रेफर किया। न्यूरो सर्जन ने मगध अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां 15 दिनों बाद उसने दम तोड़ दिया।

पति भरत प्रसाद गुप्ता इसके लिए डा. अवधेश को दोषी ठहराते हुए मामला जिला उपभोक्ता आयोग में लाए। उन्होंने बताया कि बिना आवश्यक उपकरण व विशेषज्ञ एनेस्थेटिस्ट के आपरेशन किया गया। वहां आईसीयू तक नहीं था। मृत्यु के बाद पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ। मामला काफी जटिल था।

आयोग के अध्यक्ष प्रेम रंजन मिश्रा व सदस्य रजनीश कुमार ने तर्कों के साथ साक्ष्यों का अवलोकन किया और डा. अवधेश को दोषी पाया। ऐसे मामलों में न्यायालयों व उपभोक्ता आयोग द्वारा पूर्व में दिए गए निर्णयों ने भी राह सुझाई। आयोग ने डा. अवधेश को 10 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का निर्देश दिया। एक लाख रुपये मानसिक-शारीरिक पीड़ा और 50 हजार रुपये कानूनी व्यय के एवज में देने होंगे।

यह मामला राज्य उपभोक्ता आयोग से होकर जिला उपभोक्ता आयोग में आया था। सुनवाई के क्रम में जिला उपभोक्ता आयोग ने सभी पक्षों को तलब किया। डा. अवधेश ने अपनी दक्षता और लंबे अनुभव का हवाला दिया। कहा कि आपरेशन के दौरान एनेस्थेटिस्ट उपस्थित रहे। बताया कि भरत के पुत्र के साइनस का सफल आपरेशन भी उन्होंने ही किया था।

भरत का कहना था कि उनके निजी क्लिनिक में बुनियादी ढांचे की कमी तो है ही, दूसरे विशेषज्ञ चिकित्सक और आइसीयू तक नहीं। बिना आइसीयू के आपरेशन कैसे हो सकता है। चिकित्सकीय लापरवाही और सेवा में कमी के कारण मरीज की मृत्यु हुई है। डा. प्रदीप ने बताया कि उनके समक्ष मामला विलंब से आया। मस्तिष्क को गंभीर क्षति पहुंची थी और स्वजनों की सहमति से मरीज को मगध अस्पताल भेजा गया।

जांच में पता चला कि मरीज एमोफिस एन्सेफैलोपैथी से पीड़ित है, जिसमें न्यूरो सिस्टम सेरिबैलम को चोट लगी है, जिससे मस्तिष्क पर असर पड़ रहा है। मगध अस्पताल की ओर से बताया गया कि उसे आपरेशन के विवरण की कोई जानकारी नहीं, क्योंकि वह अस्पताल में नहीं हुआ। मरीज को सर्वोत्तम चिकित्सा और नर्सिंग सेवाएं प्रदान की गईं और उनकी ओर से सेवा में कोई कमी नहीं की गई।

अपने निर्णय में आयोग ने लिखा है कि आपरेशन में घोर लापरवाही बरती गई। दवा के माध्यम से मरीज को बेहोश कर दिया गया। चोट के कारण रोगी की हालत कभी भी होश में आने लायक नहीं हुई, बल्कि चिकित्सकीय लापरवाही और सेवा में कमी के कारण उसकी मृत्यु तक हर दिन स्थिति बिगड़ती ही गई।

# प्रधानमंत्री आज बिहार को देंगे कई रेलवे परियोजनाओं की सौगात

## उद्घाटित होनेवाली परियोजनाओं में औरंगाबाद भी शामिल, दो रेल परियोजनाएं राष्ट्र को करेंगे समर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को बिहार दौरे के क्रम में राजधानी पटना समेत बिहार को रेलवे क्षेत्र में तीन बड़ी सौगातें मिलने वाली हैं। प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पटना स्थित हार्डिंग पार्क टर्मिनल प्लेटफॉर्म का शिलान्यास करेंगे साथ ही सोन नगर से मोहम्मदगंज तक तीसरी रेल लाइन तथा सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड के बीच ऑटोमेटिक सिगनलिंग प्रणाली को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



**पटना को मिलेगा नया टर्मिनल स्टेशन**

हार्डिंग पार्क में प्रस्तावित टर्मिनल स्टेशन के अंतर्गत पांच प्लेटफॉर्म विकसित किए जाएंगे। लगभग 95 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह नया टर्मिनल स्टेशन पटना जंक्शन पर ट्रेनों की भीड़ को कम करेगा और संचालन क्षमता को बढ़ाएगा। इससे ट्रेन शेड्यूलिंग और टर्नअराउंड समय में सुधार आएगा, परिचालन में दक्षता बढ़ेगी। नवीन टर्मिनल पर यात्रियों को हवाई अड्डे जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। स्टेशन से बाहर निकलते ही सीधा सड़क मार्ग से जुड़ाव होगा जिससे शहर की यातायात व्यवस्था पर दबाव कम होगा। यहां से भविष्य में मेल व एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन भी किया जा सकेगा। सभी प्लेटफार्म अंडरग्राउंड रास्तों से आपस में जुड़े होंगे। यह टर्मिनल निर्माणाधीन मेट्रो, सड़क मार्ग और मल्टी मॉडल हब से सीधे जुड़कर पटना में यातायात की नई परिभाषा तय करेगा। साथ ही इससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**सोन नगर से मोहम्मदगंज तक तीसरी रेल लाइन का उद्घाटन**

सोन नगर और मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाइन के राष्ट्र को समर्पण से इस मार्ग की संचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह खंड विशेष रूप से अंकोरा और नबीनगर के बिजली संयंत्रों के लिए कोयले की तेज और सुगम आपूर्ति में मददगार सिद्ध होगा। इससे यात्रा समय में भी कमी आएगी। यह मार्ग समर्पित मालवहन गलियारे (डीएफसी) के फीडर रूट के रूप में कार्य करता है और बगहा बिशुनपुर यार्ड से जुड़ाव देता है जिससे लौह अयस्क, कोयला, उर्वरक, सीमेंट और चीनी जैसे माल के परिवहन को बढ़ावा मिला है। तीसरी रेल लाइन भारी मालगाड़ियों के संचालन को भी सक्षम बनाएगी और अतिरिक्त यात्री व मालगाड़ियों के सुचारू परिचालन की राह खोलेगी। इससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

**सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड के बीच ऑटोमेटिक सिगनलिंग**

नई दिल्ली-हावड़ा मुख्य मार्ग पर सिगनल प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड तक 25 किलोमीटर की दूरी में ऑटोमेटिक सिगनलिंग की सुविधा शुरू की गई है। 43 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस प्रणाली के जरिए इस व्यस्त मार्ग पर गाड़ियों की गति में वृद्धि होगी और यात्रा समय घटेगा। इस नई प्रणाली से मौजूदा रेललाइन पर अधिक संख्या में ट्रेनों का संचालन संभव होगा जिससे यात्रियों को और अधिक रेल विकल्प मिलेंगे और परिचालन प्रणाली और अधिक दक्ष बनेगी। रेलवे की इन परियोजनाओं से न केवल यात्री सुविधा बढ़ेगी बल्कि बिहार की अधोसंरचना और आर्थिक विकास को भी नया आधार मिलेगा।

# उप मुख्यमंत्री ने किया 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा कृषि भवन, पटना में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का राज्य स्तर पर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हमारे कृषि इतिहास में एक नई शुरुआत का प्रतीक है। 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' केवल एक योजना नहीं, बल्कि किसानों की आत्मनिर्भरता और गौरव का प्रतीक है। अब किसान केवल ग्रामीण नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता हैं। गांवों की समृद्धि ही देश के विकास का आधार बनेगी। यह पहल किसानों को सशक्त बनाकर 'विकसित भारत' के निर्माण की यात्रा को गति देगी। यह स्वावलंबी किसान और समृद्ध भारत का संकल्प है। गांव के अंतिम पंक्ति तक के किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव के अंतिम पंक्ति तक के किसानों से सीधा संवाद स्थापित करना है। शारदीय (खरीफ) फसलों की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और राज्य में कृषि विभाग द्वारा 29 मई से 12 जून 2025 तक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाएंगे। इस अभियान के तहत किसानों को नई कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं एवं अनुदानों की जानकारी दी जाएगी साथ ही उनके सुझाव और नवाचारों का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सरकार ने छह सूत्री रणनीति तैयार की है। उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन लागत कम करना, उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना, प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई करना, मूल्य संवर्धन और खाद्य प्रसंस्करण के साथ फसल विविधिकरण को बढ़ावा देना और प्राकृतिक और जैविक खेती को प्रोत्साहित करना। यह अभियान किसानों को नई तकनीकों और जानकारी से जोड़कर उनकी पैदावार बढ़ाने और मेहनत का बेहतर फल दिलाने का प्रयास करेगा।

# कांग्रेस ने इतिहास को कलंकित किया : रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राहुल गांधी पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान पार्षद ने करारा प्रहार किया है। प्रो. नंदन ने कहा कि पिछले दिनों राहुल गांधी ने अपने प्रवक्ताओं को यह कहकर बरगलाने की कोशिश की है कि भाजपा के नेताओं के पास तथ्य की कमी है जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि राहुल गांधी स्तरहीन और अल्पज्ञानी हैं जो व्यक्ति खुद बार-बार देश के इतिहास, संविधान और राष्ट्रीय अस्मिता की गलत व्याख्या करता रहा हो, उसे दूसरों की ज्ञान पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास झूठ, भ्रष्टाचार और परिवारवाद से भरा है जबकि भाजपा राष्ट्र निर्माण में जुटी है। रणबीर नंदन ने ऐतिहासिक तथ्य उठाते हुए कहा कि राहुल गांधी को शायद यह भी याद नहीं कि खुद उनके परदादा जवाहरलाल नेहरू और तत्कालीन कांग्रेस नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के बाद कांग्रेस के नाम को हटाने का विचार इसलिए किया



था क्योंकि उन्हें डर था कि अगर यह राजनीतिक पार्टी बनी रही तो इसके ऐतिहासिक योगदान पर दाग लगेंगे। आज वही दाग कांग्रेस के भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सत्ता-लोलुपता ने स्थायी कर दिए हैं और इस गिरावट के प्रतीक खुद राहुल गांधी हैं। प्रो. नंदन ने कहा कि कांग्रेस आज एक ऐसी संस्था बन चुकी है जिसे इतिहास से नफरत है और भविष्य से डर।

# बिहार सरकार ने किया राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर दिया है। इसमें एक अध्यक्ष और 10 सदस्य बनाए गए हैं। जदयू में नाराज चल रहे नेता गुलाम रसूल बलियावी को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है जबकि लखविंदर सिंह और मौलाना उमर नूरानी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार मुकेश कुमार जैन, अफरोज खातून, अशरफ अली अंसारी, शमशाद आलम, तुफैल अहमद खान, शिशिर कुमार दास, राजेश कुमार जैन, अजफर शम्सी को बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाया गया है। मालूम हो कि गुलाम रसूल बलियावी इन दिनों जदयू से नाराज चल रहे थे। ऐसे में कहा जा रहा है कि उनकी नाराजगी को खत्म करने के लिए नीतीश सरकार ने इन्हें पद से नवाज दिया है।

# केंद्रीय भूमि जल बोर्ड में प्लास्टिक और पक्षी विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड मध्य पूर्वी क्षेत्र पटना में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में मिशन लाइफ के तहत विभागीय एक्शन प्लान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के अवसर पर एक प्लास्टिक और पक्षियों विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करना। इस विषय पर कार्यशाला में चर्चा की गई और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के




तौर पर वीकेएसयू आरा के भूगोल विभाग के शोधार्थी तथा एनवायरनमेंट वॉरियर्स के निदेशक निशांत रंजन ने बताया कि प्लास्टिक से मानव के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी व्यापक दुष्प्रभाव पर रहा है। इसके समाधान के लिए हम सब को साझा प्रयास करने की जरूरत है। इसके अलावे उन्होंने गौरैया संरक्षण तथा वृक्षारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी अत्यंत जानकारीपूर्ण एवं प्रेरणादायक प्रस्तुत दी। क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाली पर्यावरणीय दुष्प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए इसके विकल्पों को अपनाने की आवश्यकता पर बोल दिया। साथ ही गौरैया जैसे पक्षियों के संरक्षण हेतु सामुदायिक भागीदारी की महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने टीम एनवायरमेंट वॉरियर्स से अनुरोध किया कि वह एक ऐसी मुहिम की शुरुआत करें जिसमें प्लास्टिक थैली के बदले कपड़े या जुट के थैले को वितरण किया जाए। इस कार्य में वह अपने स्तर पर भी मदद करने का प्रयास करेंगे।

# पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर महागठबंधन के नेताओं ने उठाए सवाल

## बिहार की तरक्की के बिना देश की समग्र तरक्की की कल्पना करना बेमानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरूवार को पटना पहुंचने से पहले ही सूबे की सियासत गरमा गई। महागठबंधन के नेताओं ने राजद के प्रदेश कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को लेकर कई तीखे सवाल उठाए। राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने प्रधानमंत्री की बिहार यात्रा को चुनावी रणनीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का आना-जाना अब आम बात होगी, लेकिन उन्हें बिहार की जमीनी हकीकत पर भी जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार की तरक्की के बिना देश की समग्र तरक्की की कल्पना करना बेमानी है। मनोज झा ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि बिहार को 'हम' की भावना से देखा जाए, न कि 'मैं' के दृष्टिकोण से। उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा कोई खैरात नहीं, बल्कि विकास की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे, तब 65 फीसदी आरक्षण लागू किया गया था, लेकिन उसे अब तक नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया। जातिगत जनगणना पर केंद्र सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए मनोज झा ने कहा कि जातीय जनगणना के लिए भी घोषणा हुई, लेकिन अमल नहीं हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि बिहार को किसी राज्य से ईर्ष्या नहीं, बल्कि आर्थिक पीड़ा और विकास की जरूरत है। प्रधानमंत्री के पटना में रोड शो को लेकर मनोज झा ने कहा कि प्रधानमंत्री जब रोड शो करेंगे तो उस सड़क से गुजरें जहां दिनदहाड़े गोलियां चली थीं। सोचिएगा, बिहार को कौन चला रहा है? वहीं कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश राठौड़ ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीति आयोग की हालिया बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुपस्थिति दुर्भाग्यपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि बिहार में 21 ऐसे विभाग हैं जो केंद्र सरकार के अधीन हैं, लेकिन उनका काम अधूरा पड़ा है। मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री से मिलकर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलवाने या कम से कम विशेष पैकेज की मांग करनी चाहिए। राठौड़ ने यह भी कहा कि जब प्रधानमंत्री पिछली बार बिहार आए थे तो उन्होंने कई घोषणाएं की थीं लेकिन उनमें से कितनी पूरी हुईं, यह जनता जानना चाहती है। उन्होंने राज्य में बढ़ते अपराध और दलितों पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा भी उठाया। प्रेस वार्ता के अंत में शहीदों से जुड़े सावल पर मनोज झा ने कहा कि 'शहादत पर सियासत नहीं होनी चाहिए। बिहार के हर जिले से शहीदों के पार्थिव शरीर आ रहे हैं, उनके परिवारों के खालीपन को कौन भरेगा?'

# गोली लगने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के गयाजी जिले के रहने वाले एक युवक की झारखंड के चतरा में गोली लगने से मौत हो गई। वह गांव से अपने दोस्त की बारात में चतरा गया था। बताया जा रहा है कि वहां पर फायरिंग होने से उसे गोली लग गई। मामला बुधवार रात का बताया जा रहा है। मृतक की पहचान इमामगंज थाना क्षेत्र के बरडीह गांव निवासी 19 वर्षीय अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। उसकी गर्दन और बाएं हाथ में गोली लगी। बताया जा रहा है कि इमामगंज के बरडीह गांव सेचतरा के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के कोचवां गांव में बुधवार को बारात गई थी। रात में जब बारात दरवाजे पर लग रही थी, तभी गोली चल गई। गोली लगने से अभिषेक कुमार की मौत हो गई। इसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों को गिरफ्तार किया, उनके कब्जे से एक पिस्टल भी जब्त की गई है।

# पीएम के तौर पर मोदी की बिहार यात्रा का अर्धशतक विकास को रहा है समर्पित : संतोष सुमन

## मोदी की सौगात से विकसित भारत की सहयात्री बनेगा बिहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा है कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी की बिहार यात्रा का आज पूरा हुआ अर्धशतक विकास को समर्पित रहा है। बिहार का विकास प्रधानमंत्री की प्राथमिकता में रही है। बिहार की अपनी हर यात्रा में उन्होंने यहां के विकास की चिंता की है। इस बार प्रधानमंत्री द्वारा पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का लोकार्पण और बिहटा एयरपोर्ट के शिलान्यास से निसंदेह बिहार के विकास को एक नई उड़ान मिलेगी। श्री सुमन ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार कोई प्रधानमंत्री बिहार के 50 दौरे पूरा किया है। यह केवल उनके बिहार आगमन का अर्धशतक नहीं, बिहार के विकास के लिए उनके समर्पण और संकल्प का भी प्रतीक है।



उन्होंने कहा कि बिहार की 50 हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास से न केवल बिहार के विकास को गति मिलेगी, बल्कि विकसित भारत @ 2047 के संकल्प को पूरा करने का बल भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के उद्घाटन के बाद यह तय हो गया है कि वह दिन दूर नहीं जब पटना से सीधे पेरिस की उड़ान भरी जा सकेंगी। पीएम ठीक ही कहते है कि उनके मन में बिहार बसता है।

# सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने आधुनिक अस्पताल के डिजाइन एवं निर्माण के लिए टडेम हेल्थकेयर के साथ की साझेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के पहले सौ प्रतिशत एफडीआई टर्शरी केयर अस्पताल, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने नॉर्थ बेंगलुरु में अत्याधुनिक अस्पताल के डिजाइन और निर्माण के लिए प्रीमियम हेल्थकेयर ईपीसी कंपनी टडेम हेल्थकेयर के साथ साझेदारी की है। 6.8 लाख वर्ग फीट में फैले 500 बेड्स के इस अस्पताल का निर्माण अपने तरह का अनूठा ग्रीन बायोफिलिक अस्पताल होगा जिसमें गार्डन लाउंज, ग्रीन बालकनी, अराइवल कैनोपी और आकर्षक लेक व्यू होंगे, जो मरीजों को प्राकृतिक माहौल में उपचार का अनूठा अनुभव प्रदान करेंगे। उम्मीद




है कि निर्माण पूरा होने के बाद अस्पताल का संचालन 30 महीनों में शुरू हो जाएगा। युइची नागानो, मैनेजिंग डायरेक्टर, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने कहा कि इस विस्तृत अस्पताल के निर्माण के लिए टडेम हेल्थकेयर के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद गर्व महसूस हो रहा है। यह साझेदारी जापानी सटीकता एवं टडेम हेल्थकेयर की विशेषज्ञता के साथ चिकित्सकीय उत्कृष्टता एवं मरीज की देखभाल में नए मानक स्थापित करेगी। आलोक शर्मा, सह-संस्थापक एवं निदेशक, टडेम हेल्थकेयर ने कहा कि टीम का मानना है कि स्वास्थ्य सुविधाएं ऐसी होनी चाहिए जो केवल फंक्शनलिटी तक सीमित न होकर भरोसे और बेहतर उपचार को सुनिश्चित करें।

# एमबीए विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण, कोका-कोला संयंत्र से प्राप्त किया व्यावहारिक ज्ञान

## पटना के एसएलएमजी बेवरेजेस संयंत्र में जाना उत्पादन और विपणन का कार्यप्रणाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. महाविद्यालय, पटना के प्रबंधन (एमबीए) विभाग द्वारा औद्योगिक अध्ययन के उद्देश्य से गुरुवार को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण कोका-कोला कंपनी की इकाई एसएलएमजी बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना में सम्पन्न हुआ। सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व विभाग के समन्वयक डॉ. अशोक कुमार साव ने किया।



उन्होंने महाविद्यालय की ओर से संयंत्र प्रबंधन को स्मृति-चिह्न भेंट कर आभार प्रकट किया। उनके साथ विभाग के प्राध्यापक प्रो. सोहेल अहमद, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. नीरज कुमार और मुना कुमार भी उपस्थित रहे। संयंत्र प्रबंधन ने सभी आगंतुकों का स्वागत अपने लोकप्रिय शीतपेय 'लिम्का' से किया। इसके उपरांत संयंत्र के उत्पाद प्रबंधक ने विद्यार्थियों को उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने संयंत्र की सुरक्षा प्रणाली, उत्पादन पद्धति और विपणन योजनाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझा। सुरक्षा प्रबंधक और विपणन प्रबंधक ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया। संयंत्र का प्रत्यक्ष निरीक्षण कराते हुए उन्हें वहां चल रही प्रक्रियाओं को समीप से देखने का अवसर मिला। भ्रमण के अंत में कंपनी के कार्यकारी निदेशक ने विद्यार्थियों से संवाद कर उद्योग क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां और सुझाव साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए व्यवहारिक सोच, नवाचार और कौशल विकास को प्राथमिकता देने की सलाह दी। यह औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इससे उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ औद्योगिक क्रियान्वयन की वास्तविक समझ प्राप्त हुई। विद्यार्थियों ने इस अवसर को प्रेरणादायक बताया और कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण उनके भविष्य को दिशा देने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# मौजूदा वर्ष में लगेंगे 5 करोड़ पौधे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने और पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से सरकार ने मौजूदा वर्ष में 5 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। लिहाजा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 5 जून से शुरू होने वाले वृक्षारोपण अभियान 2025 की तैयारी को लेकर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा ने सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिया है। इस अभियान के लिए बड़ी संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधों को विभागीय पौधशाला, जीविका दीदी पौधशाला और किसान पौधशाला में तैयार किया गया है। ऐसी अधिकृत पौधशालाओं की संख्या 268 है। इस विशेष अभियान में काला शीशम, कनक चंपा, कटहल, खैर, क्रंज, कुसुम, महोगनी, महुआ, मालेश्वरी, मौलाश्री, नीम, पाकड़, पीपल, पुत्रजीव, सागवान, साल, सहजन, सेमल, शहतूत, शरीफा, शीशम समेत 66 किस्म के पौधे लगाए जाएंगे। इस वृक्षारोपण अभियान में विभाग के साथ-साथ जीविका दीदी, किसान, गैर सरकारी संगठन, अर्धसैनिक बल और स्कूल के छात्र-छात्राओं की भी सहभागिता होगी। विभाग की तरफ से भागलपुर क्षेत्र में 1 करोड़, 30 लाख, 63 हजार, 600 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें बांका जिले में 20 लाख 57 हजार 900, अररिया में 13 लाख 87 हजार 400, जमुई में 16 लाख 37 हजार 800, पूर्णिया में 12 लाख 81 हजार 300, सुपौल में 12 लाख 79 हजार 600 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, गोपालगंज में 12 लाख 27 हजार, सीवान में 14 लाख 1970 पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही दरभंगा में 15 लाख 77 हजार, मधुबनी में 19 लाख 38 हजार, पूर्वी चंपारण में 20 लाख 17 हजार, तिरहुत में 19 लाख 84 हजार, समस्तीपुर में 16 लाख 86 हजार, सारण में 16 लाख 20 हजार, वैशाली में 15 लाख 15 हजार, औरंगाबाद में 15 लाख 50 हजार, गया में 22 लाख 11 हजार, नालंदा में 11 लाख 31 हजार, नवादा में 12 लाख 93 हजार, पटना में 13 लाख 89 हजार, वीटीआर क्षेत्र में ढाई लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही बेतिया में 16 लाख 16 हजार, रोहतास में 17 लाख 6 हजार, मुंगेर में 15 लाख 69 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# लालू परिवार की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** तेजप्रताप-अनुष्का प्रकरण को लेकर विवादों में घिरे लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। अभी तेजप्रताप यादव और अनुष्का यादव के प्रेम प्रसंग का मामला गरमाया ही हुआ है कि इसी बीच अब रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती है। इस मामले में गुरूवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसके बाद लालू परिवार पर आरोप तय करने का फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। बता दें कि इस मामले में लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस?वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, प्रेम चंद्र गुप्ता और सरला गुप्ता आरोपी हैं। अब इस मामले में 23 जुलाई को सुनवाई होगी। बताया जाता है कि स्पेशल सीबीआई जज विशाल गोगने की अदालत ने आरोप तय करने को लेकर दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। ऐसे में 23 जुलाई का दिन लालू यादव के साथ-साथ उनके परिवार के लिए भी बेहद खास माना जा रहा है। उस दिन सीबीआई द्वारा दर्ज रेलवे टेंडर घोटाला से जुड़े मामले में कोर्ट कोई बड़ा फैसला ले सकता है। बता दें कि लालू यादव जब रेल मंत्री थे, तब ही से यह मामला जुड़ा हुआ है। लालू यादव जब रेल मंत्री थे तब आईआरसीटीसी ने होटलों के संचालन, रखरखाव और विकास के लिए टेंडर जारी किया था।

# पीएम मोदी के बिहार आते कांग्रेस ने दागे सवाल

## बिहार के केंद्रीय योजनाओं में अंशदान सहित पिछले पैकेज पर कांग्रेस ने पूछे सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय बिहार दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में आयोजित महागठबंधन के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इस यात्रा पर सीधा सवाल मीडिया के माध्यम से पूछें।

**सवाल : बिहार की मांगों पर कब देंगे ध्यान**

नीति आयोग की दसवीं शासी परिषद की बैठक से पूर्व बिहार सरकार ने आयोग को अनुरोध पत्र भेजकर मांग की।

विकसित बिहार 2047 के लिए आवश्यक संसाधन मुहैया कराने की मांग की गई जिसमें अगले दस वर्षों में दीर्घकालीन योजनाओं के लिए बिहार को 15.68 लाख करोड़ की आवश्यकता है लेकिन प्रधानमंत्री महोदय आकर सवा लाख करोड़ का झूठा वादा किए जिसमें भी बिहार को एक पैसा नहीं मिला।

केंद्रीय योजनाओं में बिहार के साथ हकमारी क्यों कर रही है केंद्र सरकार, जब राज्य में भी उसकी ही सरकार है

**केंद्रीय योजनाओं में 90 फीसदी अंशदान दे केंद्र सरकार**

(बिहार में संचालित केंद्रीय योजनाओं में पूर्व की सरकार यानि यूपीए सरकार का अंशदान 75 से 90 प्रतिशत रहता था, ये बात बिहार सरकार ने स्वीकार की है अपने अनुरोध पत्र में) लेकिन वर्तमान सरकार ने 21 योजनाओं में जहां वित्तीय पैटर्न को 60-40 का कर दिया है वहीं कुछ में तो ये आंकड़ा 50-50 का कर दिया गया है।

**2024-25 के बजट में फिर वही पुराने वादे क्यों दोहराए गए?**

वादे सिर्फ कागजों पर, जमीन पर कुछ क्यों नहीं?

चाहे बुनियादी ढांचा हो, स्वास्थ्य हो या रोजगार–इनमें से एक भी वादा आज तक जमीन पर नहीं उतरा।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, शुक्रवार 30 मई 2025

## संपादकीय

# तेजी से बदल रहा है मौसम का मिजाज

प्रकृति की अपनी गति होती है, लेकिन दुख की बात है कि उसकी लय पिछले कुछ वर्षों में बिखरने लगी है। पिछले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्से में कहीं तेज आंधी चली, तो कहीं मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया। दरअसल, वैश्विक ताप बढ़ने के साथ न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में मौसम का चक्र टूट रहा है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में अप्रत्याशित आंधी-बारिश आई। राजधानी सहित देशभर के ज्यादातर हिस्से में जहां मई में भीषण गर्मी पड़ती है, वहीं इस बार मौसम इस कदर बदला कि लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि यह बारिश का मौसम है या गर्मी का। मौसम विभाग ने ही बताया कि पिछले शनिवार को हुई बारिश ने 125 वर्ष का रेकार्ड तोड़ दिया। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और रिहाइशी इलाकों में भी काफी नुकसान हुआ। राजधानी में तेज आंधी और बारिश के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इसे सहज माना जाए या फिर जलवायु परिवर्तन की चेतावनी समझा जाए। हाल ही में बंगलुरु में लगातार बारिश से जन-जीवन थम-सा गया। घरों में पानी घुस गया। सड़कों पर नावें भी चलीं। महाराष्ट्र में भी कमोबेश यही स्थिति पैदा हुई। दूसरी ओर मानसून ने केरल में इस बार समय से पहले दस्तक दे दी है। हैरत की बात यह है कि कोई पंद्रह साल बाद यह सबसे जल्दी आया है। यह आमतौर पर एक जून को आता है, लेकिन इस वर्ष यह न केवल पहले आया, बल्कि देखते ही देखते कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों पर भी छा गया। भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। विचित्र बात है कि एक ओर दक्षिण-पश्चिम भारत में बारिश हो रही है, तो उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। कहीं तेज हवाएं चलने के कारण लोगों को सतर्क किया जा रहा है, तो कहीं आंधी चलने की चेतावनी जारी की जा रही है। मौसम के बदलते तेवर के जोखिम से जनहानि का अंदेशा भी बना रहता है। वहीं रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ता है। पिछले दिनों कई उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े। दरअसल, पश्चिमी विक्षोभ आमतौर पर सर्दियों में बारिश की वजह बनता है। अगर यह मई के महीने बारिश की वजह बन रहा है, तो इसे गंभीरता से समझने की जरूरत है। समय पूर्व और तीव्रता से आंधी-बारिश जैसी परिस्थितियां जलवायु परिवर्तन की वजह से तो नहीं हो रही है? मौसम विज्ञानी पहले से ही चेतावनी देते रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि बढ़ते वैश्विक तापमान ने वायुमंडल की नमी धारण करने की क्षमता बढ़ा दी है। नतीजा यह कि मौसम अब तेजी से बदलने लगा है।

**अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है। सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी।**

# नये आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल

(ललित गर्ग)

भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं।

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रविवार की सुबह नये उगते सूरज के साथ भारत के नये आर्थिक सूरज बनने की सुखद एवं आह्लादकारी खबर दी। उन्होंने बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है।

सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं।



इससे भारत और जापान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 और सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। भारत विश्वगुरु बनने एवं विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। भारत ने जापान को पछाड़ कर जो छलांग लगायी है, इसके पीछे जापान की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियों रही है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2025 में जापान की जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 0.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो भारत की 6.5 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। जापान की उम्रदराज आबादी और लो बर्थ रेट ने लेबर फोर्स को सीमित कर दिया है। अमेरिका और अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ और व्यापार नीतियों ने जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। जापान की अर्थव्यवस्था कई दशकों से स्थिरता के लिए संघर्ष कर रही है, जिसके कारण वह भारत जैसे तेजी से बढ़ते देशों से पिछड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे निकलने की रेस में है। ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ने से ये विकास दर बनी रहेगी। हालांकि, ग्लोबल अनिश्चितता और ट्रेड टेंशन की वजह से इसमें थोड़ा असर पड़ सकता है।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है।

इन आर्थिक उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने जापान को पीछे छोड़ चौथी अर्थ-व्यवस्था बन गयी है। भारत ने अनेक आर्थिक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। लेकिन भारत के सामने चुनौतियां भी नयी-नयी शक्लों में उभर रही है। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे।

भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। इन समृद्धशालियों से उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। तभी देश आर्थिक दृष्टि से दुनिया की महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्रता से गति कर सकेगा। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब धनाढ्यों में एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है।

सदियों पहले भारत एक विकसित सभ्यता एवं सोने की चिड़िया रहा है। भारत हर दृष्टि से समृद्ध देश रहा है। अंग्रेजों की बेड़ियों में जकड़ने से पहले मध्यकालीन दौर में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी रहा। विदेशी आक्रांताओं ने देश को लूटा।

# ऑपरेशन सिंदूर ने अमेरिका को कैसे दिया झटका

(अनिल कुमार)

भारत की बढ़ती सैन्य सफलता, खास तौर पर ऑपरेशन सिंदूर जैसे हालिया अभियानों ने साफ तौर पर अमेरिका के लिए एक तीखी चेतावनी के रूप में काम किया है। भारत तेजी से इनोवेशन कर रहा है। साथ ही कम लागत और स्केलेबल वॉर मॉडल की दिशा में बढ़ रहा है। वहीं, अमेरिका धीमे, पुराने शीत युद्ध के ढांचों में फंसा हुआ है। यह विरोधाभास बहुत बड़ा है।

उदारहण के लिए भारत के पिनाका रॉकेट की कीमत 56,000 डॉलर से कम है, जबकि अमेरिका के जीएमएलआरएस मिसाइल की कीमत 148,000 डॉलर है। भारत ने अमेरिका निर्मित पैट्रियट या एनएएसएएमएस प्लेटफॉर्म की लागत के एक अंश पर आकाशतीर मिसाइल डिफेंस सिस्टम को तेजी से विकसित किया। यहां तक कि यूक्रेन की तरफ से ईरान के 20,000 के शाहेद-136 ड्रोन का उपयोग अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर से भी तेज है, जिसकी कीमत 30 मिलियन से अधिक है। ये उदाहरण अमेरिकी डिफेंस इकोसिस्टम में एक बुनियादी समस्या को उजागर करते हैं। जैसा कि जॉन स्पेंसर और विंसेंट वियोला ने स्मॉल वॉर्स जर्नल में तर्क दिया है। उनके अनुसार अमेरिका को मौलिक रक्षा सुधार की तत्काल आवश्यकता है। सिर्फ एडजस्टेमेंट नहीं। सिर्फ मामूली लाभ नहीं। एक पूर्ण पैमाने पर बदलाव।

**अमेरिकी डिफेंस इंडस्ट्रीज की समस्या क्या है:** अमेरिकी डिफेंस इंडस्ट्रीज पर मुट्ठी भर बड़े कॉन्ट्रैक्टर्स का दबदबा है। लॉकहीड मार्टिन, बोइंग, नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन, रेथियॉन टेक्नोलॉजीज और जनरल डायनेमिक्स दुनिया के शीर्ष हथियार उत्पादकों में शुमार हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, रेवेन्यू के हिसाब से दुनिया की टॉप 20 डिफेंस फर्मों में से नौ अमेरिकी हैं। शीर्ष 100 में से 41 अमेरिका बेस्ड हैं, जैसा कि यूरेशियन टाइम्स ने बताया है। जो कभी ताकत का संकेत था, अब वह कार्टेल जैसा लगता है। स्पेंसर और वियोला चेतावनी देते हैं कि अमेरिका की डिफेंस विनिर्माण प्रक्रिया पर प्रमुख कंपनियों के एक छोटे से कार्टेल का प्रभुत्व है, जो सक्षम होने के बावजूद इनोवेशन को बढ़ावा देने, लागत कम करने या जल्दी से अनुकूलन करने के लिए बहुत कम प्रोत्साहन रखते हैं। कोई वास्तविक बाजार प्रतिस्पर्धा नहीं है। यह प्रतिस्पर्धा नहीं है - यह कार्टेलाइज्ड वर्चस्व है।

**राष्ट्रपति ट्रंप कर चुके हैं इशारा:** डिफेंस बजट में उछाल के बावजूद - जिसके 2025 तक 1 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंचने की उम्मीद है - प्रमुख कॉन्ट्रैक्टर्स की संख्या में भारी कमी आई है। डिफेंस डिपार्टमेंट की एक स्टडी में पाया गया कि प्रमुख डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर्स की संख्या 51 से घटकर 10 से भी कम रह गई है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समस्या की ओर साफ इशारा किया कि रक्षा कंपनियों का आपस में विलय हो गया है, इसलिए बातचीत करना मुश्किल है... यह पहले से ही प्रतिस्पर्धी नहीं है।

**अमेरिकी अधिग्रहण प्रणाली = मॉर्डन वॉर के लिए धीमी:** आधुनिक युद्ध के लिए अमेरिकी अधिग्रहण प्रक्रिया बेहद धीमी है। नए उपकरणों को तैयार करने में अक्सर सालों, कभी-कभी दशकों लग जाते हैं। यूक्रेन में युद्ध ने इसे दर्दनाक रूप से उजागर किया। हालांकि जैवलिन और एचआईएमएआरएस जैसे अमेरिकी हथियारों ने अंतर पैदा किया, लेकिन उत्पादन मांग को पूरा करने के लिए संघर्ष करता रहा। तोपखाने के गोले की कमी ने पेंटागन को पुरानी फैक्ट्रियों और धीमी सप्लाई लाइनों पर निर्भर रहने के लिए मजबूर किया। 9/11 के बाद से युद्ध के मैदान में कई इनोवेशन - जैसे काउंटर-आईईडी किट और ड्रोन - औपचारिक खरीद को दरकिनार करते हुए इमरजेंसी चैनलों के माध्यम से पेश किए गए थे। लेकिन ये अस्थायी उपाय प्रणालीगत देरी को ठीक नहीं करते हैं।

**अमेरिकी ताकत को कमजोर कर रही लागत:** लागत-प्लस अनुबंध रक्षा फर्मों को बजट ओवर रन के रिजल्ट्स से बचाता है। यह सिस्टम इनोवेशन को हतोत्साहित करती है और अति-इंजीनियरिंग, महंगे प्लेटफार्मों को प्रोत्साहित करती है। एफ-35 फाइटर जेट इस समस्या को दर्शाता है। 1.7 ट्रिलियन के अनुमानित लाइफटाइम की लागत के साथ, देरी और खराब प्रदर्शन के लिए इसकी आलोचना की गई है। वायु सेना सचिव फ्रैंक केंडल ने स्वीकार किया कि हम उस गलती को दोहराने नहीं जा रहे हैं जो मुझे लगता है कि एफ-35 कार्यक्रम में की गई थी। मई 2023 में, केंडल ने चेतावनी दी कि सुधार के बिना यह मूल रूप से एक सतत एकाधिकार बनाता है।

**भारत और अन्य देशों से सबक:** जबकि अमेरिका बराबरी करने के लिए संघर्ष कर रहा है, भारत जैसे देश दिखा रहे हैं कि कुशलता से इनोवेशन कैसे किया जाए। भारत की डिफेंस इंडस्ट्रीज लागत प्रभावी, तीव्र विकास पर जोर दे रही है। आकाशतीर सिस्टम और पिनाका रॉकेट स्पीड और सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए बनाए गए स्केलेबल, मजबूत प्लेटफॉर्म के उदाहरण हैं। स्पेंसर और वियोला अमेरिका में 'एक चुस्त, स्केलेबल, स्तरित, तेज प्रतिक्रिया उत्पादन नेटवर्क' की गैरमौजूदगी को उजागर करते हैं। वे लिखते हैं कि वास्तविक वृद्धि क्षमता नहीं है। यह अंतर अमेरिका को हाई स्पीड वाले आधुनिक संघर्षों में कमजोर बनाता है। प्रासंगिक बने रहने के लिए अमेरिका को अपनी रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया को स्पीड और फ्रंटलाइन फीडबैक इर्द-गिर्द फिर से बनाना चाहिए - न कि दशकों तक चलने वाले स्थिर कार्यक्रमों के इर्द-गिर्द।

# नेताओं के बिगड़े बोल के लिए राजनीतिक दल ही जिम्मेदार

**देश के सामने असली दिक्कत अंदरुनी है। अंदरुनी चुनौतियां से निपटना आसान नहीं हैं, वह भी यदि ऐसी हरकतें नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाए। जिन पर हर सूरत में देश की आन-बान-शान को ऊंचा रखने की जिम्मेदारी हो, यदि वो ही निम्नस्तरीय कृत्य पर उतर आएं तो सवाल खड़े होना लाजिमी है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है।**

(योगेंद्र योगी)

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था।

देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता के लिए सीमा पार से मिलने वाली चुनौती का भारत ने न सिर्फ वर्तमान में बल्कि पूर्व में बखूबी जवाब दिया है। भारत बाहर से मिलने वाली हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह दृढ़ता विश्व में साबित कर दी है। देश के सामने असली दिक्कत अंदरुनी है। अंदरुनी चुनौतियां से निपटना आसान नहीं हैं, वह भी यदि ऐसी हरकतें नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाए। जिन पर हर सूरत में देश की आन-बान-शान को ऊंचा रखने की जिम्मेदारी हो, यदि वो ही निम्नस्तरीय कृत्य पर उतर आएं तो सवाल खड़े होना लाजिमी है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है।

ऐसा नहीं है कि मंत्री विजय शाह ऐसा कृत्य करने वाले अकेले नेता हैं, जिनकी वजह से देश का नीचा देखना पड़ा है। ऐसा करने वाले नेता की लंबी फेहरिस्त है, जिनके बिगड़े बोल से देश और समाज का सौहार्द्र प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर प्रभावित हुआ है। मध्यप्रदेश के इस मंत्री को बेशक सजा मिल जाए, इसके बाद भी बड़ा सवाल यही है कि आखिर वह कौनसी वजह है कि नेताओं की जुबान काबू में नहीं रहती। सवाल यह भी है कि वैमनस्य का जहर घोलने वाले ऐसे नेताओं के मामले में कानूनी कार्रवाई का इंतजार क्यों किया जाता है। राजनीतिक दल आगे बढ़ कर कार्रवाई की नजीर पेश क्यों नहीं करते। यदि राजनीतिक दलों ने नेताओं के लिए कोई लक्ष्मण रेखा खींची होती और उसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई निर्धारित कर रखी होती तो ऐसी नौबत नहीं आती।

दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों की शह ही ऐसे नेताओं के बिगड़े बोलों के लिए जिम्मेदार है। इनकी अनदेखी करने से नेताओं में प्रलाप करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विगत चुनावों में यदि नेताओं पर दलों ने लगाम कसी होती तो ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होती। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान कई बार भाषायी मर्यादा टूटती दिख रही, किन्तु किसी भी पार्टी ने इस पर चिंता नहीं जताई और नेताओं को म्यान में रहने की हिदायतें नहीं दी। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में



अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से कार्रवाई भी की गयी, किन्तु कांग्रेस ने सुरजेवाला के खिलाफ महिलाओं की मर्यादा को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की। इसके जवाब में कंगना ने कहा कि हर महिला गरिमा की हकदार है। हालांकि, विवाद बढ़ने पर सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से पोस्ट डिलीट कर दी। चुनाव आयोग की तरफ से उन्हें नोटिस दिया गया था। कंगना रनौत भी नाम लेकर निजी टिप्पणी करने में पीछे नहीं रहीं। कंगना ने राहुल गांधी और मंडी सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह को क्रमशः 'बड़ा पप्पू और छोटा पप्पू' कहा। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित गांधी-नेहरू परिवार को निशाना बनाया और कांग्रेस को एक बीमारी और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई दीमक करार दिया, जो उनके मुताबिक 2014 तक देश को खा रही थी। हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा ने रनौत को परी करार देते हुए कहा है कि लोग केवल उन्हें देखने आते हैं। प्रतिभा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कि कंगना की मां आशा रनौत ने कहा था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता ये हुस्न परी है, और ये क्या चीज है जैसी टिप्पणियां कर रही हैं और यह भूल गई हैं कि उनके घर में भी बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि एक मां होने के नाते मुझे दुख होता है और मुझे लगता है कि ऐसी टिप्पणियों से अन्य मांएं भी दुखी हो रही हैं।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था। बिहार भाजपा के प्रमुख सम्राट चौधरी के बयान पर काफी विवाद देखने को मिला था। सम्राट चौधरी ने कहा था कि टिकट बेचने में लालू यादव ने अपनी बेटी को भी नहीं छोड़ा। पहले अपनी बेटी की किडनी ली और उसके बाद लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया। सम्राट चौधरी ने कहा था कि आगामी चुनाव में मैदान में उतरने से पहले लालू ने अपनी बेटी की किडनी ले ली। राजद की तरफ से इसे लेकर जमकर आपत्ति जतायी गयी थी। गिरिराज सिंह के बयान पर भी विवाद हुआ था। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा था कि मुस्लिम महिलाओं द्वारा बुर्के की आड़ में मतदान को प्रभावित करने व रोकटोक पर विवाद करने की घटनाएं सामान्य हैं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पोलिंग एजेंटों द्वारा आपत्ति करने पर उनकी पहचान सुनिश्चित करने से किसी की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती है।

उनके इस बयान को लेकर भी हंगामा देखने को मिला था। सैम पित्रोदा अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। पित्रोदा ने रंगभेद को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चाइनीज और दक्षिण के लोग साउथ अफ्रीकन जैसे दिखते हैं। कांग्रेस ने पित्रोदा के इस बयान से किनारा कर लिया। सैम पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने इस मुद्दा बना लिया था।

# लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर व पुलिस प्रशासन के सहयोग से होगा 31 मई को मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित : डॉ प्रवीण सिद्धार्थ

● पुलिस व सेना के जवानों व उनके परिजनों का होगा निशुल्क इलाज ● रांची व पलामू के ख्याति प्राप्त चिकित्सक करेंगे इलाज
● दवा व पैथोलॉजिकल जांच होगी निशुल्क : डा रवीश ● सर के बाल से लेकर पैर के नाखून तक का होगा इलाज : गुरुवीर सिंह

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर पुलिस प्रशासन के सहयोग से स्थानीय पुलिस लाइन में मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा। 31 मई की सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित मेगा स्वास्थ्य कैंप में पलामूवासियों की रक्षा कर रहे पुलिस जवानों व सेना के जवानों व उन सभी के परिजनों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। उक्त बातें लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष डा. प्रवीण सिद्धार्थ ने कही। वे स्थानीय निर्मला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहा कि सेना के जवान शरहद पर डटकर देश की रक्षा कर रहे हैं। साथ ही पलामू के पुलिस जवान भी पलामू वासियों की रक्षा कर रहे हैं। ऐसे में लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर व पुलिस सहित उनके परिजनों का ख्याल रखते हुए मेगा कैंप में ख्याति प्राप्त चिकित्सक के माध्यम से निशुल्क इलाज कराएगा।



उन्होंने बताया कि 16 से 20 नामी गिरामी चिकित्सकों की टीम मेगा कैंप में भाग लेकर पुलिस व उनके परिजनों का इलाज करेंगे। इसमें पलामू सहित रांची के चिकित्सक भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मेगा चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रसून कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुपम कुमार, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उदय कुमार, ब्रेन एंड स्पाइन स्पेशलिस्ट डॉ रवीश कुमार, पेट- पीत व आंत कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ मयंक शेखर, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ निशांत व डॉ विनीत कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ आनंद, डा आरके रंजन व डॉ राजरतन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अभय कुमार व डॉ गौरव विशाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अलका शुक्ला, जनरल सर्जन डॉक्टर श्यामा चरण वस्ती, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ सुभाष कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में वे स्वयं डॉ प्रवीण सिद्धार्थ, इसके अलावा पैथोलॉजिस्ट डा श्वेता शेखर, माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉक्टर सृष्टि गुंजन व फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर अमित कुमार शामिल रहेंगे। मेडिकल कॉलेज की टीम भी कार्यक्रम में शामिल रहेगी। उन्होंने कहा कि शिविर में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। उन्होंने पुलिस व सेना के परिजन भी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगले चरण में शहर की सफाई करने वाले सारे सफाई मित्रों व बहनों के लिए हेल्थ कैंप लगाया जाएगा। एक सवाल के जवाब में डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि पिछले 10 सालों में हजारों नदीवीरियों व शहीदों के परिजन को निर्मला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल व उसके पहले अपने क्लीनिक में निशुल्क इलाज व ऑपरेशन करते आ रहे हैं। इस तरह के सेवा कार्य पर सीआरपीएफ के 134 बटालियन से अवार्ड भी मिला है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर पशु-पक्षी का भी ख्याल रखते हैं। साथ ही क्लब का संकल्प है कि हरित पलामू के तहत शहर में आगामी बरसात के दिनों में हर घर के परिवार के एक सदस्य से पौधा लगवाएंगे।

**पुलिस अधीक्षक के सहयोग से लग रहा मेगा कैंप : गुरुवीर सिंह**

लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के नव चयनित अध्यक्ष गुरुवीर सिंह ने कहा कि लायंस क्लब आफ मेदिनीनगर पहले थाना परिसर में स्वास्थ्य शिविर लगाने का कार्यक्रम रखा था। लेकिन पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बड़े पैमाने पर पुलिस लाइन में ही शिविर लगाने का सुझाव दिया। पुलिस अधीक्षक ने शिविर में सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। उनके सहयोग से मेगा स्वास्थ्य कैंप पुलिस लाइन परिसर में लगाया जा रहा है। इसके लिए वे पुलिस अधीक्षक के आभारी हैं। कहा कि मेगा स्वास्थ्य शिविर में पहली बार सर के बाल से लेकर पैर के नाखून तक के रोगों का इलाज किया जाएगा। डॉ प्रवीण सिद्धार्थ के सहयोग से रांची के जाने-माने चिकित्सक भी कैंप में इलाज करेंगे। मौके पर डा रविश ने कहा कि शिविर में दवा से लेकर लैब टेस्ट तक की सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अपने आप में यह स्वास्थ्य शिविर कई मायनो में अनुपम होगा। दंत चिकित्सक डॉ निशांत ने कहा कि मेगा कैंप में दांत के रोगियों को बेहतर तकनीक से इलाज किया जाएगा। मौके पर क्लब के मुकेश अग्रवाल, निलेश चंद्रा, रणजीत कुमार मिश्रा व अन्य मौजूद थे।

# आरसीयू में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित

**20 छात्र -छात्राओं ने किया रक्तदान**



**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामचन्द्र चन्द्रवंशी विश्वविद्यालय की संयुक्त इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वाधान में गुरुवार को लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व रजिस्टार डॉ देवाशीष मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 20 छात्र -छात्राओं ने रक्तदान किया। इसे संग्रहित कर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के ब्लड बैंक को सौंप दिया गया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पूरी दुनिया में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। आपके द्वारा किया गया रक्त का दान जरूरतमंदों को नया जीवन प्रदान करता है। उन्होंने शिविर में उपस्थित शिक्षकों व छात्र - छात्राओं को रक्तदान के लिये प्रेरित किया। शिविर की सफलता में विश्वविद्यालय के बीएड, बीपीएड, आरसीआइटी, आरसीपीआई, फामेर्सी व पीजी के जूलोजी सहित होम साइंस विभाग के छात्र - छात्राओं तथा शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर अमृता कुमारी, डौं अंजनी सिंह,पंकज कुमार, शालीनी सुमन, डॉ.सत्यप्रकाश, डॉ राजू, नरेन्द्र कुमार, कुंज दुबे, अमन कुमार, डॉ. आलोक, प्राध्यापक रोहित तिवारी, रेशमा, शंकर भारती, धीरज सिंह, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ उत्तम मिश्रा, कर्मचारी पार्थ कुमार, राकेश चन्द्रवंशी, विशाल कुमार सहित एनएसएस के सभी सक्रिय सदस्य मौजूद थे।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की होते हैं रीढ़ : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर(पलामू) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत हरिहरगंज प्रखंड के सुल्तानी गांव स्थित हाई स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को हरिहरगंज कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। इसमें कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक शामिल हुए। इस दौरान संगठन की मजबूती पर चर्चा की गयी। साथ ही पार्टी के नीति व सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही गयी। मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत सभी प्रखंडों में इस तरह के बैठक का आयोजन किया जा रहा है। प्रखंड, मंडल, पंचायत के बाद बूथ कमेटी का विस्तार किया जाएगा। कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते हैं। कार्यकताओं से ही पार्टी की पहचान है। इसलिए एकजुट होकर पार्टी की मजबूती के कार्य मे जुट जाए। प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में संगठन सृजन के तहत प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। इसमें नवीन सिंह व राकेश प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया। सचिन सिंह, साकेत सिंह, मो. महफूज आलम, नरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, सीमा दास, सजंती देवी, रामनरेश यादव व संजीव सिंह को महासचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने सभी प्रखंड पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर पाठक, अवध बिहारी सिंह, सत्येंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष अजय साहू, देवांग शुक्ला, मिट्ठू खान, तुलसी पासवान, अनिल सिंह, शहजाद अली, पिपरा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह, शैलेश सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष अंबिका सिंह सहित कई मौजूद थे।



# एकमा बाजार के उप मुख्य पार्षद के लिए उपचुनाव 30 जून को

**एकमा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार के उप मुख्य पार्षद पद के लिए उपचुनाव आगामी 30 जून 2025 को होगा। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर छपरा सह निवार्ची पदाधिकारी नितेश कुमार द्वारा आम सूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार यह पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है और इस पर महिला या पुरुष किसी भी वर्ग के प्रत्याशी चुनाव लड़ सकते हैं। चुनाव प्रक्रिया के तहत नाम निर्देशन पत्र 28 मई से 5 जून 2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक भरे जा सकेंगे। उधर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी भी बढ़ने लगी है। वहीं उप निर्वाचन पदाधिकारी सह एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 6 जून से 9 जून तक अनुमंडल पदाधिकारी, सदर छपरा के कार्यालय में सुबह 11.00 बजे से की जाएगी।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना पर जिला स्तरीय स्टीयरिंग एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिला स्तरीय स्टीयरिंग एवं मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्री श्याम नारायण राम ने की। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, संबंधित पदाधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान योजना की प्रगति, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, छात्रों की पोषण स्थिति सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में पोषण युक्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग और उनके सुचारू क्रियान्वयन हेतु समुचित रणनीति अपनाने पर विशेष बल दिया गया।




बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जाएं। डीएमएफटी, सीएसआर एवं अन्य मदों से विद्यालयों में थाली, गिलास आदि क्रय करने की प्रक्रिया को भी गति दी जाए। साथ ही, रसोइया/सहायिकाओं को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना से लाभान्वित करने, उन्हें आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित करने के विषय में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयोजित सामाजिक अंकेक्षण की रिपोर्ट पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने योजना के प्रभावी संचालन हेतु अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

## संक्षिप्त समाचार

### आभूषण व नकदी सहित लाखों की चोरी

**अमनौर (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के धरहरा खुर्द पंचायत स्थित फिरोजपुर गांव में बुधवार की रात एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने गांव के निवासी नवल किशोर सिंह के घर को निशाना बनाते हुए लाखों के गहनों व नकदी की चोरी कर ली। पीड़ित गृहस्वामी नवल किशोर सिंह ने बताया कि रात को भोजन के बाद वह और उनकी पत्नी सो गए थे, बेटा ससुराल में शादी में गया था। सुबह शौच के लिए उठने पर शौचालय के पास एक बैग गिरा मिला और पीछे का दरवाजा खुला था। घर के अंदर अलमारी के ताले टूटे मिले। अलमारी से सोने के एक सेट, तीन अंगूठी, झुमका, टॉप्स, कंगन, मंगलसूत्र, धागा, जूतियां, चांदी के पायल, बिछिया, हनुमान जी की मूर्ति, दीपक सहित लगभग 30 लाख रुपये मूल्य के आभूषण और तीन हजार नगद की चोरी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही अमनौर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है। दो दिन पूर्व मंदरौली व गोसी अमनौर में भी चोरों ने कई घरों को निशाना बनाया था। वहीं राघव सिंह के घर पर भी चोरी का प्रयास हुआ, लेकिन घरवालों के जागने से चोर भाग निकले। थानाध्यक्ष ने जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

### भेल्दी में वांछित अपराधी कामेश्वर ठाकुर गिरफ्तार

**भेल्दी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भेल्दी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मुरली सिरसिया गांव से वांछित अपराधी कामेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार कामेश्वर ठाकुर पर भेल्दी थाना कांड संख्या 19/25 और 131/25 के तहत आर्म्स एक्ट के गंभीर मामले दर्ज हैं। इसके अलावा वर्ष 2001 के कांड संख्या 32/2001 में भी उस पर हत्या के प्रयास, एससी/एसटी एक्ट और सामाजिक वैमनस्य फैलाने जैसी संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। एसपी डॉ. कुमार आशीष के निर्देश पर जिले भर में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के तहत यह गिरफ्तारी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### ट्रक में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**भेल्दी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर भेल्दी थाना क्षेत्र के सरायबक्स के समीप गुरुवार दोपहर एक ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगते ही ट्रक धू-धूकर जलने लगा और अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक एनएच किनारे खड़ी थी। अचानक उसमें आग लग गई। चालक ने सूझबूझ से समय रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर भेल्दी पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग के कारणों की छानबीन कर रही है।

### अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पटना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है.पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक पिक अप से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार करते हुए कुल 891 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है. इसके साथ ही शराब ढोने में प्रयुक्त एक पिकअप वैन को भी जब्त किया गया है. पुलिस स्टेशन एस एच ओ ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान अभिषेक कुमार और राजकुमार के रूप में हुई है.अभिषेक बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के चकारम मोहल्ला जबकि राजकुमार शाहपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. बरामद शराब की अनुमानित कीमत लाखों रुपये में है. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के पूरे नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है.अवैध शराब के खिलाफ सघन अभियान आगे भी जारी रहेगा.





# भारत निर्वाचन आयोग की 21 नई पहलें : लोकतंत्र को सशक्त करने की दिशा में बड़ा कदम

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत निर्वाचन आयोग ने 19 फरवरी 2025 से 29 मई 2025 के बीच चुनावी व्यवस्था को पारदर्शी, सुलभ और आधुनिक बनाने के लिए 21 महत्वपूर्ण पहलें की हैं। इन पहलों का उद्देश्य मतदाता सुविधा बढ़ाना, राजनीतिक दलों की भागीदारी सुनिश्चित करना, चुनावकर्मियों को प्रशिक्षण देना और डिजिटल संसाधनों का बेहतर उपयोग करना है। आयोग की ये पहलें लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। अब प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता ही होंगे, जिससे भीड़ नियंत्रित होगी और मतदान प्रक्रिया आसान बनेगी। साथ ही, बहुमंजिला इमारतों और घनी कॉलोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र भी बनाए जाएंगे।वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप को पहले से अधिक स्पष्ट और उपयोगी बनाया गया है। इसमें अब क्रम संख्या और भाग संख्या को प्रमुखता से दशार्या जाएगा ताकि मतदाता को बूथ पर परेशानी न हो। मृत्यु पंजीकरण के डेटा को अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल, भारत के डेटाबेस से जोड़ा जाएगा। सत्यापन के बाद मृतकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे, जिससे डुप्लीकेट वोटिंग की संभावना खत्म होगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए अब हर मतदान केंद्र के बाहर मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**बूथ लेवल एजेंट्स को मिलेगा प्रशिक्षण**

बूथ लेवल एजेंट्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। बिहार, तमिलनाडु और पुडुचेरी के प्रतिनिधियों को नई दिल्ली स्थित IIIDEM संस्थान में प्रशिक्षित किया गया। प्रचार संबंधी नियमों में बदलाव करते हुए, अब उम्मीदवार या राजनीतिक दल मतदान केंद्र से केवल 100 मीटर की दूरी पर प्रचार बूथ लगा सकते हैं। पहले यह सीमा 200 मीटर थी। चुनाव प्रबंधन के लिए एकीकृत पोर्टल 'ECINET' लॉन्च किया गया है। पहले जहां 40 से अधिक ऐप्स और वेबसाइट्स थीं, अब सारी सेवाएं एक ही पोर्टल पर उपलब्ध होंगी। हर मतदाता को अब विशिष्ट ईपीआईसी नंबर मिलेगा। इससे डुप्लीकेट ईपीआईसी की समस्या खत्म होगी।

**उपभोक्ता को मिला न्याय**

# डेमो बाइक बेचने पर एजेंसी और कंपनी पर ₹40 हजार जुर्माना

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** छपरा रोड स्थित चाप ढाला के पास विजय सेल्स एजेंसी ने उपभोक्ता बृज किशोर पांडे को एक लाख 23 हजार रुपए में इलेक्ट्रॉनिक बाइक बेची, जो कि वास्तव में कंपनी की डेमो (प्रचार हेतु) बाइक थी। इस बाइक का न तो बीमा हुआ था और न ही नंबर प्लेट दी गई। बाइक बार-बार खराब होने लगी तो उपभोक्ता ने या तो बाइक बदलने या फिर राशि वापस करने की मांग की, लेकिन विजय सेल्स ने कोई समाधान नहीं दिया। थकहार कर उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान आयोग ने माना कि विजय सेल्स ने जानबूझ कर डेमो बाइक को बेचकर उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी की। साथ ही, कंपनी को भी अपनी जिम्मेदारी से बचने का दोषी माना।आयोग ने विजय सेल्स और बाइक कंपनी को ₹30,000 उपभोक्ता के मानसिक एवं आर्थिक क्षति के लिए ₹10,000 मुकदमे के खर्च के रूप में पुरानी डेमो बाइक वापस लेकर एक माह के भीतर नई बाइक देने का आदेश दिया। अगर एक माह में बाइक नहीं दी गई, तो दोनों पक्षों को मिलकर ₹1,63,000 की राशि 9% वार्षिक ब्याज के साथ उपभोक्ता को चुकानी होगी।

# श्रवण कुमार दूसरी बार फुलवारी शरीफ प्रखंड राजद अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को पटना जिला के फुलवारी शरीफ विधानसभा में गंज पर सियाराम मैरेज हॉल में श्रवण कुमार दूसरी बार फुलवारी शरीफ प्रखंड राजद अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए.फुलवारी शरीफ प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने शांति पूर्वक संपन्न कराया. सरवन कुमार के अध्यक्ष बनने पर फुलवारी प्रखंड के राजद के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी.इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद प्रभात कुमार उर्फ राजा चौधरी एवं संचालन हरि नारायण यादव ने किया.प्रभारियों ने संगठन विस्तार को लेकर फुलवारी शरीफ विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय बैठक भी की. इस बैठक में पाटलिपुत्र लोकसभाअंतर्गत फुलवारी शरीफ विधानसभा के प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव बिहार के युवाओं के लोकप्रिय युवा नेता सह उप मुख्यमंत्री बिहार तेजस्वी प्रसाद यादव ने फिरकापरस्त सामंतवादी ताकतों के खिलाफ जो मुहिम चलाई है उसको अमलीजामा पहनाने के लिए संगठन को धारदार एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है. इस महत्वपूर्ण बैठक में राजद के प्रदेश सचिव जेम्स यादव, फुदेना रविदास, डॉ सुनील यादव, जिला परिषद दीपक मांझी, दिनेश रजक, कैश अनवर, सुरेन्द्र यादव, प्रमोद यादव, मोहम्मद इमाम, सूरज चंद्रवंशी , संजय कुमार सुधीर कुमार, सिद्धनाथ यादव,विनोद यादव, राम बाबू रविदास, दिलीप यादव, हेमू रजक, राजू कुमार मंटू मुखिया, अजय कुमार पंचायत अध्यक्ष नवलेश कुमार, मोहन मंडल, राजकिशोर, मुन्ना, जागतानंद प्रसाद, टिंकू कुमार, विमल चंद्रवंशी, मिर्त्युजय कुमार पिंटू कुमार, सुधीर पासवान,राम अनुज, विक्की यादव, संतोष कुमार , सिद्धि बाबू, रौनित यादव, अरुण यादव सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे.

# फुलवारी शरीफ में अधेड़ की पीट-पीटकर और गला दबाकर हत्या

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकल थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह कुरकुरी मुसहरी के नजदीक पचौनी टोला इलाके में एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान फुलवारी शरीफ जोगिया टोली संगत पर निवासी नारायण शर्मा के 50 वर्षीय पुत्र अजय शर्मा के रूप में हुई है. स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची फुलवारी शरीफ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. थाना प्रभारी मसूद हैदरी ने बताया कि शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि उसकी गला दबाकर और ईंट-पत्थर से पीट-पीटकर हत्या की गई है. शरीर के ऊपरी हिस्से पर कई जगह चोट के गहरे निशान हैं. मृतक अजय शर्मा पेशे से बढ़ई था. उनके भाई मुन्ना शर्मा ने बताया कि वह छह भाइयों में दूसरे नंबर पर था. बुधवार की सुबह वह नाश्ता करके मजदूरी के लिए घर से निकला था. रात भर जब वह घर नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने उसकी काफी तलाश की.





गुरुवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि अजय की हत्या कर दी गई है और उसका शव कुरकुरी मुसहरी के पास पड़ा है. परिजनों का कहना है कि अजय की एक बेटी शादी योग्य है और बेटा मजदूरी करता है. भाई मुन्ना शर्मा के अनुसार अजय की हत्या गला दबाकर और सिर को कुचलकर की गई, जिससे उसके कान और नाक से खून बह रहा था. स्थानीय लोगों का मानना है कि अजय शराब पीने के लिए कुरकुरी मुसहरी गया होगा. लौटते वक्त बदमाशों ने लूटपाट के दौरान उसकी हत्या कर दी. यह इलाका आपराधिक घटनाओं के लिए कुख्यात रहा है. लोगों का कहना है कि कुरकुरी मुसहरी में शराब पीने वालों पर बदमाशों की निगाह रहती है. लूटपाट के दौरान हत्या कर देना आम बात बन गई है. इस क्षेत्र में अब तक दर्जनों लोगों की जान सिर्फ कुछ रुपये लूटने के चक्कर में जा चुकी है.स्थिति यह है कि इस क्षेत्र में पुलिस की गश्ती भी नहीं होती. डर का ऐसा माहौल है कि लोग शाम ढलते ही घरों में कैद हो जाते हैं. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. हालांकि अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत, भाकपा माले ने की मुआवजे की मांग

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रोड में डुमरी हाल्ट के समीप सूर्य मंदिर के पास 27 मई की रात्रि में एक सड़क हादसे में फुलवारी शरीफ प्रखंड के पलंगा निवासी कामेशर मांझी (30 वर्ष), पिता धुरखेली मांझी की मौत हो गई. हादसे के बाद घायल को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक के भाई कारु मांझी ने बताया कि कमेशर मांझी लेबर का काम करते थे और रोज की तरह काम से लौट रहे थे. तभी डुमरी में सड़क पार करते वक्त एक वाहन की चपेट में आ गए. रात्रि में ही पुलिस ने घायल हालत में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान मौत हो गई. सुबह परिजनों को जानकारी मिली, जिसके बाद वेलोग अस्पताल पहुँचे. घटना की सूचना मिलते ही भाकपा माले के प्रखंड सचिव गुरुदेव दास के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम- शरीफा मांझी, अनिल कुमार चंद्रवंशी और मंटू साह—ने मृतक के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी.प्रखंड सचिव गुरुदेव दास ने सरकार से मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है. उन्होंने कहा कि गरीब मजदूर की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है



CMYK

# 11 प्रतिशत बढ़ा सरकारी कंपनी सेल का मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 11 प्रतिशत बढ़कर 1,250.98 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व में बढ़ोतरी के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। सेल ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1,125.68 करोड़ रुपये का मुनाफा अर्जित किया था। इस बीच, सेल के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपये के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 1.60 रुपये का फाइनल डिविडेंड देने की सिफारिश की है।



**राजस्व और खर्च**- इसी अवधि में सेल का परिचालन राजस्व बढ़कर 29,316.14 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 27,958.52 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में खर्च 28,020.56 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में यह 26,473.86 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर कंपनी का प्रॉफिट अक्टूबर-दिसंबर 2024 में अर्जित 141.89 करोड़ रुपये के मुनाफे की तुलना में लगभग नौ गुना अधिक रहा। हालांकि, समूचे वित्त वर्ष (2024-25) में कंपनी का नेट प्रॉफिट घटकर 2,371.80 करोड़ रुपये रह गया जो वित्त वर्ष 2023-24 में 3,066.67 करोड़ रुपये था।

**क्या कहा कंपनी के चेयरमैन ने**- सेल के चेयरमैन और एमडी अमरेंदु प्रकाश ने कहा- हमारे वित्तीय परिणाम परिचालन दक्षता, सतत वृद्धि और हितधारकों के लिए मूल्य सृजन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। पिछली तिमाही में मौजूद अंतरराष्ट्रीय शुल्क और आयात दबाव से उत्पन्न चुनौतियों के बीच, हमारा मजबूत प्रदर्शन हमारी स्थिति को मजबूत करते हुए जटिलताओं से निपटने की हमारी क्षमता को दर्शाता है।

# पूर्व सीईओ समेत 5 अफसरों पर सेबी के बैन के बाद इंडसइंड बैंक के शेयर पर पड़ रहा असर

नई दिल्ली, एजेंसी। 10 बजे के करीब इंडसंड बैंक के शेयर सेंसेक्स टॉप गेनर बन गए। इनमें 1.26 प्रतिशत की उछाल थी और ये 815 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहे थे। इसकी मेन वजह, पूर्व सीईओ सुमंत काठपलिया और बैंक के चार अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर सेबी द्वारा शेयर बाजार में कारोबार करने पर रोक लगाना। साथ ही, सेबी ने इन पांचों से कुल 19.78 करोड़ जब्त किए। हालांकि, बैंक ने दावा किया है कि सेबी के आदेश का हमारे कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इससे पहले बाजार खुलते ही इंडसइंड बैंक के शेयर 803.05 पर खुले। पिछले दिन के मुकाबले थोड़े नीचे रहे। वहीं, एनएसई पर इंडसइंड बैंक के शेयर 805.15 रुपये पर खुले और 803.05 रुपये तक आ गए। सुबह पौने दस बजे के करीब मामूली बढ़त के साथ 809 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहे थे।

**क्यों सेबी ने लिया इतना बड़ा एक्शन**- इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप - सेबी के मुताबिक, ये अधिकारी बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में हुई गड़बड़ियों (1,749.98 करोड़ के नुकसान) की गुप्त जानकारी होने के बावजूद, दिसंबर 2023 से मार्च 2025 के बीच अपने शेयर बेचते रहे। हैरानी की बात यह है कि इन्होंने इस दौरान कुल 4.79 लाख शेयर बेचे, लेकिन एक भी नहीं खरीदे।

**जानबूझकर चुप्पी** – बैंक ने यह गड़बड़ी पहली बार दिसंबर 2023 में जानी, लेकिन इसे गुप्त जानकारी घोषित करने में 15 महीने की देरी की। आखिरकार, इसका खुलासा 10 मार्च 2025 को हुआ।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट के लिए अडानी ग्रुप ने 16,700 करोड़ का किया निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट अगले कुछ दिनों में शुरू हो सकता है। अडानी ग्रुप ने इस एयरपोर्ट के विकास पर 16,700 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस एयरपोर्ट को सफल बनाने के लिए अडानी ग्रुप ने सरकार से एक खास अनुरोध किया है। अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने मुंबई और नवी मुंबई एयरपोर्ट के लिए एक जैसी फीस लगाने की मांग की है। उसका कहना है कि यात्रियों और एयरलाइंस के लिए टैरिफ की गणना करते समय इन दोनों एयरपोर्ट को एक ही माना जाना चाहिए। अगर सरकार‚ ॥रु के इस प्रस्ताव को मान लेती है, तो दोनों एयरपोर्ट पर लगने वाले शुल्क बराबर हो जाएंगे। इससे नवी मुंबई एयरपोर्ट पर ज्यादा ट्रैफिक आने की संभावना है। श्वज्ञ की एक रिपोर्ट के मुताबिक ये दोनों एयरपोर्ट‚ ॥रु के ही हैं लेकिन नवी मुंबई एयरपोर्ट पर यात्रियों से लिए जाने वाले शुल्क, लैंडिंग और पार्किंग चार्ज मुंबई एयरपोर्ट से काफी ज्यादा होंगे। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि शायद एयरलाइन कंपनियां नए एयरपोर्ट पर शिफ्ट होने से परहेज कर सकती हैं। नवी मुंबई एयरपोर्ट से जुलाई में कमर्शियल ऑपरेशन शुरू होने की उम्मीद है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो इस एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली पहली एयरलाइन होगी।

## क्या है नियम

कंपनी ने एयरपोर्ट्स इकनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ) एक्ट में 2021 में हुए संशोधन का हवाला दिया है। इस संशोधन में एयरपोर्ट को ग्रुप में रखने और उन्हें एक यूनिट के रूप में नामित करने की अनुमति दी गई है। ऐसा छोटे और घाटे में चल रहे एयरपोर्ट के निजीकरण के लिए किया गया था। उन्हें उसी क्षेत्र के बड़े एयरपोर्ट के साथ मिलाकर निवेशकों के लिए आकर्षक बनाया गया था।



एक सूत्र ने कहा कि नवी मुंबई में एक नया एयरपोर्ट बनाने में बहुत ज्यादा पैसा लगाया गया है। इसलिए, स्वाभाविक रूप से नवी मुंबई में टैरिफ मुंबई से काफी ज्यादा होगा। मुंबई एक स्थापित एयरपोर्ट है, जहां पूंजीगत व्यय कम है और संपत्तियां पुरानी हो रही हैं। अगर दोनों एयरपोर्ट के टैरिफ की गणना एक यूनिट के रूप में की जाती है, तो दोनों एयरपोर्ट पर लगने वाले चार्ज दोनों का औसत होगा।

इससे समानता आएगी। टैरिफ रेगुलेटर ऐरा ऑपरेटर द्वारा किए गए पूंजीगत व्यय के आधार पर पांच साल के लिए एयरपोर्ट चार्ज तय करता है। यह ऑपरेटर को उचित लाभ हो, यह सुनिश्चित करने के लिए पूंजीगत व्यय, परिचालन लागत, मूल्यह्रास और गैर-एयरो राजस्व के आधार पर एयरपोर्ट के राजस्व और व्यय को ध्यान में रखता है।

**कंपनियों का विरोध**- एयरलाइन कंपनियां नए एयरपोर्ट पर शिफ्ट होने का विरोध कर रही हैं। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने मार्च में कहा था कि अडानी ग्रुप नवी मुंबई में ऑपरेशन शुरू करने के लिए दोनों एयरपोर्ट के स्वामित्व का इस्तेमाल जबरदस्ती ट्रैफिक को वहां शिफ्ट करने के लिए कर रहा है। इस बारे में अडानी ग्रुप और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। कंपनी ने अक्टूबर में मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 के नवीनीकरण की योजना की घोषणा की है। इसके कारण लगभग 15 मिलियन यात्रियों को टर्मिनल 2 और नवी मुंबई में शिफ्ट करना होगा। इस प्रक्रिया में शामिल लोगों ने कहा कि राजस्व हिस्सेदारी में अंतर भी एक कारण है कि‚ ॥रु चाहता है कि ज्यादा एयरलाइंस नवी मुंबई से उड़ान भरें। रियायत समझौते के अनुसार मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को अपने सकल राजस्व का 38.7 प्रतिशत एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को देना होता है।

## 15 शहरों में हैं दो एयरपोर्ट


एक वरिष्ठ एयरपोर्ट अधिकारी ने कहा कि अगर मुंबई एयरपोर्ट की तुलना में नवी मुंबई एयरपोर्ट पर कम राजस्व हिस्सेदारी पर ज्यादा ट्रैफिक होता है, तो कंपनी के पास एयरपोर्ट के संचालन के लिए ज्यादा राजस्व होगा। इसलिए उन्हें एक यूनिट के रूप में मानना वित्तीय रूप से समझ में आता है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि कंपनी के प्रस्ताव पर ढ्ढ और ष्ढ्ढष्टह्र के साथ विचार-विमर्श चल रहा है, जो भविष्य के मामलों के लिए एक मिसाल कायम करेगा। उन्होंने कहा कि 15 शहरों में दो एयरपोर्ट होने के कारण एक टैरिफ गणना प्रक्रिया स्थापित करना जरूरी है जो नए सुविधाओं के विकास को बढ़ावा दे और यात्रियों पर बोझ न डाले। लेकिन ऐरा के एक पूर्व अधिकारी ने चेतावनी दी कि इस तरह के कदम को अनुचित लाभ देने के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि उनके अलग-अलग समझौते और स्वामित्व संरचनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह एकमात्र मामला है जहां एक ही कंपनी के पास एक ही क्षेत्र में दोनों एयरपोर्ट हैं।

### सरकार की सख्ती

# खाद्य तेलों की पैकेजिंग नियमों में ढील का फायदा नहीं उठा पाएंगी कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार जल्द ही खाद्य तेलों के लिए स्टैंडर्ड पैक साइज फिर से लागू करने की योजना बना रही है। वर्ष 2022 में पैकेजिंग नियमों में ढील दिए जाने के बाद व्यापारियों ने ग्राहकों को कम मात्रा देकर अधिक कीमत वसूलनी शुरू कर दी थी, जिसके बाद यह कदम उठाया जा रहा है। मामले से जुड़े दो लोगों ने यह जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, 2022 में कानूनी मापविज्ञान (पैकेज्ड वस्तुएं) नियमों में बदलाव कर खाद्य तेलों की पैकिंग में लचीलापन दिया गया था। इसके बाद बाजार में 800 ग्राम, 810 ग्राम या 850 ग्राम जैसे अनियमित साइज के पैक बिकने लगे, जिन्हें एक किलो के पैक के रूप में बेचा गया। व्यापारी इन कम मात्रा वाले पैक के लिए एक किलो की पूरी कीमत वसूल रहे थे। इसे अनुचित और धोखाधड़ी भरा माना गया, क्योंकि इससे ग्राहकों का भरोसा टूट रहा था।

## क्या है नई योजना



इस मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि अब सरकार 500 ग्राम, एक किलो, दो किलो और पांच किलो जैसे पारंपरिक पैकिंग साइ को फिर से अनिवार्य करने पर विचार कर रही है। इससे कीमतों में हेरफेर को रोका जा सकेगा। अधिकारी ने कहा कि हमें शिकायतें मिली हैं कि तेल के पैक की कीमत और वजन में अंतर की वजह से अनुचित व्यापार हो रहा है। 800 ग्राम के पैक की कीमत समझना ग्राहकों के लिए मुश्किल है, लेकिन दो किलो या 500 ग्राम का मानक पैक समझना आसान है।

# रतन टाटा के चहेते ने चेयरमैन पद से दिया इस्तीफा




नई दिल्ली, एजेंसी। देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा केमिकल्स में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कंपनी के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन अब इस पद पर नहीं रहेंगे। उनकी जगह कंपनी के डायरेक्टर एस. पद्मनाभन का नया चेयरमैन बनाया गया है। चंद्रशेखरन टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन हैं और दिवंगत रतन टाटा के करीबी माने जाते हैं। रतन टाटा का पिछले साल अक्तूबर में निधन हो गया था। चंद्रशेखरन को रतन टाटा का करीबी माना जाता था। रतन टाटा उन पर काफी भरोसा करते थे। चंद्रशेखरन को 2017 में टाटा संस का चेयरमैन बनाया गया था। एन. चंद्रशेखरन ने टाटा केमिकल्स के बोर्ड को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने बताया कि वह अब टाटा केमिकल्स के चेयरमैन क्यों नहीं रहना चाहते। उन्होंने कहा कि उनके पास अभी बहुत सारे काम हैं और आगे भी रहेंगे। इसलिए वह यह पद छोड़ रहे हैं। चंद्रशेखरन के पास टाटा केमिकल्स के लगभग 9 करोड़ रुपये के शेयर हैं। वह नवंबर 2020 में कंपनी के बोर्ड में शामिल हुए थे। नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति 20 कंपनियों में डायरेक्टर बन सकता है। इन कंपनियों में प्राइवेट, पब्लिक, लिस्टेड और अनलिस्टेड सभी तरह की कंपनियां शामिल हैं। टाटा मोटर्स अब दो अलग-अलग कंपनियों में बंट रही है। ऐसे में चंद्रशेखरन को उस ऑटोमोबाइल कंपनी में और भी जिम्मेदारियां निभानी होंगी। हाल ही में उन्हें रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन का चेयरमैन भी बनाया गया है। यह फाउंडेशन टाटा ग्रुप की कंपनियों में रतन टाटा के शेयरों का बेनिफिशियरी है। इन शेयरों की कीमत 2,750 करोड़ रुपये है। इन 20 कंपनियों में से कोई व्यक्ति 10 पब्लिक कंपनियों के बोर्ड में शामिल हो सकता है। इन 10 कंपनियों में से वह 7 लिस्टेड कंपनियों में डायरेक्टर हो सकता है। टाटा केमिकल्स ने मोदन साहा को भी कंपनी का एडिशनल डायरेक्टर बनाया है। मोदन साहा टाटा संस में स्ट्रेटेजी हेड हैं। चंद्रशेखरन साल 1987 में एक इंटर्न के तौर पर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के साथ जुड़े थे। साल 2007 में उन्हें टीसीएस के बोर्ड में शामिल किया गया और सीओओ बनाया गया। इसके बाद साल 2009 में वह टीसीएस के सीईओ बन गए।

# एनसीएलटी ने प्रमोटर्स समेत 37 पर कस दिया बड़ा शिकंजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की अहमदाबाद पीठ ने बुधवार, 28 मई को जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड, उसकी संबंधित संस्थाओं और प्रमोटरों के खिलाफ वित्तीय कदाचार, कॉर्पोरेट धोखाधड़ी और शासन मानदंडों के व्यवस्थित उल्लंघन के गंभीर आरोपों के बाद कड़ी कार्रवाई शुरू की है। नियामकों द्वारा महत्वपूर्ण सार्वजनिक हित वाला बताया गया यह मामला, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए), सेबी, एसएफआईओ, आरबीआई और आयकर विभाग सहित कई एजेंसियों की ज्वाइंट कार्रवाई का कारण बना है। कंपनी के मालिक, अनमोल सिंह जाजी और पुनीत सिंह जाग्गी, पर आरोप है कि उन्होंने कंपनी के पैसे ग़लत तरीके से निकाल लिए (फंड डायवर्जन)। कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड (फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स) में हेराफेरी की गई। कंपनी की संपत्तियों को बिना इजाजत बेचा या गिरवी रखा गया।

# गेहूं का इस साल नहीं होगा आयात-निर्यात

## बंपर पैदावार से रिकॉर्ड 35.39 करोड़ टन अनाज का उत्पादन संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में प्रमुख फसलों की बंपर पैदावार को देखते हुए सरकार ने बुधवार को फसल वर्ष 2024-25 के लिए अनाज उत्पादन अनुमान को संशोधित कर रिकॉर्ड 35.39 करोड़ टन कर दिया है। इसमें अकेले गेहूं का उत्पादन 11.75 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, देश ने धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन सहित प्रमुख फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि हासिल की है। कुल मिलाकर, अनाज उत्पादन लगातार बढ़ रहा है।दलहन-तिलहन उत्पादन को और बढ़ाना होगा, जिसके लिए प्रयास जारी है। तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, फसल वर्ष 2024-25 में गेहूं उत्पादन के अनुमान को संशोधित कर 11.75 करोड़ टन कर दिया गया, जबकि पहले 11.53 करोड़ टन का अनुमान लगाया गया था।पिछले साल 11.33 करोड़ टन गेहूं का उत्पादन हुआ था। धान का उत्पादन रिकॉर्ड 14.90 करोड़ टन हो सकता है, जो फसल वर्ष 2023-24 के 13.78 करोड़ टन से अधिक है।मक्का उत्पादन 4.23 करोड़ टन होने का अनुमान है। मोटे अनाजों का उत्पादन 62.1 लाख टन रह सकता है, जो पिछले वर्ष से अधिक है।



**दलहन उत्पादन 2.52 करोड़ टन**- दलहन उत्पादन बढ़कर 2.52 करोड़ टन होने का अनुमान है। अरहर उत्पादन 35.6 लाख टन, मूंग 38.1 लाख टन और चना 1.13 करोड़ टन हो सकता है। तिलहन उत्पादन 4.26 करोड़ टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यह 3.96 करोड़ टन था।मूंगफली का उत्पादन रिकॉर्ड 1.19 करोड़ टन और सोयाबीन का 1.52 करोड़ टन होने का अनुमान है। सरसों का उत्पादन 1.26 करोड़ टन रह सकता है। गन्ना उत्पादन 45.16 लाख टन पहुंच सकता है।

**गेहूं का इस साल नहीं होगा आयात निर्यात, भंडार चार साल के शीर्ष पर**- देश में इस साल गेहूं की बंपर फसल होने से सरकारी भंडार भर रहे हैं। इससे इस वर्ष गेहूं का न तो आयात होगा और न ही निर्यात किया जाएगा। देश आयात के बिना घरेलू मांग को पूरा करने में सक्षम है। भारत ने 2022 में इस प्रमुख अनाज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था, जिसे 2023 और 2024 में बढ़ा गया था। भीषण गर्मी के कारण 2023 और 2024 में फसलों के सूखने का डर था, जिससे भंडार में भारी गिरावट आने की आशंका थी। इससे गेहूं की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच सकती थीं। अटकलें लगाई जा रही थीं कि 2017 के बाद पहली बार भारत को गेहूं आयात की जरूरत पड़ सकती है

# बिकने जा रही बीपी की कैस्ट्रॉल, रिलायंस से लेकर सऊदी अरामको तक ले रहे इंटरेस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेल कंपनी बीपी कंपनी अपने दशकों पुराने और दुनियाभर में मशहूर केस्ट्रोल लुब्रिकेंट्स के बिजनेस को बेचने की तैयारी में है। यह खबर ही बाजार में तूफान ला दिया है, क्योंकि इसकी खरीदारी के लिए दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज मैदान में उतर आए हैं। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इस डील में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। लेकिन रिलायंस अकेली नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी सऊदी अरामको भी इस रेस में शामिल है। दोनों कंपनियों की नजर केस्ट्रोल के भारत जैसे तेजी से बढ़ते बाजारों में मजबूत पकड़ पर है।

**बोली लगाने को ये भी तैयार**- इन दोनों दिग्गजों के साथ ही, अमेरिका की बड़ी निवेश कंपनियां अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट और लोन स्टार फंड्स भी बोली लगाने को तैयार हैं। यही नहीं, ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट और स्टोनपीक पार्टनर्स जैसे बड़े निवेशकों को भी बीपी ने खरीदारी के लिए आमंत्रित किया है। अफवाह है कि कुछ कंपनियां आपस में गठजोड़ बनाकर भी इस रेस में शामिल हो सकती हैं।




**दांव पर है बहुत बड़ी रकम**- विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह डील 8 से 10 अरब डॉलर (करीब 66,000 से 83,000 करोड़ रुपये) में पूरी हो सकती है। इतनी बड़ी खरीदारी के लिए बैंकर भी तैयार हैं। वे खरीदारों को लगभग 4 अरब डॉलर (करीब 33,000 करोड़ रुपये) का कर्ज देने पर विचार कर रहे हैं। इस कर्ज को यूरो और डॉलर जैसी अलग-अलग मुद्राओं में देने की योजना है, ताकि पैसे की कमी न हो। यह इस साल की उन चुनिंदा बड़ी डीलों में से एक होगी जिसके लिए इतना बड़ा वित्तीय पैकेज तैयार हो रहा है।

**आखिर बीपी अपना इतना पॉपुलर ब्रांड क्यों बेचना चाहती है**- इसके पीछे कंपनी की बड़ी रणनीति काम कर रही है। बीपी अपने पूरे कारोबार का स्ट्रैटेजिक रिव्यू कर रही है। इसकी एक बड़ी वजह एक्टिविस्ट निवेशक एलियट इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट का दबाव भी है, जो अब बीपी के सबसे बड़े शेयरधारकों में से एक बन गया है। एलियट कंपनी पर तेजी से और साहसिक फैसले लेने का दबाव डाल रहा है। इस पर तेल की गिरती कीमतों ने भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं, जिससे बीपी के लिए अपनी संपत्तियों को अच्छे दाम पर बेचना और भी जरूरी हो गया है।

# नवरत्न कंपनी से अनिल अंबानी की कंपनी को मिला पावर, 4400 प्रतिशत से ज्यादा उछले हैं शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयर गुरुवार को 5 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 53.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। रिलायंस पावर की सहायक इकाई रिलायंस एनयू एनर्जीज प्राइवेट लिमिटेड को नवरत्न कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड से लेटर ऑफ अवॉर्ड से मिला है। यह लेटर ऑफ अवॉर्ड 350 मेगावॉट के इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम कनेक्टेड सोलर पावर प्रोजेक्ट के साथ 175 एमडब्ल्यू/700 एमडब्ल्यूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए है।



**रिलायंस पावर की पोजिशन होगी मजबूत**- चालू होने पर प्लेटफॉर्म 600 मेगावॉट की सोलर डीसी कैपेसिटी और 700 एमडब्ल्यूएच की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम कैपेसिटी रिलायंस पावर के पोर्टफोलियो में जोड़ेगा और न्यू एनर्जी सॉल्यूशंस में कंपनी की लीडरशिप पोजिशंस को मजबूत करेगा। कंपनी की टोटल क्लीन एनर्जी पाइपलाइन अब 2.4 गीगावॉट की सोलर डीसी कैपेसिटी और 2.5 त्नङ्ख॥ की बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम कैपेसिटी हो गई है, जिससे यह इंटीग्रेटेड सोलर और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम में सबसे बड़ी कंपनी हो गई है।

**4400 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गए हैं रिलायंस पावर के शेयर**- अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस पावर के शेयर पिछले पांच साल से कुछ ज्यादा समय में 4400 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। रिलायंस पावर के शेयर 27 मार्च 2020 को 1.15 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 29 मई 2025 को 53.10 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर पिछले पांच साल की बात करें तो कंपनी के शेयरों में 2700 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले एक साल में रिलायंस पावर के शेयर 110 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। पिछले एक महीने में रिलायंस पावर के शेयरों में 29 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 55.10 रुपये है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 23.30 रुपये है।

00000

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 29-05-2025 21:42 Page 1



# लंबी दूरी की कई ट्रेनें हुईं रद्द, कई के मार्ग बदले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** रेल यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने परिचालन संबंधी कारणों के चलते 2 जून से 8 जून तक कई ट्रेनों को रद कर दिया है, कुछ के मार्ग में बदलाव किया गया है और कुछ ट्रेनों को पुनर्निर्धारित किया गया है। ऐसे में यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इन परिवर्तनों को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 68046/68045 आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू पैसेंजर जो कि 2 जून से 8 जून, 2025 तक चलने वाली थी, उसे रद कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 18019/18020 झारग्राम-धनबाद-झारग्राम मेमू को भी 2 जून और 4 जून के लिए रद किया गया है।

कुछ ट्रेनों को आंशिक रूप से रद किया गया है, जिनमें 68056/68060 टाटा-आसनसोल-बराभूम मेमू पैसेंजर

## यात्रियों की बढ़ेगी परेशानियां



शामिल है। यह ट्रेन 3 जून, 4 जून, 7 जून और 8 जून, 2025 को आद्रा स्टेशन पर ही समाप्त हो जाएगी और यहीं से शुरू होगी। इस दौरान आद्रा-आसनसोल-आद्रा के बीच यह सेवा रद रहेगी।

इसी तरह 68079/68080 बजे-चंद्रपुरा-बजे मेमू पैसेंजर 6 जून और 8 जून, 2025 को महुदा स्टेशन पर ही समाप्त होगी और यहीं से शुरू होगी। इस दौरान महुदा-चंद्रपुरा-महुदा के बीच यह सेवा रद रहेगी।

परिवर्तन की इस श्रृंखला में एक ट्रेन के मार्ग में भी बदलाव किया गया है। 18601 टाटा-हटिया एक्सप्रेस जो कि 8 जून, 2025 को चलने वाली है, अब चांडिल जंक्शन - पुरुलिया जंक्शन - कुसतौर के बजाय चांडिल जंक्शन - गोमो जंक्शन - मुरी के रास्ते से होकर गुजरेगी।

पुनर्निर्धारित ट्रेनों में 18035 खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस शामिल है, जो 2 जून, 5 जून, 7 जून और 8 जून, 2025 को खड़गपुर से 2 घंटे की देरी से रवाना होगी। साथ ही 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस 3 जून और 6 जून, 2025 को हटिया से दो घंटे की देरी से रवाना होगी।

## अतिरिक्त कोच के साथ चलेंगी कुछ गाड़ियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल के गुजरने वाली एक ट्रेन में, खड़गपुर मंडल से गुजरने वाली एक ट्रेन में और रांची रेल मंडल से चलने वाली तीन ट्रेनों में 04 जून तक विभिन्न तिथियों में एक अतिरिक्त कोच लगा कर चलाने का निर्णय लिया है। ताकि इन ट्रेनों में होने वाली यात्रियों की अत्यधिक भीड़ से निपटा जा सके और यात्री बडे.आराम के साथ सफर कर सकेंगे।

29 से 31 मई और 02 एवं 04 जून को ट्रेन नंबर 18183 टाटानगर - बक्सर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एक नन एसी चेयर कार कोच लगेगा। 29 व 31 मई और 03 जून को ट्रेन नंबर 18603 रांची -गोड्डा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त थ्री टीयर स्लीपर कोच लगेगा। 29 से 31 मई को ट्रेन नंबर 18611 रांची - बनारस एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगा। 29 व 31 मई और 02 जून को ट्रेन नंबर 18640 रांची -आरा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त थ्री टीयर स्लीपर कोच लगेगा। 29 से 31 मई और 01 से 4 जून तक ट्रेन नंबर 12837 हावड़ा -पुरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच और एक थर्ड एसी कोच लगेगा।

स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के शुरू होने के साथ ही ट्रेनों में भीड़ बढ़ने लगी है। उत्तर भारत की ओर जाने वाली ट्रेनों में आरक्षित सीटें नहीं मिल रही हैं। जून मध्य तक ट्रेनों में जगह खाली नहीं है। कई ट्रेनों में अगले दो महीने तक सीट बुक हो चुकी हैं। इसके बावजूद हावड़ा, सियालदह व कोलकाता से धनबाद-कोडरमा होकर पर्यटन स्थलों के लिए स्पेशल ट्रेन नहीं चलाई जा रही हैं। कोडरमा से जम्मू व हरिद्वार जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग है। राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र के शहरों में जाने वाली ट्रेनों में भी अगले दो महीनों तक सीट खाली नहीं मिल रही है। पूर्व के वर्षों में गर्मी छुट्टी के दौरान पश्चिम बंगाल से कोडरमा होकर कई पर्यटन स्थलों के लिए ट्रेन चलती रही है।

# पीएम किसान सम्मान निधि में फर्जीवाड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलियापुर।** बलियापुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की राशि मृतकों के खाते में जाने के मामले की जांच के लिए बुधवार को जिला स्तरीय टीम बलियापुर पहुंची। टीम का नेतृत्व धनबाद के अपर समाहर्ता विनोद कुमार कर रहे थे। टीम के सदस्यों ने मामले की जांच के लिए कई गांव का दौरा कर मृतक लाभुकों का सत्यापन किया।

सत्यापन के दौरान यह बात सामने आई की मौत के बाद भी लाभुकों को पीएम सम्मान योजना की राशि मिल रही थी, लेकिन मौत के उपरांत राशि की निकासी उनके खाते से नहीं की गई है। जांच दल का नेतृत्व कर रहे अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने बताया कि सभी मृतकों के खाते की जांच कर सर्वप्रथम खाता से निकासी पर रोक लगाई जाएगी।

जांच किया जाएगा की लाभुक की मृत्यु के बाद कितनी राशि उनके खाते में गई है और उस राशि को वापस सरकार के खाते में ट्रांसफर किया जाए उन्होने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह है कि यदि मृतक के खाते में गई राशि को किसी व्यक्ति द्वारा या उनके स्वजन द्वारा निकाला गया है तो यह आपराधिक मामला बनेगा। इसमें कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जांच टीम में शामिल बलियापुर सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि मृतक के खाते को होल्ड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही अयोग्य लाभुकों से वसूली प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दिया गया है। जल्द ही अन्य अयोग्य लाभुकों को चिन्हित कर वसूली प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया जाएगा।

मालूम हो की बलियापुर के सीओ द्वारा कराए गए सर्वे में बलियापुर क्षेत्र से लगभग डेढ़ सौ मृत व करीब डेढ़ सौ अयोग्य लाभुको को चिन्हित किया गया था, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। जांच दल में जिला कृषि पदाधिकारी धनबाद, डीपीएमयू रूपेश कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार थे।

# हर्ष विवाद में चली गोली, एक की मौत

## शादी समारोह में डीजे डांस को ले हुआ विवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बरवाकोचवा गांव में बुधवार की मध्य रात एक शादी समारोह उस वक्त मातम में बदल गया, जब डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद में चली गोली से एक युवक की जान चली गई। इसके साथ ही शादी की रौनक को खून में डूबो दिया।

जानकारी के अनुसार, बरवा कोचवा गांव निवासी वृक्ष भारती की पुत्री की शादी में बिहार के इमामगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बरडीह गांव से बारात आई थी। रातभर चल रहे समारोह के बीच डीजे की धुन पर नाच के दौरान दो गुटों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।

बात इतनी बढ़ गई कि देखते ही देखते एक युवक ने अपने पास मौजूद हथियार से दूसरे युवक पर गोली चला दी। गोली लगने के बाद युवक को घायल अवस्था में इमामगंज इलाज करने के लिए ले जाया गया, जहां पहुंचने के पहले ही युवक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान बरडीह गांव निवासी अभिषेक कुमार यादव के रूप में की गई है। घटना के बाद शादी की खुशियों की जगह चीख-पुकार और मातम ने ले ली। मौके पर अफरातफरी मच गई और समारोह बीच में ही रोक दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ जारी है।

उन्होंने कहा कि घटना की गहनता से जांच की जा रही है, दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस हत्याकांड ने न केवल एक परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया, बल्कि सामाजिक आयोजनों में बढ़ती असहिष्णुता और हथियारों के खुले इस्तेमाल पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर रोष व्याप्त है और वे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## नयी शराब नीति बनी चुनौती

**रांची।** राज्य में एक जुलाई से शराब की खुदरा दुकानों का संचालन उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। झारखंड राज्य बेवरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के अधीन राज्य में चल रही खुदरा दुकानों का संचालन प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यमो कराया जा रहा है। उन दुकानों में प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से मैनपावर की आपूर्ति की गई है। इन प्लेसमेंट एजेंसियों को 30 जून तक के लिए ही ठेका मिला हुआ है। ऐसी स्थिति में एक जुलाई से शराब दुकानों का संचालन कौन करेगा, यह विभाग के लिए बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को देखते हुए विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को अधिकारियों से बैठक की और आगे का प्लान बनाया।

बैठक में यह समस्या सामने आई कि हाल के दिनों में एसीबी की कार्रवाई से विभाग में वरीय अधिकारियों की भारी कमी हो गई है। आयुक्त उत्पाद भी प्रशिक्षण के सिलसिले में बाहर हैं। यही वजह है कि प्रस्तावित नई उत्पाद नीति एक जुलाई से लागू नहीं हो सकेगी।

# पुलिस ने किया गन फैक्ट्री का उद्भेदन, संचालक सहित 6 धराये

- बंगाल में हुई घटना तो पकड़ में आई फैक्ट्री
- सामने बनवाए हथियार, पुलिस ने की रिकार्डिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरास/महुदा।** बंगाल एवं झारखंड एटीएस की टीम ने बुधवार की रात महुदा थाना क्षेत्र की सिंगड़ा बस्ती में मुर्शीद अंसारी के घर में छापामारी की। यहां से बड़ी संख्या में देसी पिस्टल समेत कई अर्ध निर्मित व निर्मित हथियार मिले हैं।

एटीएस को पता चला है कि मुर्शीद अंसारी के घर पर मुंगेर के चार कारीगरों की मदद से काफी समय से यह मिनी गन फैक्ट्री संचालित हो रही थी। छापेमारी में पुलिस ने मुर्शीद अंसारी व उसकी पत्नी हिना परवीन समेत सात लोगों को पिस्टल बनाने के दौरान गिरफ्तार किया। बाद में पूछताछ के बाद हिना को छोड़ दिया। पुलिस पता लगा रही है कि ये गिरोह कब से यहां अवैध हथियार बना रहा था। ये हथियार कहां भेजे जाते थे और किसे भेजे जाते थे। करीब तीन हजार से अधिक अर्ध निर्मित व पूर्ण रूप से निर्मित पिस्टल बरामद होने की बात सामने आई है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व ही देसी पिस्टल की लाट की सप्लाई यहां से हुई थी। यहां के हथियार से पड़ोसी राज्य बंगाल में आपराधिक घटना को अंजाम दिया गया, वे अपराधी पकड़े गए तो इस फैक्ट्री की जानकारी लगी।

उनसे मिले सुराग पर बंगाल एटीएस सक्रिय हुई। झारखंड एटीएस से संपर्क किया गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से चार अपराधियों के साथ यहां छापेमारी की गई। अपराधियों ने पुलिस को बताया कि लंबे समय से यहां पर हथियार बनाए जा रहे हैं।

इनके निर्माण के बाद बाहर के जिलों में सप्लाई किया जाता था। बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोतम कुमार सिंह खुद पूरे मामले पर नजर रखे हैं। महुदा अंचल पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी के साथ उन्होंने मुर्शीद अंसारी की पत्नी हिना परवीन सहित पकड़े गये लोगों से पूछताछ की है।

पुलिस ने अपने सामने चार कारीगरों से एक घंटे में चार पिस्टल भी बनवाईं। उनकी पूरी रिकार्डिंग की। इसको साक्ष्य के रूप में सहेज लिया है। इसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। स्मार्ट पुलिसिंग के तहत सभी साक्ष्यों को अब ऑनलाइन डाटा के रूप में रखा जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मुर्शीद की गतिविधियां संदिग्ध रहीं हैं। पहले भी उसके यहां पुलिस आई थी, तब कुछ नहीं मिला था। यहां वह जार में पानी ढोने वाला वाहन व प्राइवेट वाहन का चालक बनकर जीवन यापन करता था।

पुलिस को उसकी पत्नी ने बताया कि कुल्टी का एक युवक अर्श मोहम्मद अक्सर आता था। वही हथियार के लिए कच्चा माल यहां देता था। उसे पुलिस पकड़े तो बहुत जानकारियां मिलेंगी।

हिना ने बताया की मुर्शीद उसके साथ मारपीट करता था। तलाक भी दे दिया था। बावजूद जबरन उसके घर में रह रही थी।

# बुजुर्गों ने पेंशन की राशि से बनवाया मंदिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में बगोदर प्रखंड की बेको पूर्वी और पश्चिमी पंचायत के करीब 300 सेवानिवृत्तों ने अनोखी पहल करते हुए धर्म-अध्यात्म के प्रति अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया है। इन बुजुर्गों ने अपनी पेंशन की राशि से भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया है, जिसके निर्माण में साढ़े तीन करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है।



आसपास के लोग इन बुजुर्गों की सराहना कर रहे हैं। मंदिर का निर्माण इसी साल पूरा हुआ है। निर्माण पूर्ण होने के बाद यहां इसी वर्ष 29 अप्रैल से 9 मई तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।

मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले बुजुर्ग रेलवे, बीसीसीएल आदि विभागों मे विभिन्न पदों पर कार्यरत थे। कुछ शिक्षक भी थे। अब यह सभी खुद को भगवान का सेवक कहलाना पसंद करते हैं। यह न केवल बगोदर प्रखंड बल्कि आसपास के क्षेत्र में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाला पहला मंदिर है।

खास बात यह है कि मंदिर निर्माण के पावन उद्देश्य को पूरा करने के लिए कई बुजुर्गों ने अपनी आदतों में बदलाव किया और शराब समेत अन्य बुरी लत छोड़ कर उसमें खर्च होने वाली राशि मंदिर के निर्माण में लगाई। अब ये बुजुर्ग आसपास के अन्य लोगों से भी शराब, जुआ व अन्य बुरी लत छोड़ने की अपील करते रहते हैं।

इनका सपना है कि मंदिर के माध्यम से क्षेत्र में सुख-शांति और सद्भावना फैले। मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले 15-20 बुजुर्ग दिवंगत भी हो चुके हैं। गांव व परिवार के लोग कहते हैं कि आज उनकी आत्मा को शांति मिल रही होगी कि उन्होंने जो संकल्प लिया था, वह पूरा हो गया।

बात वर्ष 2012 की है। बेको गांव में एक मंदिर था तो जीर्ण-शीर्ण हो गया था। इसे देखते हुए बुजुर्गों के मन में मंदिर का जीर्णोद्धार करने का ख्याल आया। शुरूआत चारदीवारी से की। मंदिर परिसर की घेराबंदी की और पेड़-पौधे लगाए। इतने भर से उन्हें संतुष्टि नहीं मिली। इसके बाद बुजुर्गो ने वहां एक भव्य पंच शिव मंदिर बनाने और इस स्थल को नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया।

इसके लिए सभी ने अपनी पेंशन के पैसे से हर महीने एक निशअचित रकम निकालकर मंदिर निर्माण के लिए पूंजी इकट्ठा करने का निर्णय लिया।

किसी ने एक हजार तो किसी ने 500 रुपये हर महीने सहयोग राशि देनी शुरू की। आरंभ में 50 लोग आगे आए। धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़कर 300 तक पहुंच गई। बुजुर्गों के नियमित अंशदान से मंदिर निर्माण के लिए अच्छी-खासी रकम जमा हुई। इसके बाद निर्माण का काम शुरू करा दिया गया। बीच में जितनी भी राशि की जरूरत पड़ी इन 300 लोगों ने आपसी सहयोग से पुनः अंशदान कर इकट्ठा कर लिए। मंदिर निर्माण में अपनी पेंशन की रकम लगाने के बाद भी पैसे कम पड़े तो इन बुजुर्गों ने अन्य श्रद्धालुओं से भी आर्थिक सहयोग लेकर काम को आगे बढ़ाया। ये बुजुर्ग प्रतिदिन प्रखंड के एक अन्य धार्मिकस्थल सोनापहाड़ी जाते थे। वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। दिनभर उस मंदिर परिसर में रहकर ये बुजुर्ग वहां आने-जाने वाले श्रद्धालुओं से मंदिर निर्माण के लिए सहयोग करने की अपील करते थे।

इस क्रम में लोग यथाशक्ति सहयोग राशि देते थे। बुजुर्गों की सोच को धरातल पर उतारने में स्थानीय ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया और धीरे-धीरे भव्य मंदिर तैयार हो गया। अभी मंदिर संचालन को लेकर कोई समिति नहीं बनी है। शादी-विवाह से होने वाली आय और श्रद्धालुओं के चढावा से फिलहाल मंदिर का संचालन हो रहा है। मंदिर निर्माण में प्रशासन या फिर जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी प्राप्त नहीं हुआ। केवल पूर्व मुखिया ने आर्थिक सहयोग किया।

## आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष मिलने वाले राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के शिक्षकों के लिए नेशनल अवार्ड पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 27 मई से शुरू हुई है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि नौ जुलाई निर्धारित है।

स्कूली शिक्षकों के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जून माह में शुरू होगी। संभावना है कि जून के दूसरे या तीसरे सप्ताह में इसके लिए भी पोर्टल खोल दिया जाएगा।

भारत सरकार उच्च एवं तकनीकी शिक्षा तथा स्कूली शिक्षा दोनों श्रेणी में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करती है। चयनित शिक्षकों को पांच सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। इसके तहत शिक्षकों को 50 हजार रुपये नकद, सिल्वर मेडल तथा प्रशस्ति पत्र मिलता है। उच्च एवं तकनीकी संस्थानों के 25, पॉलिटेक्निक के 10 तथा स्कूली शिक्षा के 40 शिक्षकों का चयन पुरस्कार के लिए किया जाता है। उच्च एवं तकनीकी संस्थानों एवं पॉलिटेक्निक के शिक्षकों के लिए पांच वर्ष का शैक्षणिक अनुभव अनिवार्य है तथा उनकी आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# कांग्रेस ने भाजपा पर कसा तीखा तंज

## भाजपा बताए किसे कहते हैं विदेशी धर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस ने भाजपा पर तंज कसते हुए पूछा है कि भाजपा आखिर किस धर्म को विदेशी कहती है। भाजपा को बताना चाहिए कि विदेशी धर्म किया है? भारत के धर्म कोड में छह धर्म अंकित हैं, जिसमें हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन है। इसी में कांग्रेस सातवां कॉलम शामिल करने की मांग कर रही है।

कांग्रेस ने कहा कि अब रघुवर दास और भाजपा को यह बताना चाहिए कि किसे विदेशी धर्म कहते हैं। यह भाजपा की संकुचित और मनु स्मृति की सोच को दर्शाती है। जब पांच साल सत्ता में थे तो आपने पेसा कानून लागू क्यों नहीं किया।

भाजपा के नेता आदिवासियों के बीच पार्टी की घटती लोकप्रियता से घबराए हुए हैं। इसलिए भाजपा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीतिक कर रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी सतीश पाल मुंजनी ने कहा कि भाजपा की संकीर्ण मानसिकता दशार्ता है कि आदिवासी पारंपरिक व्यवस्था के लिए रूढ़िवादी शब्द उनपर थोपना चाहते हैं।

पारंपरिक शब्द उन प्रथाओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक मान्यताओं को संदर्भित करता है, जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं।

पारंपरिक चीजें समाज की एक सांस्कृतिक धरोहर होती हैं। इन्हें आमतौर पर लंबे समय से मान्यता प्राप्त होती है।

उन्होंने पूछा कि सबसे पहले भाजपा बताए कि इस राज्य में 14 साल से ज्यादा शासन करने पर भी पेसा नियमावली क्यों लागू नहीं किया। नियमावली तो दूर की बात है भाजपा ने पेसा पर कुछ किया भी नहीं किया, लेकिन आदिवासी अस्मिता को कमजोर करने का काम भी लगातार किया।

# जिले की सात हजार महिलाओं के काटे जायेंगे नाम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** झारखंड सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना में शुमार मंईयां सम्मान योजना से पश्चिमी सिंहभूम जिला के लगभग 7000 लाभुकों का नाम काटा जाएगा।

इसमें तीन हजार वैसी लाभुक हैं जो सरकारी कर्मी के परिवार, आंगनबाड़ी से जुडे, सरकारी पेंशन से जुडे, पारा शिक्षक के परिवार से जुड़े या अन्य किसी भी योजना के तहत सरकारी लाभ ले रही हैं और गलत दस्तावेज जमा किए हैं।

ऐसे लाभुकों को विभाग के द्वारा चिह्नित करने का कार्य किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में ऐसे लाभुक लगभग तीन हजार के करीब हैं। इसके अलावा लगभग चार हजार वैसी लाभुक हैं जिनका एक अप्रैल 2025 को 50 साल पूरा हो चुका है। उनको भी मंईयां सम्मान योजना के लाभ से नाम हटाया जाएगा।

झारखंड सरकार की ओर से 18 से 50 साल तक की महिलाओं को ही मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। 50 साल से ऊपर की महिलाओं को वृद्धा पेंशन देने की घोषणा सरकार के द्वारा की गई है।

सबसे मजेदार बात यह है कि मंईयां सम्मान योजना से 2500 रुपये प्रत्येक माह सरकार के द्वारा लाभुकों के खाते में भेजा जा रहा है, जबकि 50 साल पूरा करने वाले लाभुकों का नाम मंईयां सम्मान योजना से हटा दिया जा रहा है, वैसे लाभुक फिर से प्रखंड कार्यालय के द्वारा वृद्धा पेंशन के लिए आवेदन करेंगे।

उसके बाद उन्हें एक हजार रुपये वृद्धा पेंशन का लाभ दिया जाएगा। जिले में 2 लाख 48 हजार 644 मंईया सम्मान योजना के लाभुक हैं। इनमें से सात हजार नाम हटने पर 2 लाख 41 हजार के करीब लाभुक रह जायेंगे।

# क्या मिल पायेगा रांची एयरपोर्ट को अंतराष्ट्रीय श्रेणी का दर्जा ?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** नागर विमानन मंत्रालय को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट की आधारभूत संरचनाओं की रिपोर्ट सौंप दी गई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने रिपोर्ट में उन सभी सुविधाओं की जानकारी दी है, जो एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए आवश्यक है। रिपोर्ट में रांची एयरपोर्ट को देश में सुरक्षित और स्मूथ एयर ट्रैफिक सुविधा वाला बताया गया है।

कस्टम्स और इमिग्रेशन विंग शुरू होने के बाद विदेशी विमान उड़ान भर सकेगा। मंत्रालय से रांची एयरपोर्ट को इंटरनेशनल श्रेणी में बहाल करने का आग्रह किया गया है। बता दें कि देश के सभी राज्यों की राजधानी में संचालित होने वाले एयरपोर्ट की आधारभूत संरचना की सूची नागर विमानन मंत्रालय ने मांगी थी।




राजधानी में संचालित ऐसे एयरपोर्ट, जो इंटरनेशनल एयरपोर्ट की श्रेणी में शामिल नहीं हैं, उन पर सुविधा बहाल कर इंटरनेशनल उड़ान शुरू करने की योजना पर मंत्रालय काम कर रहा है। रांची से दुबई और थाइलैंड के लिए इंटरनेशन उड़ान शुरू करने की मांग भी उठ चुकी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जो आधारभूत संरचना चाहिए, वह सभी रांची एयरपोर्ट पर उपलब्ध है।

रांची भारत का पहला टियर-टू हवाई अड्डा है, जिसमें आठ विमान पार्किंग वे हैं। 138 करोड़ की लागत से इंट्रीग्रेटेड टर्मिनल बिल्डिंग संचालित है, जो 19,600 वर्ग मीटर के क्षेत्र को कवर करता है।

एक ही समय में 500 घरेलू और 200 विदेशी यात्रियों को सफलतापूर्वक प्रबंधित कर सकता है। यहां अत्याधुनिक आइएलएस लोकलाइजर एंटीना बनाई है, जिसके सहारे किसी भी मौसम की स्थिति में विमान सटीक और सुरक्षित रूप से उतर सकें। रांची में इंटरनेशन एयरपोर्ट वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

एयरपोर्ट पर वायु प्रदूषण से मुक्त करने के लिए विशेष उपकरण लगे हैं।

इससे ओजोन लेयर को क्षति पहुंचाने वाली गैसों को उत्सर्जन रुकता है। एयरपोर्ट में फ्यूल लीकेज नियंत्रण नहीं के बराबर है। मेनटेनेंस में होने वाले लीकेज भी बंद किए जा रहे हैं।

कस्टम प्रक्रिया में यात्रियों द्वारा ले जाए जा रहे सामान की जांच की जाती है। एजेंसी किसी देश में आने-जाने वाले सामान पर नियंत्रण रखती है। यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी सामान देश में अवैध रूप से नहीं लाया जाए और देश में उत्पादित सामानों की सुरक्षा की जाती है।

इमिग्रेशन एक सरकारी एजेंसी है, जो किसी देश में आने-जाने वाले लोगों पर नियंत्रण रखती है।

एजेंसी की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति बिना उचित दस्तावेज या वीजा के देश में प्रवेश नहीं कर सकता है। इमिग्रेशन प्रक्रिया में पासपोर्ट और वीजा की जांच गहनता से होती है।

कम विजिविलिटी में विमान की लैंडिंग में परेशानी होगी। पर्याप्त जमीन नहीं मिलने की वजह से पहले एयरपोर्ट पर 18 करोड़ का कैट-टू लाइट नहीं लग सका। अतिक्रमण और ऊंची इमारतों की वजह से करीब 2700 मीटर रनवे का ही उपयोग हो पाता है। 900 मीटर रनवे बढ़ाने की योजना है। मगर राज्य सरकार से 303 एकड़ जमीन नहीं मिलने की वजह से एयरपोर्ट में कई निर्माण कार्य अधर में लटक गए हैं।

CMYK



आईपीएल एलिमिनेटर

# गुजरात और मुंबई के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

1**मुल्लांपुर, एजेंसी।** खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करने के बाद लड़खड़ाने वाली शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में शुक्रवार को यहां पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियन्स से भिड़ेगी। एलिमिनेटर में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी जबकि विजेता टीम को दूसरे क्वालीफायर में खेलने का मौका मिलेगा।

खराब शुरुआत के बावजूद मुंबई इंडियन्स की टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही। टाइटंस ने पिछले चार सत्र में तीसरी बार प्ले ऑफ में जगह बनाई है और इस दौरान 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब भी जीता। हालांकि गिल और हार्दिक दोनों को ही काफी कुछ साबित करना है। अगर टाइटंस खिताब जीतता है तो भारत के नव नियुक्त टेस्ट कप्तान गिल की कप्तान के रूप में साख मजबूत होगी। हार्दिक को पिछले साल टीम में वापसी पर हूटिंग का सामना करने के बाद प्रशंसकों का प्यार वापस मिल गया है और आईपीएल ट्रॉफी से वह फ्रेंचाइजी के महान खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह पक्की कर लेंगे। हालांकि दोनों कप्तान को खिताब की तलाश में अपने सामने मौजूद मुद्दों का हल खोजना होगा। टाइटंस की टीम अधिक चिंतित होगी क्योंकि उसने प्लेऑफ से पहले लय गंवा दी है। टीम ने अपने पिछले दो मैच में हार के दौरान विरोधी टीम को 465 रन बनाने दिए और प्ले ऑफ में उसे गेंद से बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

गुजरात के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मोहम्मद सिराज को पावर प्ले में टीम को सफलता दिलानी होगी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान को नई गेंद से संघर्ष करना पड़ा है जिससे टाइटंस की समस्याएं बढ़ गई हैं और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ गया है जो मौजूदा सत्र में 23 विकेट के साथ टीम के लिए तुरुप का पत्ता साबित हुए हैं। तेज गेंदबाजी विभाग की कमजोरियों के अलावा स्पिन ऑलराउंडर राशिद खान की प्रभावहीनता ने गेंदबाजी में टीम की मुसीबतों को और बढ़ा दिया है।

बल्लेबाजी विभाग में शीर्ष तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, गिल और जोस बटलर ने टीम को प्ले ऑफ में जगह दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बटलर लीग चरण के बाद राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए स्वदेश रवाना हो चुके हैं और प्ले ऑफ में टीम को उनकी कमी खलेगी। बटलर के विकल्प के तौर पर टीम ने कुसाल मेंडिस को टीम में शामिल किया है लेकिन देखना होगा कि वह इंग्लैंड के इस स्टार बल्लेबाज की कमी को पूरा कर पाते हैं या नहीं। टाइटंस के मध्यक्रम में मौजूद शाहरूख खान और शेरफेन रदरफोर्ड सबसे अधिक भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं जिससे मुंबई के खिलाफ टाइटंस की राह आसान नहीं होगी।

टाइटंस की तरह मुंबई को भी विदेशी खिलाड़ियों के जाने से नुकसान हुआ है। शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा के साथ रेयान रिकल्टन ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज अब राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ चुका है। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स के साथ भी ऐसा ही है। इंग्लैंड की टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के अलावा रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका को मुंबई ने अपने साथ जोड़ा है। एलिमिनेटर में रोहित के साथ बेयरस्टो पारी का आगाज कर सकते हैं। मध्यक्रम में तिलक वर्मा का खराब प्रदर्शन भी मुंबई के लिए चिंता का सबब है। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी में मुंबई के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वह मौजूदा सत्र में 640 रन बना चुके हैं। अगर वह विफल रहते हैं तो मुंबई की राह बेहद मुश्किल हो जाएगी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई के बल्लेबाज जिस रन गति से रन जोड़ रहे हैं वह भी परेशानी का सबब है और हार्दिक को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे गेंदबाजों की अगुआई में मुंबई के गेंदबाज विरोधी टीम को अधिक परेशान कर रह हैं।

## सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय बाहर



**सिंगापुर, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21 21-16 21-19 से जीत हासिल की। ??अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21 21-18 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक चुकी सिंधू ने दूसरे गेम में अपनी पुरानी फॉर्म दिखाई। उन्होंने 19-12 की बढ़त बनाने के बाद दूसरा गेम 21-18 से जीता। हालांकि तीसरे और निर्णायक गेम में चीन की खिलाड़ी ने अपने दमदार स्मैश और कोर्ट पर बेहतर नियंत्रण बनाते हुए मैच जीत लिया। पहले दौर में कनाडा की वेन यू झेंग के खिलाफ 21-14, 21-9 से जीत दर्ज करने वाली सिंधू दूसरे दौर में इस लय को बरकरार रखने में नाकाम रहीं। पुरुष एकल में भी भारत को निराशा हाथ लगी जब एचएस प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 16-21 14-21 से हारकर बाहर हो गए।

## ऑस्ट्रेलिया ए और साउथ अफ्रीका ए के भारत दौरे का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सितंबर से दिसंबर 2025 तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम, ऑस्ट्रेलिया पुरुष ए टीम और दक्षिण अफ्रीका पुरुष ए टीम के भारत दौरे के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है। इस दौरान कुल 13 मैच विभिन्न प्रारूपों में खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम भारत में तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए आएगी, जो 2025 में होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। यह सीरीज चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेली जाएगी। यह मैदान जिसे चेपक के नाम से भी जाना जाता है, अपनी शानदार पिच के लिए प्रसिद्ध है। यह सीरीज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए एक सुनहरा अवसर होगी, क्योंकि वे विश्व कप से पहले अपनी तैयारियों को परख सकेंगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम, जो विश्व क्रिकेट में अपनी मजबूत स्थिति के लिए जानी जाती है, एक कठिन चुनौती पेश करेगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप-कप्तान स्मृति मंधाना के नेतृत्व में टीम इस सीरीज में अपनी रणनीतियों को और मजबूत करने की कोशिश करेगी।

## टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहते हैं रवींद्र जडेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भले ही कप्तानी के दावेदारों में उनका नाम शामिल नहीं रहा हो लेकिन अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने कहा कि वह एक दिन भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहेंगे चूंकि अपने लंबे कैरियर में अलग अलग कप्तानों के साथ खेलकर वह इस भूमिका को बखूबी समझ गए हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया जबकि ऋषभ पंत उप-कप्तान होंगे। क्या वह भारत के टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं, यह पूछने पर 36 वर्ष के जडेजा ने भारत के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हां, बिल्कुल। इतने सालों में मैने अलग-अलग कप्तानों के साथ खेला है। मुझे हर कप्तान की शैली के बारे में पता है और यह भी समझता हूं कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं और चाहते हैं। भारत के लिए 2012 में पहला टेस्ट खेलने वाले जडेजा ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में तीनों प्रारूपों में पदार्पण किया था और आईपीएल में भी उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेले।



जडेजा ने कहा, 'हर कप्तान की अपनी शैली होती है। मैने हर प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेला है और उनकी सोच बिल्कुल सरल है। अगर उन्हें लगता है कि कोई बल्लेबाज एक ही जगह पर शॉट खेल सकता है तो वहां वह फील्डर जरूर लगाएंगे।

टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के संन्यास के बाद अश्विन ने जडेजा को कप्तान बनाने का समर्थन किया था। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था, 'हम रविंद्र जडेजा को क्यो भूल जाते हैं। अगर नया कप्तान चाहिए तो मैं कहूंगा कि दो साल के लिए किसी अनुभवी को कमान सौंपने के बाद नए व्यक्ति को बागडोर दी जानी चाहिए। जडेजा ने यह भी कहा कि टेस्ट टीम की बजाय टी20 में कप्तानी अधिक कठिन है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में आपको गेंदबाज की जरूरत के मुताबिक दो या तीन फील्डर में बदलाव करना होता है, बल्लेबाज के हिसाब से नहीं। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी अलग है। इसमें ज्यादा माथापच्ची नहीं करनी होती। यह आईपीएल या टी20 की तरह पेचीदा नहीं है, जहां हर गेंद अहम होती है।

## कभी-कभी कमेंटेटर्स एक ही कहानी पर अटक जाते हैं... कमेंट्री पैनल पर भड़के डिविलियर्स



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ के एकाना स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए आईपीएल 2025 के लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस मैच में क्वालिफायर 1 में जगह बनाने के लिए महत्वपूर्ण जीत की जरूरत थी, लेकिन लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत के शानदार शतक की बदौलत 227 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के गेंदबाजों को जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में काफी आलोचना का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने कमेंट्री बॉक्स से की गई नकारात्मक टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज जताया। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कमेंटेटर्स की आलोचना पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, मैंने कल रात कमेंट्री सुनी और मुझे बहुत गुस्सा आया। जब हम गेंदबाजी कर रहे थे, तब कमेंटेटर्स इतने नकारात्मक थे। वे बार-बार कह रहे थे, 'आरसीबी की गेंदबाजी दबाव में है। ऐसा लगता है कि वे इसे संभाल नहीं पाएंगे। एक बार फिर फॉर्म में चल रही टीम अपनी लय खो रही है।' लेकिन क्या आपने यह सोचा कि शायद यह बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी पिच थी? सभी समझदार कमेंटेटर्स से मैं कहना चाहता हूं, क्या आपने इस संभावना पर विचार किया कि यह बल्लेबाजी के लिए शानदार सतह थी? डिविलियर्स ने आगे कहा, वे बार-बार कह रहे थे कि आरसीबी की गेंदबाजी इकाई फिर से खराब फॉर्म में है।

## पाकिस्तान की जीत में चमके हसन अली और सलमान आगा, बांग्लादेश को दी 37 रनों से पटखनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बुधवार को लाहौर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को 37 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हसन अली ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (5/30) और शादाब खान के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सलमान आगा (56 रन, 34 गेंद) और शादाब खान (48 रन, 25 गेंद) की आतिशी पारियों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बांग्लादेश की टीम हसन अली की घातक गेंदबाजी और शादाब के दो विकेटों (2/26) के सामने 164 रनों पर सिमट गई।



पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलमान और फखर जमान पारी शुरू करने उतरे, लेकिन पहले ही ओवर में सलमान आउट हो गए। महेदी हसन ने उन्हें पहली गेंद पर रिटर्न कैच पकड़ा। अगले ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने फखर को इनस्विंगर पर बोल्ड कर दिया। शोरिफुल ने इस विकेट के साथ टी20 में अपने 50 विकेट भी पूरे किए। हालांकि, मोहम्मद हारिस (31 रन, 18 गेंद) ने आक्रामक शुरुआत की और शोरिफुल के एक ओवर में तीन चौके जड़कर दबाव बनाया। कप्तान सलमान ने भी महेदी के खिलाफ तीन चौके लगाए, जिससे पावरप्ले में पाकिस्तान ने 50 रन पार किए। हारिस सातवें ओवर में आउट हुए, लेकिन सलमान ने हसन नवाज़ के साथ मिलकर पारी को संभाला। किस खिलाड़ी की वजह से गिल बने भारतीय टेस्ट कप्तान और कैसी है इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया, सुनील गावस्कर ने बताया

सलमान ने तंजीम हसन और रिशाद हुसैन के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने स्कूप शॉट्स और लेट कट्स के साथ अपनी बल्लेबाजी का जौहर दिखाया। नवाज़, जो हाल ही में पीएसएल 2025 में अपने प्रदर्शन से चर्चा में थे, ने रिशाद के खिलाफ पहला छक्का जड़ा। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी की। सलमान ने तंजीम को छक्का और चौका लगाया, जबकि नवाज ने रिशाद और हसन महमूद के खिलाफ दो छक्के जड़े। सलमान 56 रन बनाकर हसन महमूद की गेंद पर आउट हुए, जबकि नवाज़ ने 44 रन (22 गेंद) की तूफानी पारी खेली।

### शादाब ने डेथ ओवर्स में मचाया धमाल

नवाज़ के आउट होने के बाद पाकिस्तान 18 गेंदों तक बाउंड्री नहीं लगा सका। शमीम हुसैन ने अपनी ऑफब्रेक गेंदों से खुशदिल शाह को आउट कर दबाव बनाया। लेकिन शादाब खान ने 18वें ओवर में रिशाद के खिलाफ 6, 6, 4 का ताबड़तोड़ सिलसिला शुरू किया। फहीम अशरफ ने भी शमीम को छक्का जड़ा, और शादाब ने अंतिम ओवर में शोरिफुल के खिलाफ दो चौके लगाकर पाकिस्तान को 200 के पार पहुंचाया।

## धक्का दिया, हेलमेट खींचा... मैदान पर लड़ बैठे बांग्लादेश-साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका की इमर्जिंग टीमों के बीच ढाका में चार दिवसीय मुकाबले के दौरान जो कुछ मैदान पर हुआ, उसने जेंटलमैन गेम्स को शर्म कर दिया. इस मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच ततनाव इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई. बांग्लादेश के गेंदबाज और साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर मामला एक दूसरे पर हाथ उठाने तक पहुंच गया. इसी बीच अंपायर्स ने खिलाड़ियों को अलग भी किया. लेकिन इसके बावजूद दोनों में कहासुनी होती रही.

यह विवाद बांग्लादेश के 22 वर्षीय बल्लेबाज रिपोन मंडल और साउथ अफ्रीका के 29 वर्षीय गेंदबाज शेपो एंतुली के बीच हुआ. दोनों के बीच कहासुनी हुई और फिर दोनों एक-दूसरे से भिड़ गए. फिलहाल इस बारे में कोई ऑफिशियल एक्शन नहीं हुआ है. अंपायर जल्द ही इस पर अपनी रिपोर्ट सौंप सकते हैं.

यह घटना तब हुई जब रिपोन ने एंतुली की गेंद पर सीधा छक्का लगाया. इसके बाद जब वह अपने साथी बल्लेबाज मेहदी हसन की ओर जा रहे थे, तो उनकी नजर एंतुली से मिली. तभी एंतुली गुस्से में उनकी ओर दौड़ पड़े. दो खिलाड़ियों ने पहले एक-दूसरे को धकेला, फिर एंतुली ने रिपन का हेलमेट खींचा.

अंपायर बीच में आने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन एंतुली ने फिर से हेलमेट खींचा, जिसके बाद अंपायर उन्हें अलग करने में सफल हुए. आसपास खड़े साउथ अफ्रीका इमर्जिंग टीम के खिलाड़ी भी एंतुली को नहीं रोक पाए, और उनमें से कुछ रिपन की तरफ बढ़ते भी दिखे, पर तब तक रिपन ने अपना हेलमेट उतार लिया था.







### टीवी कमेंटेटरों का भी आया रिएक्शन

इस झड़प पर टीवी कमेंटेटरों ने भी रिएक्शन दिया. ऑन-एयर कमेंटेटर नाबिल काइजर ने कहा- यह तो बहुत ज्यादा हो गया, यह अस्वीकार्य है. आमतौर पर क्रिकेट के मैदान पर हम केवल जुबानी बहस देखते हैं, लेकिन इस तरह की झड़प कम ही देखने को मिलती है. एंतुली ने एक समय रिपन के हेलमेट पर भी वार किया था.

मैच रेफरी इस घटना की रिपोर्ट दोनों (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड) और(क्रिकेट साउथ अफ्रीका) को सौंपेंगे, जो इस मामले में कार्रवाई करेंगे, खासकर क्योंकि यह दौरे का अंतिम मैच है. यह चार दिन का मैच साउथ अफ्रीका इमर्जिंग टीम का दौरे का दूसरा और अंतिम मैच है. उन्होंने वनडे सीरीज 2-1 से हारी थी, जबकि पहले चार दिन का मैच चटगांव में ड्रॉ पर खत्म हुआ था.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में बकरी पर हो गया बड़ा बवाल, देर रात भिड़ गए हिंदू-मुस्लिम; तनाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के खजूरी इलाके में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया है। यहां बकरी बांधने को लेकर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग भिड़ गए। दोनों पक्षों में मारपीट के बाद इलाके में भारी फोर्स की तैनाती की गई है। पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने इलाके को अपने नियंत्रण में ले लिया है।

दिल्ली के खजूरी एफ ब्लॉक में 30 फुटा रोड पर बीती रात दो पक्षों में झगड़ा हो गया। विवाद घर के सामने बकरी बांधने को लेकर शुरू हुआ था। आरोप है कि हिंदू समुदाय के मनोज धामा के घर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिसमें उनकी पत्नी को भी मामूली चोटें आई हैं।

हिंदू पक्ष का आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने जानबूझकर उनके घर के सामने बकरे बांध दिए थे। गुरुवार दिन में मना करने पर आरोपी गाली गलौज करने लगे लेकिन बाद में मामला शांत हो गया और लोग चले गए। लेकिन रात को आरोपियों ने हमला बोल दिया। हमले मे दो लोगों को चोटें आई हैं। बाद में दूसरे पक्ष के लोग भी एकत्रित हो गए तो हमलावर भाग गए।

### 4 को रौंदा फिर झुग्गी में घुसा दी कार, दिल्ली में 19 साल के लड़के ने कर दिया कांड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के जनकपुरी में आज तड़के एक तेज रफ्तार कार ने दो लोगों की जान ले ली। कार की गति इतनी तेज थी कि वह टक्कर के बाद सीधे पास में बनी झुग्गी में घुस गई। कार 19 साल का लड़का चला रहा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, घटना सुबह 3ः30 की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार,पहले तेज रफ्तार कार ने एक साइकिल सवार को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे बनी झुग्गी में जा घुसी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस को जनकपुरी थाने में सुबह करीब 3ः30 बजे दुर्घटना की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया। घायल हुए दो लोग अभी भी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं। मृतकों और घायलों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार,शुरुआती जांच में सामने आया है कि कार एक 19 साल का युवक चला रहा था। तेज रफ्तार गाड़ी ने पहले एक साइकिल को टक्कर मारी और फिर सड़क किनारे बनी झुग्गी में घुस गई।

### भीड़ के हिसाब से बसों का रूट बताएगा एआई, डीटीसी यात्रियों के लिए रहा नया तकनीक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) बसों के बेहतर संचालन और सेवा सुधारों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) तकनीकी का इस्तेमाल करेगा। विभाग ने इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) की निविदा जारी करके अपने प्रस्ताव के साथ आगे आने की अपील की है। डीटीसी एआई के जरिये डिजिटल टिकटिंग को प्रभावी बनाने, बसों के फ्रीक्वेंसी बेहतर करने, रूट पर यात्रियों की संख्या के हिसाब से बसों को उपलब्ध कराने जैसे काम करेगा।

# डीपीएस द्वारका से निकाले गए छात्रों को दिल्ली हाई कोर्ट ने दी राहत, लेकिन करना होगा एक काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने डीपीएस,द्वारका से हाल ही में बढ़ी हुई स्कूल फीस न चुकाने के कारण निकाले गए छात्रों को अपनी कक्षाओं में वापस लौटने की इजाजत दे दी है। इसके लिए छात्रों के माता-पिता को बढ़ी हुई स्कूल फीस का 50 प्रतिशत जमा करना होगा। कोर्ट ने साफ किया कि 50 प्रतिशत की यह छूट केवल बढ़ी हुई फीस वाले हिस्से पर है और आधारभूत फीस पूरी तरह से चुकानी होगी।



जस्टिस विकास महाजन ने एक अंतरिम आदेश पारित करते हुए कहा कि यह व्यवस्था तब तक जारी रहेगी जब तक शिक्षा विभाग यह तय नहीं कर लेता कि फीस बढ़ोतरी सही है या नहीं और फीस बढ़ोतरी के मुद्दे पर दायर मामले का निपटारा नहीं हो जाता। कोर्ट ने कहा,यह निर्देश दिया जाता है कि याचिकाकर्ताओं के बच्चों को मौजूदा याचिका के लंबित रहने तक अपनी संबंधित कक्षाओं में पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाएगी,बशर्ते माता-पिता शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से आगे के लिए बढ़ी हुई स्कूल फीस का 50त्न जमा करें। अभिभावक बढ़ी हुई फीस का भुगतान नहीं कर पाए थे। छात्रों के माता-पिता ने मौजूदा शैक्षणिक वर्ष के लिए प्रस्तावित फीस वृद्धि और स्कूल द्वारा शिक्षा विभाग के आदेशों का पालन न करने पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि बढ़ी हुई फीस का भुगतान न करने पर छात्रों को स्कूल में प्रवेश करने से रोकने के लिए स्कूल के बाहर बाउंसर लगाए गए थे। उन्होंने तर्क दिया कि ये फैसले हाई कोर्ट के पहले के आदेश के विपरीत थे,जिसमें छात्रों के हितों की रक्षा की गई थी। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा विभाग के आदेशों की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए, डीपीएस ने अभी तक उनसे वसूली गई अतिरिक्त और अनाधिकृत फीस वापस नहीं की है। इसके अलावा,यह आरोप लगाया गया है कि स्कूल बढ़ी हुई फीस की मांग करके,छात्रों के नाम स्कूल से काट कर और बढ़ी हुई फीस का भुगतान न करने वाले छात्रों को कक्षाओं में बैठने की अनुमति न देकर,छात्रों और उनके माता-पिता को परेशान कर रहा है। 16 मई के एक आदेश में,कोर्ट ने कहा था कि बढ़ी हुई फीस का भुगतान न करने के आधार पर छात्रों के साथ भेदभाव और उन्हें परेशान करना स्वीकार्य नहीं है। फिर भी, कोर्ट ने टिप्पणी की कि डीपीएस पर स्कूल फीस बढ़ाने पर कोई रोक नहीं है,बशर्ते उसे शिक्षा विभाग की मंजूरी मिल जाए।

कोर्ट ने कहा,जब तक शिक्षा विभाग स्कूल के वित्तीय विवरणों की समीक्षा नहीं करता और अपनी जांच के आधार पर,लाभखोरी और शिक्षा के व्यवसायीकरण के पैमाने पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 से आगे के लिए फीस वृद्धि के प्रावधान को खारिज नहीं कर देता,तब तक ऊपर बताए गए कानून के अनुसार ऐसी फीस वृद्धि पर कोई रोक नहीं है। इसलिए, कोर्ट ने कहा है कि माता-पिता को तब तक फीस (बढ़ी हुई फीस का 50 प्रतिशत) का भुगतान करना होगा जब तक कि शिक्षा विभाग इस मामले पर कोई निर्णय नहीं ले लेता और वर्तमान रिट याचिका के अंतिम परिणाम के अधीन।

कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि छात्रों की बकाया राशि की गणना वर्ष 2023-2024 के लिए एकत्र की गई अतिरिक्त फीस को समायोजित करने के बाद की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को है। माता-पिता की ओर से वकील मनीष गुप्ता,संदीप गुप्ता,दीप्ति वर्मा,ऋषभ राय और यशराज पेश हुए। डीपीएस द्वारका की ओर से वरिष्ठ वकील पिनाकी मिश्रा और पुनीत मित्तल के साथ वकील भुवन गुगनानी,साक्षी मेंदिरत्ता,समीर वत्स,अभिषुमत गुप्ता,रूपेंद्र शर्मा और नूपुर मंटू पेश हुए। शिक्षा विभाग की ओर से स्थायी वकील समीर वशिष्ठ पेश हुए।

## चेहरे से बड़े होंठ, खाना-पीना था मुश्किल, दिल्ली एम्स ने बच्चे को दी नई जिंदगी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोचिए अगर किसी दुर्लभ बीमारी की वजह से किसी के होंठ इतने बड़े हो जाएं कि वह न तो खा सके और न ही सामने ठीक से देख सके तो कैसा लगेगा। एम्स के डॉक्टरों ने बिहार एक बच्चे को इस बीमारी से बचाने में सफलता हासिल की है। सालभर तक बीमारी को समझने और इलाज के बाद अब बच्चे के होंठों की सूजन काफी कम हो गई है। बिहार के एक गांव में जन्मे दो साल के मासूम अर्पित (बदला नाम) की कहानी किसी हीरो से कम नहीं है।

सब कुछ ठीक चल रहा था,लेकिन तभी उसके होठ पर हल्की सी सूजन आई। घरवालों ने सोचा,शायद मच्छर ने काटा होगा,कुछ दिन में ठीक हो जाएगी। वक्त के साथ सूजन बढ़ती गई। एक साल में सूजन उसके पूरे होंठ और मुंह के चारों ओर फैल गई।

हालत इतनी खराब हो गई कि बच्चा खाना तक नहीं खा पा रहा था। केवल दूध या पानी से उसका पेट भरता था। उसके होंठों का आकर इतना बढ़ गया था कि वह आंखों के सामने होंठ आने की वजह से ठीक से देख भी नहीं पाता था।

### एक साल चला उपचार

एम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर गगनदीप के नेतृत्व में जांच हुई। सैंपल लिए गए और फिर सामने आया एक दुर्लभ फंगल इंफेक्शन बेसिडियोबोलोमाइकोसिस। ये बीमारी आमतौर पर शरीर के कमर और जांघ जैसे हिस्सों में होती है, लेकिन इस बच्चे के चेहरे पर हमला कर चुकी थी। बच्चे का एक साल तक उपचार चला। इस दौरान डॉक्टर लगातार उसकी निगरानी करते रहे। इलाज के बाद बच्चे के होंठों की सूजन काफी हद तक कम हो गई। अब वो धीरे-धीरे बोलने और मुस्कुराने लगा है।

### डॉक्टर भी रह गए थे हैरान

जब बच्चे को दिल्ली के एम्स लाया गया तो डॉक्टर भी हैरान रह गए। उसके होंठों का आकार लगभग 10 सेंटीमीटर लंबा और 9 सेंटीमीटर चौड़ा हो गया था। यानि एक बड़ी बॉल जितना, जबकि आमतौर पर एक बच्चे के होंठ सिर्फ 2-4 सेंटीमीटर के होते हैं। ये इतनी बुरी तरह सूज गए थे कि उनका आकार चार गुना से भी ज्यादा हो गया था।

## बेटे से थी रंजिश, पिता को गोलियों से भून डाला, दिल्ली में खौफनाक खूनी खेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कादी विहार इलाके में बदमाशों ने बुधवार शाम को घर में घुसकर दंपति पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में पति की मौके पर मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वरूप नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावर की तलाश छापेमारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय अशोक अपनी पत्नी रचना और दो बच्चों के साथ कादी विहार इलाके में रहते थे। अशोक पेशे से ड्राइवर थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अशोक के बेटे संदीप का झगड़ा इलाके के गोलू से चल रहा था। अशोक और रचना अपनी बेटी नेहा के साथ बुधवार शाम को घर पर थे। रचना दरवाजे पर दीया जला कर घर के अंदर जा रही थी। तभी गोलू अपने दोस्त के साथ घर में घुस गया। उसने अशोक और रचना पर अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। नेहा के सिर के उपर से गोली गुजर गई। वारदात के बाद हमलावर फरार हो गए। इस अचानक हुई फायरिंग से इलाके में भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को बुराड़ी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया,जहां अशोक को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, रचना की हालत गंभीर होने की वजह से एलएनजेपी रेफर कर दिया गया है। जांच से जुड़े वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलू अपने साथी के साथ सोनीपत की तरफ भागा है। उसका मोबाइल कोंडली के पास बंद हुआ है। फिलहाल पुलिस की एक टीम हमलावर की तलाश में भेजी गई है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही है। फिलहाल मौके पर डीसीपी निधिन वाल्सन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी पहुंच गए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्राइम और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। स्थानीय पुलिस टीम इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज आदि को देखकर जब्त करने में जुटी है।

### दिल्ली में 6 महीने में पकड़े गए 770 बांग्लादेशी

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में लगातार अवैध बांग्लादेशियों की धरपकड़ जारी है। इस बीच एक ताजा रिपोर्ट बताती है कि देश की राजधानी में पिछले 6 महीने में रिकॉर्ड 770 बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट किया गया है। खास बात यह है पहलगाम हमले के बाद एक महीने के अंदर अकेले 470 की अवैध बांग्लादेशियों के रूप में पहचान की गई है। 50 अन्य को ऐसे विदेशी के रूप में पहचाना गया है जो वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रह रहे थे। इन सभी को हिंडन एयरबेस से अगरतला (त्रिपुरा) एयरलिफ्ट किया गया और फिर सड़क मार्ग से बांग्लादेश भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल के अंत में उन्हें अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों और रोहिंग्याओं की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के लिए एक सत्यापन अभियान चलाने का निर्देश दिया था। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 15 नवंबर 2024 से 20 अप्रैल 2025 के बीच दिल्ली पुलिस ने लगभग 220 अवैध प्रवासियों और 30 ऐसे विदेशियों को पकड़ा था जो तय अवधि से ज्यादा समय से भारत में रह रहे थे। इन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय को सौंप दिया गया था।

### 15 दिन में तोड़ दिया जाएगा; दिल्ली में बुलडोजर ऐक्शन की चेतावनी, सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी के जामिया नगर में कथित अवैध संपत्तियों को ध्वस्त करने के प्रस्ताव के खिलाफ दायर याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शुरू में वकील से कहा कि वह नगर निगम अधिकारियों की ओर से जारी किए गए ध्वस्तीकरण नोटिस के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, उच्च न्यायालय जाएं। वकील ने कहा कि इस अदालत का एक आदेश है कि 15 दिन पहले नोटिस देना आवश्यक होता है। वकील ने कहा, लेकिन नोटिस चिपका दिया गया है, जिसपर लिखा है कि हमें संपत्तियां खाली करनी हैं। नोटिस 26 मई को चिपकाया गया। उन्होंने कहा कि कोई सुनवाई नहीं हुई। वकील ने कहा, अगर सुनवाई हो तो हमें कुछ सहारा मिल सकता है। इसके बाद पीठ ने याचिका को अगले सप्ताह सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। हाल ही में अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की भूमि पर अतिक्रमण का हवाला देते हुए दिल्ली के ओखला के जामिया नगर इलाके में कई घरों को ध्वस्त करने के नोटिस जारी किए हैं।

## कनाडा में बेकाबू हुई जंगल की आग, आपातकाल लागू, सेना बुलाई गई



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के एक राज्य मैनिटोबा के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो गई है। आग के चलते हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। स्थानीय प्रशासन ने हालात को देखते हुए आपातकाल लागू कर दिया है। साथ ही सेना बुलाई गई है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी सेना भेजने की अनुमति दे दी है। मैनिटोबा के प्रीमियर वैब किन्यू ने बताया कि राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा निकासी अभियान चलाया जा रहा है। आग के चलते 17 हजार के करीब लोगों को पलायन करना पड़ा है।

**5000 लोगों को शहर छोड़ने का आदेश:** किन्यू ने बताया कि सेना को मदद के लिए बुलाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मैनिटोबा के फ्लिन फ्लोन शहर के जंगलों में लगी आग बेहद खतरनाक हो गई है, जिसके चलते शहर के करीब 5000 लोगों को शहर छोड़ने का निर्देश दिया गया। शहर के मेयर ने बताया कि आग इतनी तेजी से धधक रही है कि सभी लोगों को आधी रात तक शहर छोड़ने का आदेश दिया गया है। मैनिटोबा के सस्केचेवान इलाके में भी भीषण आग लगी है, जो तेजी से बढ़ रही है। आग के चलते सस्केचेवान में 1200 लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

**मैनिटोबा में आग लगने की घटनाएं बढ़ीं:** मैनिटोबा के जंगलों में 22 जगह आग लगी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पूरे कनाडा से अग्निशमन विभाग के लोग आग से लड़ने में मदद कर रहे हैं। रविवार को एक अग्निशामक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस साल अब तक, मैनिटोबा में 102 बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके बारे में अधिकारियों का कहना है कि यह औसत से काफी ज्यादा है। कनाडा में जंगल में आग लगने का मौसम मई से सितंबर तक चलता है। इससे पहले साल 2023 में सबसे भीषण आग लगी थी, जिसके चलते महीनों तक उत्तरी अमेरिका के अधिकांश हिस्से खतरनाक धुएं की चपेट में रहे थे।

## पाकिस्तान में 7 करोड़ लोगों ने सेना व सरकार के खिलाफ उठाई आवाज, कहा- भारत ही दिला सकता इंसाफ

**लंदन, एजेंसी।** पाकिस्तान में मुहाजिर समुदाय पर हो रहे अत्याचारों को लेकर मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट के निर्वासित नेता अल्ताफ हुसैन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुहाजिरों की दशकों से हो रही उपेक्षा और दमन को अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाना चाहिए। मुहाजिर वे लोग हैं जो 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान भारत से पाकिस्तान गए थे, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली और हैदराबाद से। इनका बसाव मुख्यतः कराची, हैदराबाद (सिंध), और लाहौर जैसे शहरों में हुआ। परंतु दशकों बाद भी इन्हें न तो पूरी सामाजिक मान्यता मिली और न ही स्थायी राजनीतिक अधिकार। लंदन से एक लाइव प्रसारण में, अल्ताफ हुसैन ने कहाः मुहाजिरों को पाकिस्तान में मौलिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। वे निहत्थे हैं और अत्यंत दयनीय परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। पिछले 61 वर्षों से वे आर्थिक तंगी और शारीरिक उत्पीड़न के चक्र में फंसे हुए हैं। उनकी दुर्दशा अब और नजरअंदाज नहीं की जा सकती। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की कि वे मुहाजिरों के संघर्ष को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करें और वैश्विक मानवाधिकार संगठनों के साथ मिलकर उनकी सुरक्षा, गरिमा और मौलिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करें। स्त्तरू का दावा है कि पाकिस्तान की सेना, विशेष रूप से सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व में, मुहाजिर समुदाय के खिलाफ सुनियोजित अभियान चला रही है। पार्टी का कहना है कि सेना के इशारे पर उनके कार्यकर्ताओं को उठाया जा रहा है।



## मोहम्मद यूनुस के खिलाफ ढाका की सड़कों पर हजारों लोगों का हुजूम उमड़ा

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार चला रहे मोहम्मद यूनुस के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। बुधवार को ढाका की सड़कों पर हजारों लोगों को हुजूम उमड़ा और फासीवाद खत्म करो के नारे लगते रहे। बांग्लादेश की पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी के लोगों ने यह आंदोलन किया, जिसमें देश भर से हजारों लोगों की भीड़ जुटी। राजधानी के सभी मुख्य मार्ग पूरी तरह जाम दिखे तो वहीं आंदोलन के चलते पूरा कामकाज भी थम गया। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की रैली में जल्दी ही आम चुनाव कराने की मांग की गई। इन लोगों की मांग थी कि इस साल के अंत तक ही चुनाव हो जाने चाहिए।

वहीं मोहम्मद यूनुस कई बार दोहरा चुके हैं कि इस साल के अंत तक चुनाव कराना मुश्किल होगा। उनका कहना है कि जून 2026 तक चुनाव कराए जा सकते हैं। लेकिन बीएनपी समेत कई दलों का कहना है कि चुनाव पहले ही हो जाने चाहिए। बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकार-उज-जमां की भी यही राय है कि इसी साल के अंत तक इलेक्शन करा लिए जाएं। साफ है कि यदि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने चुनाव जल्दी ही कराने का फैसला नहीं लिया तो फिर बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता का दौर देखने को मिल सकता है। बीते साल शेख हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद से ही मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार चला रहे हैं।

अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों के लिए नोबेल पाने वाले यूनुस सत्ता में अब तक नाकाम ही दिखे हैं। उन पर कट्टरपंथी तत्वों को मजबूत करने के आरोप भी लगते रहे हैं। बुधवार की रैली को बीएनपी के मुखिया तारिक रहमान ने लंदन से ही वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चुनावों में देरी नहीं होनी चाहिए। इन चुनावों को साल के अंत तक ही करा लिया जाए। इस मांग को मोहम्मद यूनुस कई बार खारिज कर चुके हैं। उनका लगातार कहना है कि जून 2026 तक इलेक्शन हो पाएंगे। इस रैली को संबोधित करते हुए बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की स्टैंडिंग कमेटी के मेंबर मिर्जा अब्बास ने कहा कि यह अंतरिम सरकार ऊपर से नीचे तक सड़ी हुई है।

### बीएनपी लीडर बोले- यह सरकार तो शेख हसीना से भी बुरी है

यही नहीं आरोप यहां तक लगाया गया कि शेख हसीना सरकार से भी ज्यादा बदहाली अंतरिम सरकार के दौर में है। बता दें कि बीते साल जुलाई में शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन हुआ था। छात्रों के प्रदर्शन हिंसक हो गए थे और फिर शेख हसीना को देश ही छोड़कर भारत आना पड़ा। तब से ही मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार सत्ता संभाल रही है।

